3 राजधानी
आईएसआई एजेंट गिरफ्तार

6 अभिमत
अतिवादियों पर लगाम लगाए कनाडा

10 विदेश
अजरबैजान में विस्फोट में 20 लोगों की मौत

12 स्पोर्ट्स
ऑस्ट्रेलिया का सफाया करने उतरेगा भारत

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 13 अंक 334
लखनऊ, बुधवार, 27 सितंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



हिंद-प्रशांत क्षेत्र की जटिलताएं दूर करने को सामूहिक प्रयास जरूरी

राष्ट्रीय-11

# लड़कियों के लिए भविष्य के नए दरवाजे खोलना सरकार की नीतिः प्रधानमंत्री

भाषा। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि नए संसद भवन में महिला आरक्षण विधेयक के पारित होने से देश के नए भविष्य की शुरुआत हुई है। उन्होंने जोर दिया कि लड़कियों के लिए भविष्य के नए दरवाजे खोलना उनकी सरकार की नीति है। मोदी ने विभिन्न सरकारी विभागों में 51,000 से अधिक नवनियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से एक रोजगार मेले को संबोधित करते हुए शासन में प्रौद्योगिकी के बढ़ते उपयोग पर भी जोर दिया। उन्होंने नवनियुक्त कर्मचारियों से कहा कि सरकारी योजनाओं में प्रौद्योगिकी के उपयोग से भ्रष्टाचार और जटिलताओं पर अंकुश लगा है तथा विश्वसनीयता और सुविधा में इजाफा हुआ है। प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी), ट्रेन टिकट की बुकिंग और डिजिटल लॉकर सहित मिल रहीं अन्य सुविधाओं का हवाला देते हुए उन्होंने नवनियुक्त कर्मियों को नागरिक-प्रथम की भावना से काम करने की सलाह दी। उन्होंने युवाओं से शासन में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए कहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार निरंतर निगरानी, मिशन मोड कार्यान्वयन और सरकारी योजनाओं में जन भागीदारी के आधार पर एक नई मानसिकता के साथ काम कर रही है और इसका उद्देश्य योजनाओं का 100 प्रतिशत क्रियान्वयन है। उन्होंने कहा कि यह देश के लिए ऐतिहासिक फैसलों और उपलब्धियों का समय है और हाल में संसद द्वारा पारित महिला आरक्षण विधेयक से देश की 50 प्रतिशत आबादी को काफी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि 30 साल से लंबित यह मुद्दा लोकसभा और राज्यसभा दोनों में रिकॉर्ड मतों से पारित हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज जिन युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया है उनमें कई ऐसे भी होंगे जिनका जन्म भी नहीं हुआ होगा जब इस विधेयक को पहली बार पेश किया गया था। उन्होंने कहा कि नए भारत के सपने बड़े हैं और अंतरिक्ष से लेकर खेलों तक लड़कियों की मौजूदगी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि उन्हें अब सशस्त्र बलों में शामिल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में महिलाओं की उपस्थिति से हमेशा हर क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आया है। देश के अगले कुछ वर्षों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाने का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों को इस प्रक्रिया में बहुत योगदान देना होगा। मोदी ने उनकी अध्यक्षता में हुई प्रगति बैठकों का उदाहरण देते हुए कहा कि देश भर में परियोजनाओं की लगातार निगरानी की जा रही है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि और उत्पादन तथा निर्यात में उछाल के बारे में उन्होंने कहा कि आधुनिक बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व निवेश किया जा रहा है और नवीकरणीय ऊर्जा, जैविक खेती, रक्षा तथा पर्यटन जैसे क्षेत्र नई जीवंतता दिखा रहे हैं।

## विपक्ष ने मजबूरी में महिला आरक्षण विधेयक का समर्थन कियाः मोदी

भाषा। अहमदाबाद

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि जिन्होंने लोकसभा और राज्य विधानसभा में महिलाओं के लिए सीटों को आरक्षित करने से संबंधित विधेयक को दस वर्ष तक लंबित रखा, उन्होंने नारी शक्ति के डर से इसके पक्ष में मतदान किया। गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद हवाई अड्डे पर महिलाओं के एक बड़े समूह को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ दलों ने सवाल उठाकर इस विधेयक का विरोध करना चाहा, लेकिन वे संसद में इसके पक्ष में मतदान करने के लिए मजबूर थे। मोदी ने कहा, जिन्होंने दशकों तक




महिला आरक्षण विधेयक को लंबित रखा, उन्हें मजबूरी में संसद के भीतर इसका समर्थन करना पड़ा, क्योंकि वे आपसे (महिलाओं से) डरते थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद इतने वर्षों तक भारत की महिलाओं के साथ अन्याय हुआ, क्योंकि विधायिकाओं में आरक्षण के अभाव में उनके हाथ-पैर बंधे हुए थे। मोदी ने कहा, हम आधी आबादी की भागीदारी के बिना विकास का लक्ष्य नहीं प्राप्त कर सकते। पूर्व में ऐसा विधेयक नहीं लाने के लिए राजनीतिक बहाने बनाए जाते थे या फिर पिछली सरकारें कहती थीं कि सब कुछ हासिल करने योग्य नहीं है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि भाजपा ने संसद के दोनों सदनों में विधेयक पारित कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र का आभार जताने को हवाई अड्डे पर अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें हजारों महिलाएं शामिल हुई।

# आतंक से निपटने में सियासी लाभ देखना गलतः जयशंकर

● संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत के विदेश मंत्री ने कनाडा और चीन को दिया सख्त संदेश

● कहा, अब वे दिन खत्म हो गए जब कुछ देश एजेंडा तय करते थे



संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**भारत** ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों से आतंकवाद, चरमपंथ और हिंसा पर अपनी प्रतिक्रिया तय करने में राजनीतिक सहूलियत को आड़े नहीं आने देने का आह्वान किया। यह बयान एक खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या को लेकर जारी कूटनीतिक गतिरोध के बीच कनाडा पर परोक्ष प्रहार प्रतीत होता है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यहां संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि क्षेत्रीय अखंडता के प्रति सम्मान तथा अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप की कवायद चुनिंदा तरीके से नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि वे दिन बीत गए जब कुछ राष्ट्र एजेंडा तय करते थे और उम्मीद करते थे कि दूसरे भी उनकी बातें मान लें। विदेश मंत्री ने कहा, हमें टीका भेदभाव जैस अन्याय फिर नहीं होने देना चाहिए। जलवायु कार्वाई भी ऐतिहासिक जिम्मेदारियों से मुंह फेरकर जारी नहीं रह सकती है। खाद्य एवं ऊर्जा को जरूरतमंदों के हाथों से निकालकर धनवान लोगों तक पहुंचाने के लिए बाजार की ताकत का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, न ही हमें ऐसा करना चाहिए कि राजनीतिक सहूलियत आतंकवाद, चरमपंथ और हिंसा पर प्रतिक्रया तय करे। क्षेत्रीय अखंडता के प्रति सम्मान तथा अंदरूनी मामलों में गैर हस्तक्षेप की कवायद चुनिंदा तरीके से नहीं की जा सकती। उनका इशारा परोक्ष रूप से अमेरिका की ओर था जिसने सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद कथित रूप से कनाडा को खुफिया सूचना उपलब्ध कराई थी। राजनीतिक सहूलियत संबंधी जयशंकर की टिप्पणी कनाडा के संदर्भ में प्रतीत होती है जिसके प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने हाल में अपने देश में एक खालिस्तानी चरमपंथी नेता की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता का आरोप लगाया था।

भारत ने उनके बयान को बकवास एवं राजनीति से प्रेरित करार दिया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदर बागची ने पिछले सप्ताह कहा था, उन्होंने (कनाडाइयों ने) आरोप लगाए हैं। हमारे लिए ऐसा जान पड़ता है कि कनाडा सरकार के ए आरोप प्राथमिक तौर पर राजनीति से प्रेरित हैं। कनाडा में 770,000 सिख जनसंख्या है जो देश की कुल जनसंख्या का दो प्रतिशत है। वहां सिख एक अहम वोटबैंक समझे जाते हैं। जयशंकर ने अपने संबोधन में कहा, हमारी चर्चाओं में, हम अक्सर नियम आधारित व्यवस्था को बढ़ावा देने की वकालत करते हैं। समय-समय पर संयुक्त राष्ट्र चार्टर के प्रति सम्मान की भी बात भी उठाई जाती है। लेकिन इन सभी चर्चाओं के लिए, अब भी कुछ देश हैं जो एजेंडा तय करते हैं और नियमों को परिभाषित करते हैं। यह अनिश्चितकाल तक नहीं चल सकता। ऐसा भी नहीं है कि इसे चुनौती नहीं दी जा सकती है। जयशंकर ने कहा, एक बार हम सभी अपना दिमाग इस पर लगाएं तो निश्चित ही निष्पक्ष, समान एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था उभरकर सामने आएगी। उन्होंने कहा, जब हम सामूहिक प्रयास को प्रोत्साहित करते हैं , तब भारत विविध साझेदारों के साथ सहयोग को बढ़ावा देने का प्रयास करता है। गुटनिरपेक्ष के दौर से आगे बढ़कर हमने विश्वमित्र की अवधारणा विकसित की है। यह विविध प्रकार के देशों के साथ संवाद एवं साझेदारी करने के हमारे सामर्थ्य एवं इच्छा में झलकती है।

वह क्वाड और ब्रिक्स जैसे संगठनों के तेजी से विकास का जिक्र करते हुए यह बात कही। जयशंकर ने कहा, सभी देश अपने राष्ट्रहित को आगे बढ़ाते हैं। भारत में हमे वह वैश्विक भलाई के विरूद्ध नजर नहीं आया। जब हम अग्रणी ताकत बनने की आकांक्षा लेकर बढ़ते हैं तो यह आत्म-अभ्युदय नहीं बल्कि अधिक जिम्मेदारी लेना एवं योगदान करना होता है। जयशंकर ने कहा कि दुनिया उथल-पुथल के असाधारण दौर से गुजर रही है। उन्होंने कहा कि यही असाधारण जिम्मेदारी का ही भाव है कि भारत ने जी20 की अध्यक्षता संभाली।

# भारत की घुड़सवारी टीम ने रचा इतिहास, जीता स्वर्ण पदक

**एशियाई खेल**

● ड्रेसेज टीम के सुपीप्ति हजेला, दिव्यकृति सिंह, विपुल हृदय छेडा व अनुश अग्रवाल ने बढ़ाया देश का मान

● पाल नौकायन में भी रजत और कांस्य

भाषा। हांगझोउ



हांगझोउ एशियाई खेलों में मंगलवार को स्वर्ण पदक के साथ भारतीय घुड़सवारी टीम

**भारत** की ड्रेसेज टीम ने मंगलवार को यहां एशियाई खेलों में अपना पहला स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा जबकि पाल नौकायन (सेलिंग) में नेहा ठाकुर रजत और इबाद अली कांस्य पदक जीतने में सफल रहे। निशानेबाजी में भारत के दिव्यांश पंवार और रमिता जिंदल की जोड़ी हालांकि दस मीटर एयर राइफल मिश्रित स्पर्धा में मामूली अंतर से कांस्य पदक से चूक गई जबकि जूडो में तुलिका मान को भी कांस्य पदक के मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। तैराकी में भारत की चार गुणा 100 मीटर पुरुष मेडले रिले टीम ने दिन में दूसरी बार राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा लेकिन इसके बावजूद पांचवें स्थान पर रही। टेनिस में सुमित नागल और अंकिता रैना ने एकल मुकाबलों कें क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि रामकुमार रामनाथन और रुतुजा भोसले को हार का सामना करना पड़ा।

युकी भांबरी और अंकिता की मिश्रित युगल जोड़ी भी जीत दर्ज करने में सफल रही। भारत पदक तालिका में तीन स्वर्ण, तीन रजत और छह कांस्य पदक सहित कुल 12 पदक के साथ छठे स्थान पर चल रहा है। चीन 53 स्वर्ण, 29 रजत और 13 कांस्य पदक सहित कुल 95 पदक के साथ शीर्ष पर है। दक्षिण कोरिया (14 स्वर्ण, 16 रजत, 19 कांस्य) दूसरे जबकि जापान (आठ स्वर्ण, 20 रजत, 19 कांस्य) तीसरे स्थान पर है। एड्रेनेलिन फिरफोड पर सवार दिव्यकृति सिंह, हृदय विपुल छेडा (चेमक्सप्रो एमरेल्ड) और अनुश अग्रवाला (एट्रो) ने कुल 209.205 प्रतिशत अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जो एशियाई खेलों की घुड़सवारी स्पर्धा में भारत का सिर्फ दूसरा स्वर्ण पदक है। सुदीप्ति हजेला भी टीम का हिस्सा थी लेकिन सिर्फ शीर्ष तीन खिलाड़ियों के स्कोर गिने जाते हैं। चीन की टीम 204.882 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही जबकि हांगकांग ने 204.852 प्रतिशत अंक के साथ कांस्य पदक हासिल किया। भारत ने टीम ड्रेसेज स्पर्धा में शीर्ष पर रहकर स्वर्ण पदक के 41 साल के इंतजार को खत्म किया। खेल के इतिहास में यह पहला मौका है जब भारत ने ड्रेसेज स्पर्धा में टीम स्वर्ण पदक जीता। भारत ने कांस्य पदक के रूप में ड्रेसेज में पिछला पदक 1986 में जीता था। भारत ने घुड़सवारी में पिछला स्वर्ण पदक नई दिल्ली में 1982 में हुए एशियाई खेलों में जीता था। सत्रह साल की पाल नौकायन खिलाड़ी नेहा ठाकुर ने लड़कियों की डिंगी आईएलसीए-4 स्पर्धा में दूसरा स्थान हासिल किया। इबाद ने पाल नौकायन में पुरुषों के विंडसर्फर आरएस एक्स वर्ग में 52 के नेट स्कोर के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

( संबंधित समाचार पेज 12 )

## मणिपुर में इंटरनेट सेवाएं पांच दिन तक निलंबित

भाषा। इम्फाल

**इम्फाल** घाटी में दो युवकों की हत्या के खिलाफ प्रदर्शन कर रही भीड़ पर मंगलवार को पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किए जाने के कुछ घंटे बाद मणिपुर सरकार ने अगले पांच दिनों के लिए इंटरनेट सेवाओं पर फिर से प्रतिबंध लगा दिया। इम्फाल घाटी में दो युवकों की हत्या के खिलाफ प्रदर्शन कर रही भीड़ पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज किया, जिसमें 45 से अधिक छात्र घायल हो गए। एक अधिसूचना में कहा गया, मणिपुर सरकार ने राज्य के अधिकार क्षेत्र में वीपीएन के माध्यम से मोबाइल इंटरनेट डेटा सेवाओं, इंटरनेटाडेटा सेवाओं को तत्काल प्रभाव से एक अक्टूबर, 2023 की शाम 7:45 बजे तक निलंबित करने का निर्णय लिया है। मणिपुर में मई की शुरुआत में जातीय हिंसा भड़कने के कारण इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई थीं और चार महीने से अधिक समय के बाद 23 सितंबर से सेवाएं बहाल की गई थीं।

# सरकार वाराणसी में विश्व स्तरीय क्रूज टर्मिनल बनाएगीः सर्बानंद सोनोवाल

**नई दिल्ली( भाषा )।** केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने मंगलवार को कहा कि सरकार वाराणसी में नदी क्रूज पर्यटन के विस्तार के लिए वहां विश्व स्तरीय क्रूज टर्मिनल तैयार करने की योजना बना रही है। बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री ने आगामी ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट, 2023 के लिए आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण अनुकूल और आधुनिक समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे लंबी नदी क्रूज एमवी गंगा विलास के साथ नदी क्रूज पर्यटन क्षेत्र में अग्रणी है। इसने इस साल फरवरी में असम के डिब्रूगढ़ में अपनी पहली यात्रा पूरी की। सोनोवाल ने कहा, हम एक लाभप्रद परिवेश बना रहे हैं और देश भर में सभी बंदरगाहों का आधुनिकीकरण कर रहे हैं, चाहे वह सामानों की आवाजाही, माल के परिवहन या फिर लागत में कमी के लिए हो। सोनोवाल के अनुसार, पीएम गति शक्ति पहल के साथ, सरकार ने जलमार्ग-केंद्रित परिवहन में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। मल्टीमॉडल माल ढुलाई हिस्सेदारी को दोगुना कर 12 प्रतिशत कर दिया है और लॉजिस्टिक लागत को कम कर दिया है। ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट, 2023 का आयोजन 17 से 19 अकटूबर, 2023 को होगा।

## क्विक न्यूज

### तीन तस्कर गिरफ्तार, 24 करोड़ रुपए मूल्य की स्मैक बरामद

**बाराबंकी।** बाराबंकी जिले के लोनी कटरा थाना पुलिस ने तीन अंतरराज्यीय मॉरफीन तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 23 किग्रा. से अधिक मॉरफीनास्मैक बरामद की। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्मैक की कीमत 24 करोड़ आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) दिनेश कुमार सिंह ने पत्रकारों को बताया कि मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) डॉ. अखिलेश नारायण सिंह के नेतृत्व में सोमवार को थाना लोनी कटरा की पुलिस टीम ने तीन शातिर अन्तरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करों को मंगलपुर रेलवे क्रासिंग के पास से गिरफ्तार किया। एसपी ने कहा कि उनके कब्जे से करीब 24 करोड़ कीमत की 23.490 किग्रा. मारफीनास्मैक, दो कार, तीन मोबाइल व 1385 रुपए बरामद किए जबकि दो अभियुक्त फरार हो गए। उन्होने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लखनऊ के निवासी शनि वर्मा उर्फ रोहित और बाराबंकी के अशोक कुमार व महेन्द्र सिंह उर्फ विक्कू के रूप में हुई है और अभियुक्तो के विरुद्ध थाने में एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# वरिष्ठ अभिनेत्री वहीदा रहमान को सर्वोच्च फिल्म सम्मान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**फिल्म** प्यासा, कागज के फूल, चौदहवीं का चांद, गाइड, खामोशी और त्रिशूल जैसी फिल्मों में अभिनय करने वाली दिग्गज अभिनेत्री वहीदा रहमान को सिनेमा जगत के सबसे बड़े सम्मान से नवाजा जाएगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने वहीदा रहमान को दादासाहेब फाल्के पुरस्कार सम्मानित करने का ऐलान किया है। 54 साल के इतिहास में अब तक यह पुरस्कार सिर्फ सात ही महिलाओं को दिया गया है। दादा साहेब फाल्के पुरस्कार भारतीय सिनेमा के क्षेत्र में देश का सर्वोच्च पुरस्कार है। वहीदा रहमान ने दिवंगत अभिनेता देव आनंद की जन्म शती के मौके पर कहा, उन्हें दोगुनी खुशी है क्योंकि यह देव आनंद का जन्मदिन है। उन्हें लगता है कि तोहफा उनको मिलना था, मुझे मिल गया। अनुराग ठाकुर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर

**दादा साहेब फाल्के पुरस्कार**



इस पुरस्कार के संबंध में घोषणा की। वर्ष 2021 के लिए यह पुरस्कार 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार के पांच सदस्यीय निर्णायक मंडल में वहीदा रहमान की करीबी और पिछले साल इस सम्मान की विजेता आशा पारेख, अभिनेता चिरंजीवी, परेश रावल, प्रसन्नजीत चटर्जी और फिल्मकार शेखर कपूर थे। वहीदा रहमान (85) ने वर्ष 1955 में तेलुगु फिल्मों रोजुलु माराई और जयसिम्हा से अभिनय के क्षेत्र में पदार्पण किया था।

# अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी को

भाषा। नई दिल्ली

● रामनवमी पर मूर्ति पर पड़ेंगी सूर्य किरणेंः नृपेंद्र मिश्रा

**अयोध्या** में राम मंदिर के पहले चरण का कार्य दिसंबर के अंत तक पूरा हो जाने का भरोसा जताते हुए मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने कहा है कि श्रीराम की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा अगले वर्ष 22 जनवरी को होगी और 20 से 24 जनवरी के बीच किसी भी दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इससे जुड़े समारोह में सम्मिलित होंगे।

पीटीआई-वीडियो को दिए एक विशेष साक्षात्कार में प्रधानमंत्री मोदी के प्रधान सचिव रहे मिश्रा ने राम मंदिर के निर्माण और इस दौरान आई चुनौतियों के साथ ही प्राण-प्रतिष्ठा समारोह तथा इसकी तैयारियों को लेकर विस्तार से बातचीत की। उन्होंने खुलासा किया कि मंदिर में हर वर्ष रामनवमी के दिन दोपहर बारह बजे सूर्य की किरणें श्रीराम की मूर्ति पर पड़ें, ऐसी व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि गर्भ गृह में दो मूर्तियां होंगी - एक चल और एक अचल... एक श्रीराम की बाल्यावस्था की और दूसरी रामलला की। मिश्रा ने कहा, भगवान चार या पांच वर्ष की आयु के होंगे और मूर्ति की ऊंचाई 51 इंच होगी।श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा के समारोह में लगभग दस हजार अति विशिष्ट आमंत्रित सदस्य होंगे, जिनमें राम मंदिर निर्माण आंदोलन से जुड़े साधु-संत समाज के लोग और देश-विदेश व मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश के जाने माने लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि प्राण-प्रतिष्ठा के बाद प्रतिदिन लगभग सवा लाख दर्शनार्थियों के अयोध्या पहुंचने का अनुमान है। एक सवाल के जवाब में मिश्रा ने अगले वर्ष लोकसभा चुनावों से पहले हो रहे इस प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का राजनीतिक असर होने की



संभावना से इनकार नहीं किया। नवंबर 2019 में उच्चतम न्यायालय ने अयोध्या में राम मंदिर के पक्ष में फैसला देते हुए केंद्र सरकार को निर्देशित किया था कि वह तीन माह के भीतर मंदिर निर्माण के लिए एक न्यास की स्थापना करे।

इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने 5 फरवरी 2020 को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास की घोषणा की। मिश्रा न्यास के सदस्य होने के साथ ही मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष भी हैं। मिश्रा ने कहा कि मंदिर निर्माण की जिम्मेदारी लेने के साथ ही मंदिर के भूतल का निर्माण दिसंबर 2023 तक पूरा कर लेने की योजना बनी थी और निश्चित ही यह कार्य तय समय में पूरा हो जाएगा। मिश्रा ने कहा, न्यास के फैसले के अनुसार, 14 जनवरी के बाद यानी मकर संक्रांति के बाद वहां प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित होगा और जो साधु-संत इस विद्या में निपुण हैं उन लोगों की राय से यह प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा, ऐसा सोचा गया है कि प्राण-प्रतिष्ठा का जो अंतिम दिन होगा... जिस दिन भगवान वहां पर एक तरीके से सभी के समक्ष सम्मुख होंगे, उस दिन पूजा का कार्यक्रम भी संपन्न हो। पूजा के कार्यक्रम में, जो एक तरीके से अंतिम अध्याय होगा, उसमें प्रधानमंत्री जी भी सम्मिलित हों।

मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में कब शामिल होंगे, उसकी सूचना अभी प्रधानमंत्री कार्यालय से नहीं आई है। अंतिम कार्यक्रम उनका जब आएगा तो ट्रस्ट फिर उसकी घोषणा करेगा। लेकिन, यह अनुमान है कि यह 20 और 24 जनवरी के बीच में ही कोई तिथि होगी। क्योंकि प्रधानमंत्री उसके बाद गणतंत्र दिवस के कार्यक्रमों में अति व्यस्त हो जाएंगे। एक सवाल के जवाब में मिश्रा ने बताया कि मंदिर निर्माण पर अब तक 900 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च हो चुके हैं और ऐसा अनुमान है कि पूरे मंदिर और परिसर के निर्माण में लगभग 1,700 से 1,800 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

# तकनीकी संस्थानों को घिसे पिटे कार्यक्रमों को छोड़ना होगा: योगी

## मुख्यमंत्री ने मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 12 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित नए प्रशासनिक भवन का लोकार्पण किया

● कहा, प्रदेश के साइबर थानों के साथ एमओयू करें तकनीकी संस्थान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि तकनीकी संस्थानों को घिसे पिटे कार्यक्रमों को छोड़कर न्यू ऐज कोर्सेस को अपने यहां लागू करना होगा। आज का समय तकनीक का है, इसका उपयोग राष्ट्र निर्माण और लोककल्याण में किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 2017 तक उत्तर प्रदेश में केवल दो साइबर थाने थे। आज प्रदेश के हर जनपद में एक.एक साइबर थाना है और हर जिले में साइबर हेल्प डेस्क है। इससे साइबर अपराधों पर लगाम लग रही है।

सीएम योगी ने मंगलवार को मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 12 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अत्याधुनिक




सुविधाओं से सुसज्जित नए प्रशासनिक भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों की यह जिम्मेदारी बनती है कि तकनीकी सहयोग के लिए साइबर थानों के साथ एमओयू करें। आज गोरखपुर जोन की पुलिस ने इस दिशा में अनुभव पहल करते हुए मदन मालवीय विश्वविद्यालय के साथ एमओयू किया है। सीएम योगी ने कहा कि देश का सबसे बड़ा डाटा सेंटर उत्तर प्रदेश में है। प्रदेश के तकनीकी संस्थानों को खुद को उससे जोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में 14वें नंबर था। हमारी सरकार ने सिंगल विंडो पोर्टल निवेश मित्र के माध्यम से इसमें सुधार किया। साथ ही प्रशासनिक तंत्र को भी बाध्य किया कि वह तकनीक का बेहतर उपयोग करते हुए किए गए रिफॉर्म को धरातल पर उतारे। इसी का परिणाम है कि आज यूपी देश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में दूसरे स्थान पर है। सीएम योगी ने कहा कि डिजिटल पेमेंट ने भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था लाकर प्रत्येक नागरिक के जीवन में एक नई क्रांति लाई है। देश में सबसे बड़ी युवा आबादी उत्तर प्रदेश के पास है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन डिजिटल इंडिया का लाभ सबसे ज्यादा यहां के युवाओं को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पीएम स्टार्टअप, पीएम मुद्रा, एक जिला एक उत्पाद और मुख्यमंत्री स्वरोजगार जैसी योजनाओं ने प्रदेश के युवाओं में बड़ा परिवर्तन लाया है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में तकनीक के माध्यम से शासन के योजनाएं लोगों तक पहुंच रही हैं। सीएम योगी ने कहा कि ग्रेटर नोएडा में 21-25 सितंबर तक इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन किया गया। इसमें 500 बायर्स आए थे। उसमें उत्तर प्रदेश के दो हजार से अधिक एग्जीबिटर्स भी उपस्थित हुए थे। जिनके माध्यम के दुनिया ने यूपी के इनोवेशन और पोटेंशियल को देखा। यही नहीं ट्रेड शो में लगभग चार लाख लोग घूमने और खरीदारी करने भी पहुंचे थे, जो ट्रेड शो की सफलता को दर्शाता है। सीएम योगी ने कहा कि समाज की आवश्यकता के अनुरूप हम अपनी रिसर्च को आगे बढ़ाएं। इससे परिणाम सुखद होंगे। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों को सुझाव देते हुए कहा कि हमें समाज और सरकार की योजनाओं के सापेक्ष आगे बढ़ना होगा। कार्यक्रम में सांसद रवि किशन शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष साधना सिंह, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, कुलपति जय प्रकाश पाण्डेय, विधायक फ़ तेह बहादुर सिंह, विपिन सिंह समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन से प्रारंभ होगा मिशन शक्ति का नया चरण

● महिला बीट अधिकारी के साथ विभिन्न विभागों के कार्मिक गांव जाकर महिलाओं को दिलाएंगे कल्याणकारी योजनाओं का लाभ

●सप्ताह में एक दिन गांव में होगी महिलाओं की खास बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**महिला** सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए देश भर में सराहे गए 'मिशन शक्ति' अभियान का नया चरण आगामी शारदीय नवरात्र से प्रारंभ होगा। अभियान के इस चरण में महिलाओं की सुरक्षा व आपात परिस्थितियों में मदद के प्रबंध की जानकारी तो मिलेगी ही, केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ने का अवसर भी होगा। अभियान के इस चरण के केंद्र में शक्ति दीदी के रूप में महिला बीट अधिकारी होंगी। जिनके साथ स्वास्थ्य, राजस्व, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों के स्थानीय कार्मिक उपस्थित होंगे ताकि मौके पर ही योजनाओं से वंचित पात्र महिलाओं को योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार हर सप्ताह एक नियत दिन शक्ति दीदी (महिला बीट अधिकारी) के साथ आशा, एएनएम, रोजगार सेवक, लेखपाल, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री आदि गांव में महिलाओं के साथ संवाद करेंगे। महिला बीट अधिकारी द्वारा महिलाओं को उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा किए गए प्रबंधों के बारे में जानकारी देंगी तो आपात परिस्थितियों में उपयोगी 112, 108, 1090, 181 जैसी हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में भी जागरूक करेंगी। वहीं अन्य विभागीय कार्मिक विभिन्न योजनाओं के लिए पात्र, किंतु अब तक वंचित महिलाओं को योजनाओं का लाभ दिलाएंगे। मिशन शक्ति के नए चरण के संबंध में 'शक्ति दीदी प्रोजेक्ट' का शुभारम्भ किया गया है, जिसके सुचारु रुप से संचालन के लिए बीते 5 सितंबर से 21 सितंबर तक प्रदेश के 7 कमिश्नरेट और 68 जनपदों के पुलिस अधिकारियों/ कर्मचारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण (प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण) कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें प्रशिक्षित किया जा चुका है। यह प्रशिक्षित अधिकारी/कर्मी अपने-अपने कमिश्नरेट-जनपदों में जाकर मास्टर ट्रेनर के रूप में महिला बीट पुलिस अधिकारियों (शक्ति दीदी) को प्रशिक्षित करेंगी। जिसके बाद नवरात्र से विधिवत अभियान संचालित होगा। बता दें कि महिला बीट अधिकारी द्वारा महिला बीट क्षेत्र में भ्रमण करते हुए चौपाल का आयोजनम महिलाओं को व्हाट्सएप के माध्यम से जोड़ने विभिन्न हेल्प लाइन नम्बर, महिला हेल्पडेस्क व विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने की कार्यवाही की जा रही है। सादे कपड़ों में तैनात पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर छेड़खानी करने वालों पर कार्यवाही भी हो रही है तो यौन अपराध की पीड़िताओं की आवश्यकतानुसार काउन्सलिंग भी की जा रही है।

# मुरादाबाद में किसान की विरासत दर्ज न करने पर लेखपाल निलंबित

● मुख्यमंत्री के निर्देश पर एसडीएम ने की कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**किसान** की विरासत दर्ज करने के लिए, लेखपाल ने दस हजार की रिश्वत मांगी। रिश्वत न देने पर दो साल तक चक्कर लगवाए। चार बार ऑनलाइन विरासत दर्ज करने के लिए दिए गए प्रार्थना पत्र को निरस्त कर दिया। 25 सितंबर को पीड़ित पक्ष ने मामले के शिकायत मुख्यमंत्री से की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संज्ञान लेने के बाद मामले में एसडीएम सदर ने जांच कराई। जांच के बाद दोषी मिलने पर लेखपाल को सस्पेंड कर दिया गया है।

मुरादाबाद के चिड़िया टोला लाइन पार निवासी राकेश सैनी ने सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में शिकायत की। उन्होंने बताया कि तहसील सदर की ग्राम शाहपुर तिगरी में उनके ताऊ रामचंदर की जमीन है। राजस्व अभिलेखों में उनका नाम दर्ज है। उनकी मृत्यु 29 सितंबर 2020 को हो गई थी। विरासत दर्ज कराने के लिए, उनके तहेरे भाई भरत सिंह ने ऑनलाइन आवेदन किया था। भरत सिंह के सिर में गंभीर चोट है। इसलिए वह घर पर ही रहता है। विरासत दर्ज कराने के लिए लेखपाल सुनील कुमार शर्मा को सभी साक्ष्य उपलब्ध कराए थे। इसके बावजूद विरासत दर्ज नहीं की गई।

लेखपाल सुनील शर्मा लेखपालसंघ के जिला अध्यक्ष भी है। लेखपाल ने 10 हजार रुपये की मांग की तो राकेश ने दो हजार रुपये दे दिए लेकिन लेखपाल पूरे रुपये मांगने पर अड़ा रहा। राकेश ने बताया कि विरासत दर्ज करने के लिए उनके भाई भरत सिंह सैनी ने 10 जुलाई 2021, 10 अक्टूबर 2021, तीन जून 2022, 16 जून 23, 21 अगस्त 2023 को ऑनलाइन आवेदन किया।

# गांव से एकत्र होने वाले डाटा की है बेहद उपयोगिता: एपीसी

● पंचायत डेवलपमेंट इंडेक्स पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**योजना** भवन में पंचायत डेवलपमेंट इंडेक्स पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का उद्घाटन कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा किया गया। इस अवसर पर विकास आनंद संयुक्त सचिव पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार ने कहा कि सतत् विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में पंचायतों की प्रतिभागिता बढ़ाने के लिए ही सतत् विकास लक्ष्यों की 9 स्थानीय थीम निर्धारित की गयी है एवं इस पूरी प्रक्रिया को मापने के लिए पंचायत डेवलपमेंट इंडेक्स को तैयार किया गया है। देश 2030 तक सतत् विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में अपना सर्वाधिक योगदान तभी दे सकता है, जबकि पंचायतों में विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे कार्य प्रदर्शन को आंकलित किया जाए तथा सुधार योग्य बिन्दुओं पर विभागों द्वारा तेजी से कार्यवाही की जाए। कार्यशाला में प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए मनोज कुमार सिंह कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा बताया गया कि यह एक बहु आयामी प्रयास है, जो कि वार्षिक प्रगति होगी एवं इसका अनुश्रवण तो बेहतर परिणाम सामने आएंगे। इसके साथ ही जरूरी होगा कि इस डाटा का उपयोग बेहतर कार्ययोजना अथवा कार्यप्रदर्शन के लिए किया जाए। उन्होंने पंचायती राज विभाग के अधिकारियों एवं सलाहकारों को निर्देशित किया कि 577 इंडीकेटर को 1 ग्राम पंचायत में टेस्टिंग स्वयं करें। गांव से एकत्र होने वाले डाटा की गुणवत्ता बहुत महत्वपूर्ण है, इसके लिए ग्राम पंचायत में कार्यरत सहायकों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने ग्राम पंचायत के साथ क्षेत्र एवं जिला पंचायतों की कार्ययोजनाओं को बेहतर करने हेतु अपने सुझाव देते हुए निर्देश दिए कि ऐसे कार्य जो कि ग्राम पंचायत सीमित बजट में नहीं कर सकती है, ऐसी बड़े कार्यों की सूची तैयार कर साझा की जाए। आपरेशन त्रिनेत्र में सुरक्षा के दृष्टिगत कैमरे एवं पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था किए जाने के साथ विश्वकर्मा संकुल योजना में पारम्परिक कार्यों में लगे लोगों के लिए एक स्थान में बैठने की व्यवस्था एवं उनकी आजीविका पर कार्य करने के निर्देश दिए गए। प्राकृतिक आपदा को ध्यान में रखते हुए वेदर स्टेशन एवं फोर कास्ट जैसे महत्वपूर्ण कार्य पर भी ध्यान दिए जाने के निर्देश अपने उद्बोधन में अपर मुख्य सचिव ने देते हुए पंचायतों को आर्थिक सुधार की गतिविधियों को संचालित किए जाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर प्रवीणा चौधरी संयुक्त निदेशक प्रिंट द्वारा पीडीआई पर प्रदेश की प्रगति का प्रस्तुतीकरण करते हुए ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार किए जाने हेतु ई ग्राम स्वराज पोर्टल को किए गए बदलाव की जानकारी दी। इस अवसर पर राज कुमार निदेशक पंचायती राज विभाग द्वारा 2 अक्टूबर से 31 मार्च 2024 तक पंचायतों की वार्षिक कार्ययोजना तैयार करने के लिए संचालित जन योजना अभियान के बारे में बताते हुए विभागों का आह्वान किया और कहा कि पंचायतें मजबूत होगी तो ग्रामीण विकास की व्यवस्था मजबूत होगी।

# नगर विकास मंत्री ने किया 154 घंटे के स्वच्छता महाअभियान का शुभारंभ

● गंदगी फैलने वालों पर की जाए सख्त करवाई: एके शर्मा

●2 अक्टूबर तक चलेगा नॉन स्टॉप स्वच्छता अभियान



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**देश** में आजादी के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2014 में स्वच्छता की अलख जगाई और वृहद स्तर पर देशवासी इस मुहिम से जुड़कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के संकल्प को पूरा कर रहे हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 154 वें जन्मदिन के अवसर पर नगर विकास मंत्री एके शर्मा द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सभी निकायों में महासफाई के लिए 154 घंटे के नॉन-स्टॉप स्वच्छता अभियान की मंगलवार को अपने 14 कालिदास आवास से वर्चुअल शुरुआत की। उन्होंने कहा कि इस बार सभी निकायों की हार्डकोर सफाई की जायेगी। इसके लिए सफाई टीम और व्यवस्था देख रहे अधिकारियों के कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग की जाए साथ ही निकाय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों का भी सहयोग ले। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहली बार राष्ट्रपिता के स्वच्छता संकल्प के सम्मान में उनकी 154 वीं जयंती पर 154 घंटे के महासफाई अभियान सभी निकायों में चलाया जा रहा है। इसके लिए सभी निकाय एक-दूसरे का सहयोग करेंगे एवं मशीनों का भरपूर प्रयोग करेंगे, संसाधनों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि लोगों को समझाने-बुझाने का अब समय नहीं रहाए गंदगी फैलाने वालों पर अब सख्ती से करवाई की जाए। उन्होंने अभियान के दौरान सभी निकायों में हार्डकोर सफाई करने और सभी स्थलों, पार्कों, अमृत सरोवरों, चौराहों, सार्वजनिक व ऐतिहासिक स्थलों का सौंदर्यीकरण कराने को कहा। मंत्री ने अभियान को सफल और प्रभावी बनाने के लिए नगरीय निकाय निदेशालय में स्थापित डेडिकेटेड कमांड एंड कण्ट्रोल सेंटर से अभियान की लगातार लाइव मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। नगर विकास मंत्री ने निर्देशित किया कि सफाई अभियान के दौरान सभी निकाय लोगों को अपने आसपास के क्षेत्रों, गली-कूचों की सफाई पर ध्यान देने और कूड़ा खुले में न फेंकने के लिए जागरुक करेंगे। इस दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने और विकल्प में कपड़े से बने थैले का प्रयोग करने के लिए भी प्रेरित करेंगे।

# चुनाव में हेराफेरी कर सत्ता पर कब्जा बनाए रखना चाहती है भाजपा: अखिलेश

● सपा प्रमुख ने कहा, बाजार पर नियंत्रण करने की चल रही हैं सुनियोजित साजिशें

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा चुनाव में हेराफेरी कर सत्ता पर कब्जा बनाए रखना चाहती है। भाजपा ने संवैधानिक संस्थाओं को नुकसान पहुंचाया है। भाजपा का एजेण्डा सिर्फ सत्ता का दुरुपयोग करना है। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने षडयंत्र कर समाजवादी पार्टी समर्थकों के वोट कटवाएं। अखिलेश यादव ने यह बात पार्टी मुख्यालय में बड़ी संख्या में आए कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भाजपा किसान विरोधी है। तीन काले कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन में आठ सौ किसान शहीद हो गए। भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी, चरम पर है। महंगाई, बेरोजगारी, कम करने और गरीबी हटाने के लिए भाजपा सरकार ने कोई काम नहीं किया। किसानों के गेहूं की लूट हो गयी। किसानों को गेहूं का लागत मूल्य भी नहीं मिला। यादव ने कहा कि भाजपा की शह पर दो कम्पनियों ने रिफाइंड ऑयल के 60 प्रतिशत बाजार पर कब्जा कर लिया है। बाजार पर नियंत्रण करने की सुनियोजित साजिशें चल रही है। गिनी चुनी कम्पनियां किसानों के धान गेहूं की खरीद कर ले रही हैं। किसान को अपनी फसल में न एमएसपी मिली और नहीं बाढ़ सूखा से प्रभावित फसल पर मुआवजा मिला। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा राज में अराजकता का बोलबाला है। कानून व्यवस्था ध्वस्त है। शिक्षा स्वास्थ्य सेवाएं चौपट हैं। भाजपा सरकार में न्याय की कोई उम्मीद नहीं है। जनता बिजली-पानी के लिए परेशान है। भाजपा ने एक यूनिट बिजली नहीं बनायी। जो भी बिजली का उत्पादन हो रहा है वह समाजवादी सरकार की देन है। यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी पर जनता को भरोसा है। समाजवादी पार्टी लोकतंत्र और संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रही है। समाजवादी पार्टी बड़ी लड़ाई का सामना करने को तैयार है।

# भाजपा व उसके पालित-पोषित गुंडों और दबंगों से थर्रा रहा प्रदेश: अजय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा है कि प्रदेश की धरती भाजपा और उसके द्वारा पालित पोषित गुंडों और दबंगों से थर्रा रही है। आम जनता भाजपा के चौतरफा हमले से त्राहिमाम कर रही है। बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार के साथ ही ध्वस्त कानून व्यवस्था और सत्ता के संरक्षण में कायम गुंडाराज और जंगलराज भी भयपूर्ण माहौल का एक बड़ा कारण है। योगी सरकार कानून व्यस्था दुरुस्त होने के हवा हवाई दावे करती है लेकिन धरातल की सच्चाई में सुल्तानपुर की दिल दहला देने जैसी घटनाएं हैं जहां भाजपा के नेता एवं उनके द्वारा संरक्षित गुंडों ने क्रूरता और बेरहमी से डॉ. घनश्याम तिवारी के पैरों में ड्रिल किया और सीने की हड्डियां पीट-पीटकर तोड़ डाली गईं। जिससे उनकी दर्दनाक मौत हो गई। इसी तरह जनपद आज़मगढ़ में भी बाइक सवार अपराधियों द्वारा व्यवसायी पिता-पुत्र की गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई।

उन्होंने कहा कि मुख्य आरोपित और उसके सहयोगियों को योगी की पुलिस अभी तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है। लोपापोती कर उन्हें बचाने का कार्य चल रहा है। रंगदारी, कब्जा, अपहरण, पशुओं के साथ क्रूरता जैसे जघन्य अपराधों के आरोपी अजय नारायण सिंह और उसके चचेरे भाई सहित भाजपा के दबंगों ने सिंचाई विभाग की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर भाजपा की युवा मोर्चा का जिला कार्यालय बना रखा था। उसका चचेरा भाई भारतीय जनता युवा मोर्चा का जिला अध्यक्ष है। योगी सरकार ने कांग्रेस पार्टी के दबाव में कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति करते हुए भाजपा की युवा मोर्चा के अवैध कार्यालय को गिराया किन्तु मुख्य आरोपी द्वारा नारायणपुर में प्राइमरी पाठशाला की जमीन पर अभी भी कब्जा कायम है। उन्होंने योगी सरकार से सवाल करते हुए पूछा कि बुलडोजर का रुख उसके घर की तरफ कब होगा। उन्होंने कहा कि यह शर्मनाक एवं निंदनीय है कि प्रदेश के अनेकों बड़े अपराधों में भाजपा के नेता अथवा उनके द्वारा संरक्षित गुंडे और दबंग आरोपित एवं अपराधी साबित हो रहे हैं।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैं सैन्य संख्या 15448687-M सिपाही गुर्जर रविन्द्र सिंह यूनिट एएमसी० अभिलेख कार्यालय, लखनऊ निवासी गाँव-नागल दुर्गसी पोस्ट-जटवाडा, तहसील-हिण्डोन सिटी जिला करौली (राजस्थान) पिन 322252 शपथपूर्वक निम्न बयान करता हूँ कि मेरी माताजी का नाम व जन्मतिथि त्रुटिवश मेरे सर्विस दस्तावेज में रामदेई देवी और जन्मतिथि 02.07.1965 दर्ज हो गयी थी जबकि उनका सही नाम रामदेई और सही जन्मतिथि 01.01.1965 है।

सूचना

मैं सैन्य संख्या 15448687-M सिपाही गुर्जर रविन्द्र सिंह यूनिट एएमसी० अभिलेख कार्यालय, लखनऊ निवासी गाँव-नागल दुर्गसी पोस्ट-जटवाडा, तहसील-हिण्डोन सिटी जिला करौली (राजस्थान) पिन 322252 शपथपूर्वक निम्न बयान करता हूँ कि मेरे पिताजी का नाम व जन्मतिथि त्रुटिवश मेरे सर्विस दस्तावेज में गुर्जर हिम्मत सिंह और जन्मतिथि 01.05.1960 दर्ज हो गयी थी जबकि उनका सही नाम हिम्मत सिंह और सही जन्मतिथि 01.01.1966 है।

# मोटो जीपी में आए एक लाख से ज्यादा विजिटर्स, 9.3 अरब का हुआ कारोबार

● तीन दिन में रिकॉर्ड संख्या में बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पहुंचे विजिटर्स, 10 से 15 हजार विदेशी रहे शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**उत्तर** प्रदेश की ख्याति आज सारी दुनिया में फैल रही है। यह एक ऐसा राज्य बनकर उभर रहा है, जो जिस भी इवेंट को आयोजित करते तो वो सुपरहिट हो जाता है। मोटो जीपी भारत इसका ताजा उदाहरण है। सीएम योगी के निर्देश पर इस इवेंट को लेकर की गई तैयारियां, मेहमानों की आवभगत, सुरक्षा व्यवस्था और बेहतरीन कनेक्टिविटी के चलते इस इवेंट के लिए देश और दुनिया के एक लाख से अधिक लोग ग्रेटर नोएडा स्थित बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पहुंचे। यही नहीं, पहली बार भारत में होस्ट किए गए इस इवेंट के दौरान रिकॉर्ड तोड़ कारोबार भी हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार मात्र 3 दिनों में 106 मिलियन यूरो (9.33 अरब रुपए से भी ज्यादा) की आर्थिक गतिविधियां हुईं, जो इस इवेंट की सफलता का सबसे बड़ा उदाहरण है। उल्लेखनीय है कि 22 से 24 सितंबर के बीच बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर मोटो जीपीए मोटो 2 और मोटो 3 रेस के दौरान दुनिया की 41 टीमों के 82 राइडर्स ने अपनी रफ्तार से भारतीय फैंस को रोमांचित किया।

भारत में क्रिकेट का जबरदस्त क्रेज है। क्रिकेट मैचों में हजारों की भीड़ मैदान में बने स्टैंड्स में बैठकर लुत्फ उठाती है। लेकिन क्रिकेट के अलावा दूसरे खेलों का भी यहां पूरा सम्मान है। मोटो जीपी भारत में उमड़ी भीड़ ने इस बात को साबित किया है। बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर इस रेस का लुत्फ उठाने के लिए तीन दिनों में एक लाख से अधिक विजिटर्स यहां पहुंचे और उन्होंने रफ्तार और रोमांच से भरी इस रेस का अपनी आंखों से अवलोकन किया। इन एक लाख विजिटर्स में से 10 हजार से 15 हजार के बीच विदेशी विजिटर्स शामिल रहे। इतनी बड़ी संख्या में विजिटर्स के आने का अनुमान किसी को नहीं था लेकिन जिस तरह योगी सरकार ने देश के अलग-अलग हिस्सों से आ रहे विजिटर्स के लिए बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट तक पहुंचने के लिए, जो तैयारियां कीं, उसका नतीजा रहा कि रिकॉर्ड संख्या में लोगों ने पहली बार भारत में हुई इस रेस का लुत्फउठाया।

22 से 24 सितंबर के बीच सभी दिन बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर विजिटर्स की भारी भीड़ रही। सर्वाधिक विजिटर्स मोटो जीपी की फाइनल रेस के दिन उपस्थित रहे। करीब 50 हजार विजिटर्स ने मार्को बेजेची को रोमांचक मुकाबले में विनर बनते और सीएम योगी को उन्हें ट्रॉफी प्रदान करते हुए देखा। वहीं, दूसरे दिन करीब 30 हजार विजिटर्स ने क्वालीफाइंग और रेस का नजारा देखा तो शुक्रवार को करीब 15 हजार विजिटर्स बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पहुंचे। इसके अलावा 21 सितंबर को भी प्रैक्टिस रेस देखने के लिए हजारों की संख्या में विजिटर्स यहां पहुंचे थे। टीमों के साथ भी 5000 से ज्यादा विदेशी स्टाफ बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर पहुंचा था, तो वहीं 150 के करीब इंटरनेशनल और नेशनल मीडिया के लोग भी इवेंट को कवर करने के लिए मौजूद थे। भारत में पहली बार आयोजित हुई मोटो जीपी का व्यापक आर्थिक प्रभाव भी पड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस ग्लोबल इवेंट के दौरान विभिन्न माध्यमों के जरिए 106 मिलियन यूरो (9.33 अरब रुपए से ज्यादा) की आर्थिक गतिविधियां संचालित हुईं। इसमें ट्रैक के विकास और बुनियादी ढांचे में 50 करोड़ रुपए का पर्याप्त निवेश शामिल है। इन आर्थिक गतिविधियों का लाभ ग्रेटर नोएडा में होटल इंडस्ट्री, रेस्टोरेंट, परिवहन, हॉस्पिटैलिटी समेत कई सेक्टर्स को मिला है। इस इवेंट के दूरगामी परिणाम भी देखने को मिलने वाले हैं क्योंकि सीएम योगी की अपील पर कई बड़े ब्रांड्स उत्तर प्रदेश में अपने निवेश का विस्तार करने का मन बना रहे हैं और मोटो जीपी की सफलता इसमें अहम भूमिका निभा सकती है। उत्तर प्रदेश ने जिस शानदार अंदाज में मोटो जीपी जैसे इंटरनेशनल इवेंट को आयोजित किया, उसके लिए सोशल मीडिया ने भी सीएम योगी के प्रयासों की जमकर तारीफ की। तारीफकरने वालों में यूपी के अलावा देश के अलग-अलग हिस्सों के यूजर्स शामिल रहे जबकि विदेशियों ने भी ट्रैक और हॉस्पिटैलिटी की सराहा। डॉ. प्रीति प्रकाश नाम की एक यूजर ने एक्स पर लिखाए मोटो जीपी भारत 2023 में बाइक्स की रफ्तार, उत्तर प्रदेश के विकास की तीव्र रफ्तार को प्रदर्शित करती है। सीएम योगी आदित्यनाथ के सशक्त नेतृत्व में प्रत्येक निवेशक को सुरक्षा की गारंटी दी जाती है।

## 2024 में फिर यूपी लौटेगा मोटो जीपी भारत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**22** से 24 सितंबर के बीच ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में आयोजित मोटो जीपी भारत के सफल आयोजन के बाद अब योगी सरकार 2024 में इसके आयोजन की तैयारी में जुट गई है। मोटो जीपी की प्रमोटर कंपनी डोरना स्पोर्ट्स ने इसकी पुष्टि की है। डोरना स्पोर्ट्स के सीईओ कार्मेलो एजपेलेटा, सीएफ ओ एनरिक अल्दामा, सीएसओ कार्लोस एजपेलेटा और प्रतिनिधि मार्कोस ने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में सीएम योगी के साथ टीम बिल्डिंग 18 में बैठक में भाग लिया और इस दौरान मोटो जीपी भारत के बेहतरीन आयोजन को लेकर धन्यवाद देने के साथ ही अगले वर्ष फिर लौटकर आने का वादा किया।

डोरना स्पोर्ट्स के सीईओ कार्मेलो ने सीएम योगी के साथ मुलाकात में मोटो जीपी रेस के आयोजन के लिए सभी तरह की प्रशासनिक सहायता प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे राइडर्स ने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट के ट्रैक और इसकी तकनीकी बारीकियों पर बहुत सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। कार्मेलो ने यह भी कहा कि मोटोजीपी 2024 में एक बार फिर बीआईसी भारत में आने को बेताब है और हम इसको लेकर उत्साहित हैं। इस दौरान कंपनी के प्रतिनिधियों ने उत्तर प्रदेश में मोटो जीपी भारत के आर्थिक प्रभाव पर भी चर्चा की। कार्मेलो ने सीएम योगी को टोकन ऑफ एप्रिसिएशन के रूप में एक हेलमेट भेंट किया, जिस पर सभी 22 राइडर्स द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे, जिस पर बाद में कार्मेलो और सीएम योगी दोनों ने हस्ताक्षरित किया।

# आईएसआई एजेंट गिरफ्तार

## पाकिस्तान भेज रहा था सेना की खुफिया जानकारियां

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने कासगंज जिले से एक आईएसआई एजेंट को गिरफ्तार किया है। एटीएस के अनुसार गिरफ्तार एजेंट लगातार विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से आईएसआई को भारतीय सेना से संबंधित खुफिया जानकारियां भेज रहा था।

राज्य के स्पेशल डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि एटीएस को विगत कुछ दिनों से सूचना प्राप्त हो रही थी कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी द्वारा भारत के कुछ लोगों को धन आदि का प्रलोभन देकरए भारतीय सेना की गोपनीय सूचनाओं एवं उनके परिचालन की जानकारी प्राप्त की जा रही है। इस सूचना को यूपी एटीएस की टीम द्वारा भौतिक एवं इलेक्ट्रॉनिक सर्विलान्स से पुष्ट किया गया, तो यह तथ्य प्रकाश में आए कि एक व्यक्ति जिसका नाम शैलेश कुमार उर्फ शैलैन्द्र सिंह चौहान पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम जिनौल, थाना-पटियाली, जनपद-कासगंज उप्र है, ने व्हाट्सएप व फेसबुक के माध्यम से पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई को सेना से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की हैं।

इस सम्बंध में धारा-121 (ए) 171 भादवि, 66 (डी) आईटी एक्ट एवं धारा 13 विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, थाना एटीएसए लखनऊ पर दर्ज उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ में शैलेश ने बताया कि लगभग 8-9 माह भारतीय सेना में अरुणाचल प्रदेश में अस्थाई श्रमिक/पोर्टर के रूप काम किया था। जिस कारण शैलेश के पास भारतीय सेना से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकरियां थी । शैलेश वर्तमान में भारतीय सेना में किसी पद पर कार्यरत नहीं है, किन्तु इसके द्वारा प्रोफाइल में स्वयं को भारतीय सेना में कार्यरत होना बताया। शैलेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर शैलेश चौहान नाम से प्रोफ इल बनाई थी, जिसमें उसने भारतीय सेना की यूनीफॉर्म में अपनी फोटो लगा रखी थी। शैलेश फेसबुक के माध्यम से ही हरलीन कौर नाम की आईडी के संपर्क में आया। जिससे इसकी मैसेंजर में बात होने लगी। शैलेश की एक अन्य आईएसआई हैंडलर प्रीति से भी व्हाट्सएप पर ऑडियो कॉल के माध्यम से बात होती थी। प्रीति को भी शैलेश ने अपना परिचय सेना के जवान के रूप में ही दिया था। प्रारम्भ ने शैलेश और प्रीति के बीच मे अंतरंग बाते हुई, बाद में प्रीति ने शैलेश को बताया कि वह आईएसआई के लिए काम करती है और यदि शैलेश सहयोग करेगा तो वह इसके बदले शैलेश को अच्छी रकम दी जाएगी। पैसों के लालच मे शैलेश ने प्रीति नाम की हैंडलर को सेना से जुड़े महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की लोकेशन तथा सेना की गाड़ियों के मूवमेंट के फोटो भेजे, जो फोटो शैलेश ने हरलीन कौर नाम की हैंडलर को भी भेजे थे। इसके एवज में शैलेश के फोन-पे पर माह अप्रैल 2023 में दो हजार रुपए आए। इसके बाद प्रीती को कई बार सेना से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भेजी। जिसके बदले इसे हर बार पैसे प्राप्त हुए। हरलीन कौर और प्रीती आईएसआई के हैंडलर हैं, जो सीमा पार से छद्म नाम का प्रयोग कर सेना से जुड़ी जानकारी प्राप्त करके आईएसआई को उपलब्ध कराती हैं। आईएसआई इन जानकारियों का प्रयोग भारत के विरुद्ध कर, भारत के लोकतन्त्र को प्रभावित करने और देश को अस्थिर करने के लिए करता है। यूपी एटीएस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त शैलेश उर्फ शैलेंद्र के पुलिस अभिरक्षा के लिए अनुरोध किया जाएगा। जिससे इसके अन्य साथियों और भारत मे फैले इस नेटवर्क मे संलिप्त अन्य लोगों की जानकारी की जा सके।

# आयुष्मान योजना में यूपी को मिले दो अवार्ड

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रधानमंत्री** जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) को बेहतर तरीके से धरातल पर उतारने के लिए यूपी को दो अवार्ड मिले हैं। यह अवार्ड नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में 25 सितंबर से आयोजित दो दिवसीय आरोग्य मंथन के दौरान मंगलवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण की ओर से केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण और रसायन व उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने दिया। सम्मान लेने के लिए चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा और साचीस की सीईओ संगीता सिंह और अन्य मौजूद रहे।

स्टेट एजेंसी फॉर कॉम्परहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज (साचीस) यूपी में पीएमजेएवाई की नोडल एजेंसी है। राजधानी दिल्ली में यह आयोजन पीएमजेएवाई के पांच वर्ष पूरे होने पर और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के दो वर्ष पूरे होने पर आयोजित किया गया था। यूपी को मिले दो अवार्ड में पहला अवार्ड आयुष्यमान पूछताछ केंद्र की स्थापना और ग्रीन चैनल पेमेंट व्यवस्था शुरू करने के लिए दिया गया जबकि दूसरा आभा स्कैन की सर्वाधिक संख्या व टोकन तैयार करने के लिए दिया गया है। इन दोनों श्रेणियों में उत्तर प्रदेश को आयुष्मान कियास्क डिपल्वायमेंट एंड ग्रीन चैनल इम्प्लीमेंटेशन और हाईएस्ट नंबर ऑफ आभा स्कैन एंड शेयर टोकन जनरेटेड अवार्ड मिला है। आभा स्कैन यानि आभा एप्लीकेशन के जरिए मरीज आसानी से क्यूआर कोड स्कैन करते हैं और उन्हें तत्काल टोकन नंबर मिल जाता है। इस मौके पर निदेशक एनएचए लता गणपति और एनएचए के संयुक्त सीईओ डॉ बसंत गर्ग ने कहा कि यह सम्मान इसलिए बहुत बड़ा है क्योंकि उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में इस तरह की उपलब्धि मिलना बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि ऐसी पहल यह संदेश देती है कि आयुष्मान की ताकत और बढ़ी है। अवार्ड को लेकर चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने प्रदेश की स्वास्थ्य टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह एक अच्छा प्रयास है। ऐसे प्रयास होते रहने चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर की आशा के पास है अब स्मार्ट फोन है। आभा एप के जरिए मरीजों के ऑनलाइन या ऑफलाइन पंजीकरण में काफी मदद मिल रही है। साचीस की सीईओ संगीता सिंह ने बताया कि हम सूचीबद्ध अस्पतालों की भागीदारी को प्रोत्साहित करना चाहते हैं। 60 अस्पतालों से शुरू हुए इस ग्रीन चैनल के पायलट प्रोजेक्ट के काफी सकारात्मक परिणाम आए हैं। इसके चलते हाल ही में हमने 1242 अस्पतालों को ग्रीन चैनल में शामिल करने के लिए चुना है। साथ ही 75 प्रतिशत से अधिक स्वास्थ्य केंद्रों पर पूछताछ केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं। इस प्रयास से अधिकाधिक मरीजों को पीएमजेएवाई का लाभ मिलने में मदद मिल रही है।

# आश्रयहीन भवनों से अवैध कब्जा हटाने के मामले में क्या हुआ: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता। लखनऊ

**● वास्तविक आवंटियों को कब्जा देने के सम्बंध में एलडीए को हलफनामा दाखिल करने का आदेश**

**आश्रयहीनों** के लिए हरदोई रोडए बसंत कुंज में बने मकानों पर अवैध कब्जे के संदर्भ में हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने एलडीए से सवाल जवाब किया है। पूछा है कि अवैध कब्जे को हटाने के सम्बंध में क्या कार्रवाई की गई व वास्तविक आवंटियों को कब्जा देने की क्या स्थिति है। पीठ ने इस संदर्भ में एलडीए को हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 10 अक्टूबर को होगी।

जस्टिस एआर मसूदी एवं जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ल की पीठ ने यह आदेश आश्रयहीन भाव पर अतिक्रमण शीर्षक से दर्ज स्वतः संज्ञान लेकर दर्ज किए गए एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। दरअसल, एक मकान की आवंटी पुष्पा देवी ने इस मामले में एक याचिका दाखिल कर आश्रयहीन योजना के तहत उसे आवंटित मकान पर कब्जा दिलाए की मांग की थी। 26 सितंबर 2018 को पीठ ने याचिकाकर्ता को कब्जा देने व 10 हजार रुपए का एलडीए पर हर्जाना लगाने के साथ.साथ याचिका में उठाए गए मुद्दे पर स्वतः संज्ञान लेकर जनहित याचिका दर्ज करने का आदेश दिया था। पीठ ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा था कि असामाजिक तत्वों द्वारा इस प्रकार के अवैध कब्जों का कारण समझना मुश्किल नहीं है। जिला व पुलिस प्रशासन और एलडीए के अधिकारी यदि सतर्क होते तो ऐसा नहीं हो सकता था। यह भी टिप्पणी की थी कि इन अवैध कब्जों की अनुमति देने में एलडीए अधिकारियों की मिलीभगत से इंकार नहीं किया जा सकता।

पीठ ने इस मामले की सुनवाई के दौरान पाया कि आश्रयहीनों के लिए बने इन मकानों पर बड़ी मात्रा में अवैध कब्जे हो चुके हैं। स्वयं जिला.पुलिस प्रशासन व एलडीए की मीटिंग की कार्य योजना में बताया गया था कि कुल 1006 आश्रयहीन मकानों में से 830 पर अवैध कब्जा है। पीठ के कई आदेश के बावजूद 624 वास्तविक आवंटी अपने ही घरों पर कब्जा पाने के अधिकार से वंचित पाए गए थे। गौरतलब है कि उक्त योजना वर्ष 2001 की है जो समाज के कमजोर तबके के लिए लाई गई थी। 13 सालों से कब्जा नहीं पाने के बाद आवंटी पुष्पा देवी ने वर्ष 2014 में याचिका दाखिल की थी।

# निर्माण कार्यों में उदासीनता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई होगी: डॉ. दयालु

**● आयुष मिशन व विभाग की ओर से कराए जा रहे कार्यों की मंत्री ने की समीक्षा**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**आयुष** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि आयुष विभाग द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्य में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में उदासीनता पाए जाने पर कार्यदायी संस्था के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कार्यदायी संस्था निर्माण कार्यों में मानकों के अनुरूप गुणवत्तापरक नियमित मॉनीटरिंग कर निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी न होने पाये।

मंगलवार को विधानसभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयुष मिशन तथा आयुष विभाग द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों की कार्यदायी संस्था के साथ समीक्षा बैठक की। दयालु ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी कार्यदायी संस्था यूसी की मूलप्रति उपलब्ध कराये। छायाप्रति मान्य नहीं होगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कार्यदायी संस्था की प्रगति रिपोर्ट प्राप्त करें ताकि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता न पाई जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य पूर्ण होने पर सत्यापन करके ही उसको टेकओवर करें। उन्होंने अस्पतालों के उच्चीकृत निर्माण कार्यों को तत्काल पूरा कराने के निर्देश दिये। आयुष मंत्री ने कहा कि आयुर्वेदिक, यूनानी एवं होम्योपैथ चिकित्सालयों के कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण करायें, जिन चिकित्सालयों का कार्य पूर्ण हो चुका है। उनके लोकार्पण की कार्यवाही भी शीघ्र करायें। ताकि उनको जनता को समर्पित कर उसका लाभ आमजन मानस को मिल सके। उन्होंने राजकीय आयुर्वेदिक, यूनानी एवं होम्योपैथ मेडिकल कालेजों के साथ बनाये जा रहे हास्टल का भी कार्य समय पर पूरा करायें। उन्होंने कहा कि आयुष अस्पतालों में पानी, विद्युत एवं साफ-सफाई आदि की व्यवस्था नियमित रूप से किया जाए। प्रमुख सचिव आयुष लीना जौहरी ने मंत्री को आयुष विभाग के विकास कार्यों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। उन्होने मंत्री जी को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन कड़ाई से कराया जायेगा।

# 451 फेल अभ्यर्थियों को दोबारा मिलेगा मौका, पहली अक्टूबर को होगी परीक्षा

**लखनऊ।** आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत प्रदेश के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स तैनात होने वाले सीएचओ के लिए 19 मार्च को सम्पन्न कराई गयी परीक्षा में फेल होने वाले 451 अभ्यर्थियों को दोबारा मौका देने का निर्णय लिया गया है। इन अभ्यर्थियों की पहली अक्टूबर को फाइनल परीक्षाा केजीएमयू करायेगा। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स पर एक नर्स की तैनाती की जाती है। इन केन्द्रों पर तैनाती पाने वाली नर्स को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत चार माह का एक विशेष प्रशिक्षण सर्टिफिकेट इन कम्यूनिटी हेल्थ फॉर नर्सेस प्रदान किया जाता है। प्रशिक्षण की फाइनल परीक्षा में उत्तीर्ण होने के उपरान्त इनकी तैनाती सम्बन्धित जनपद के उपकेंद्र हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स में सीएचओ के पद पर की जाती है। मार्च 2023 तक 13692 नर्सों को सीसीएचएन का प्रशिक्षण प्रदान कर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स पर तैनात किया जा चुका है। यह प्रशिक्षण केजीएमयू के माध्यम से संचालित किया जाता है। इस क्रम में सीसीएचएन की फाइनल परीक्षा बीते 19 मार्च 2023 को कराई गयी थी। परीक्षा में 451 अनुत्तीर्ण पाये गये। ऐसे में इन अभ्यर्थियों को एक और मौका देते हुए एनएचएम ने पहली अक्टूबर को केजीएमयू के जरिए परीक्षा कराने का निर्णय लिया है।

# शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों ने किया मंत्री आवास का घेराव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**बेसिक** शिक्षा विभाग के परिषदीय विद्यालयों की 69000 शिक्षक भर्ती परीक्षा में पूछे गए शैक्षिक परिभाषा प्रश्न को गलत ठहराने के उच्चतम न्यायालय के अंतिम आदेश का अनुपालन अभी तक ना होने से नाराज अभ्यर्थियों ने मंगलवार को बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के आवास का घेराव किया। अभ्यर्थी आदेश के अनुपालन की मांग कर रहे थे। मंत्री आवास के बाहर अभ्यर्थियों के हंगामा की सूचना पर पहुंची पुलिस ने अब अभ्यर्थियों को बस में भर कर इको गार्डन के लिए भेजा, तब जाकर मामला शांत हुआ। इस बीच अभ्यर्थियों के एक प्रतिनिधिमंडल की पुलिस ने मंत्री से वार्ता भी कराई।

मंत्री के आवास के बाहर घेराव करने पहुंचे अभ्यर्थियों का कहना था कि वह या तो आज नियुक्ति लेकर जाएंगे या फिर यहीं पर अनशन करेंगे। उनका कहना है कि बीते 50 दिनों से वह इको गार्डन में धरना दे रहे हैं पर सरकार और बेसिक शिक्षा विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। जबकि सरकार सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट दोनों ही जगह पर हार चुकी है। प्रदर्शन करने पहुंचे अभ्यर्थियों में से एक महिला अभ्यर्थी चक्कर आने से वहीं पर बेहोश हो गई। जिसे दूसरे अभ्यर्थियों ने वहां से अस्पताल पहुंचाया। इस बीच मंत्री से मिलने गए अभ्यर्थियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि मंत्री ने उनकी मांगों को सुना और कहा कि सरकार उनकी मांगों को लेकर काफी गंभीर है। जल्दी एक नंबर मेरिट वाले और 6800 अभ्यर्थियों के मामलों को निपटारा कर लिया जाएगा। अभी अभ्यार्थियों को कहना है कि मंत्री ने चर्चा के दौरान कहा कि इस शिक्षक भर्ती प्रक्रिया के तहत चयनित किए गए 6800 अभ्यर्थियों के आरक्षण के मामले में हुई गलती के कारण अब उन पर भी नौकरी जाने का संकट खड़ा हो गया है। इस पर अभ्यर्थियों ने कहा कि उनका मामला नवंबर 2022 से लम्बित है। जबकि 6800 अभ्यर्थियों का मामला मार्च 2023 का है। ऐसे में सरकार दोनों मामलों को एक साथ जोड़कर ना देखें। अब मंत्री से वार्ता करके निकले अभ्यर्थियों का कहना है कि मंत्री ने उन्हें जल्दी मेरिट तैयार कर नियुक्ति करने का आश्वासन दिया है।

# एकेटीयू: तीसरे चरण की काउंसलिंग की सीटें आवंटित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डॉ.** एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से संबद्ध इंजीनियरिंग कॉलेज के जेईई मेंस के तहत बीटेक और नाटा के जरिये पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए कुलपति प्रो जेपी पांडेय के निर्देशन में तीसरे चरण की काउंसलिंग प्रक्रिया में मंगलवार को जेईई मेंस के तहत बीटेक के सरकारी कॉलेजों में 4569 सीटों के सापेक्ष 3295 सीट आवंटित की गयी। वहीं सीट कंफर्मेशन पेमेंट और ऑनलाइन विड्रॉल 26 से 27 सितंबर तक होगा। जबकि सीयूईटी यूजी और पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए बुधवार को सीट आवंटित की जाएगी। समन्वयक प्रो अरूण कुमार तिवारी ने बताया कि तीसरे राउंड की काउंसलिंग जारी है।

## दो अक्टूबर को मनाया जाएगा विश्व अहिंसा दिवस

**डॉ.** एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में दो अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती विश्व अहिंसा दिवस के रूप में मनायी जाएगी। कुलपति प्रो जेपी पांडेय के निर्देशन पर कुलसचिव रीना सिंह ने विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी संस्थानों को पत्र जारी कर दो अक्टूबर को विश्व अहिंसा दिवस मनाने को कहा है। इस दौरान संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित होंगे।

# लखनऊ में डेंगू के 16 नए रोगी मिले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ** जनपद में डेंगू के रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। मंगलवार को जनपद में डेंगू के 16 नए केस आये हैं। इनमें अलीगंज में 1, चन्दरनगर में 3, सरोजनीनगर में 3, इंदिरानगर में 4, एनके रोड इलाके में 3, सिल्वर जुबिली में 2 डेंगू के मरीज शामिल हैं। इसके साथ ही जनपद में लगभग 1052 घरों एवं आस.पास मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया और कुल 6 घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया।

इसके अतिरिक्त नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीमों द्वारा जनपद के विभिन्न स्थलों, भवनों का निरीक्षण किया गया तथा लार्वा रोधी रसायन का छिडकाव किया गया।

# यूपी बोर्ड परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि 10 अक्टूबर तक बढ़ी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने साल 2024 में होने वाले हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा के आवेदन फॉर्म भरने की तिथि बढ़ा दी है। छात्र 100 रुपए विलम्ब शुल्क के साथ 10 अक्टूबर तक फार्म भर सकते हैं। सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद दिव्याकांत शुक्ल के मुताबिक संस्था के प्रधानाचार्य को पंजीकृत अभ्यर्थियों की फोटो युक्त नामावली व परीक्षा फीस की एक प्रति परिषद के क्षेत्रीय कार्यालय व जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय को 15 अक्टूबर तक जमा करना होगा।

सचिव दिव्याकांत शुक्ल ने बताया कि हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के परीक्षा फॉर्म भरने के साथ ही शैक्षिक सत्र 2023.24 के कक्षा 9 एवं 11 के अग्रिम पंजीकरण के आवेदन भी किये जा सकते हैं। इसके लिए भी अंतिम तिथि 10 अक्टूबर निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य कक्षा 9 व 11 में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं के अग्रिम पंजीकरण शुल्क 50 रुपए प्रति छात्र की दर से चालान के माध्यम से कोषागार में एक मुक्त जमा करने तथा जमा किए गए पंजीकरण शुल्क की सूचना तथा छात्रों के शैक्षिक विवरण 15 अक्टूबर तक विभाग की वेबसाइट पर अपलोड कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि अग्रिम पंजीकरण करने वाले छात्र-छात्राओं के नाम, उनके माता-पिता के नाम की स्पेलिंग व उनके द्वारा चयनित विषयों के नाम, विषय कोड, जन्मतिथि की जांच विद्यालय अपने स्तर से पहले कर ले। इसके बाद ही छात्रों की अंतिम जानकारी को अपलोड करें। सचिव ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2023.24 के लिए कक्षा में कक्षा नौ में 27 लाख 51 हजार 807 परीक्षार्थियों ने व कक्षा 11 में 25 लाख 23 हजार 793 परीक्षार्थियों ने अभी तक पंजीकरण कराया है।

# प्रो. बीके ओझा बने केजीएमयू के नए सीएमएस



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**किंग** जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो.सोनिया नित्यानंद ने न्यूरो सर्जरी विभाग के प्रो. बी.के.ओझा को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के पद पर नियुक्त किया है। बता दें कि प्रो. एस.एन. शंखवार के इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस, बीएचयू के निदेशक नियुक्त होने के बाद सीएमएस का पद रिक्त हो गया था। इसी तरह प्रो. नित्यानंद ने प्रोस्थोडोंटिक्स विभाग के प्रो. सौम्येन्द्र विक्रम सिंह को विवि का डिप्टी रजिस्ट्रार नियुक्त किया है।

# वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए आशीष गोयल ने की विद्युत व्यवस्था की समीक्षा

**● प्रत्येक जिले में सर्वाधिक लाइन हानियों वाले 5 फीडरों को चिन्हित कर विद्युत व्यवस्था को बेहतर करने के लिए चलेगा अभियान**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**ऊर्जा** निगमों के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने मंगलवार को शक्ति भवन में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश की विद्युत व्यवस्था की भी समीक्षा की। बैठक में विद्युत विभाग आपके द्वाराए फोन घुमाओं अभियान, विद्युत बिल वसूली के सन्दर्भ में बनायी गयी रणनीति, केपीआई, अनुरक्षण, लाइन लॉस को कम करने, विद्युत चोरी को रोकने तथा उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिये सोशल मीडिया के माध्यम से किये जा रहे प्रयास आदि के बारे में अधिकारियों से विस्तृत पूछताछ की। समीक्षा के दौरान अध्यक्ष ने कहा कि सभी सम्मानित उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा उपभोक्ताओं को बिना किसी परेशानी के बिजली सही बिल उपलब्ध कराना सरकारका लक्ष्य है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एटी एण्ड सी हानियां न्यूनतम कर, राजस्व वसूली में वृद्धि की जाये । अध्यक्ष ने निर्देश दिये कि सभी सम्मानित उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से निर्बाध विद्युत आपूर्ति के साथ.साथ राजस्व संग्रह में वृद्धि का कार्य भी प्राथमिकता पर किया जाये। राजस्व संग्रह में तेजी लाने के लिए जमीनी स्तर पर और अधिक जागरूकता लाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली लक्ष्य को रणनीति बनाकर शत प्रतिशत प्राप्त किया जाये। अध्यक्ष ने कहा कि राज्य सरकार सभी सम्मानित उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से निर्बाध विद्युत आपूर्ति देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए प्रक्रियाओं का सरलीकरणए पारदर्शिता एवं जवाबदेही आवश्यक है। उन्होनें कहा कि योजनाओं को आवश्यकतानुसार गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध पूर्ण कराने के प्रयास किये जाये । अध्यक्ष ने बताया कि प्रत्येक नागरिक को नया कनेक्शन देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। झटपट एवं निवेश मित्र पर कनेक्शन तत्काल निर्गत किये जायें। कनेक्शन देने में लापरवाही करने पर जवाबदेही सुनिश्चित की जायेगी।उन्होंने कहा कि हर जिले के 5 सबसे ज्यादा लाइन लास के फीडर की लाइन हानियों को कम करने औरवहा की व्यवस्था को बेहतर बनाने के बाद ही अन्य फीडरों पर कार्य करें। अभियान के प्रारम्भ में ऐसे चिन्हित 5 फीडरों में काम होना चाहिए। वहां लोड बढ़ाने विधा परिवर्तन, अवैध कनेक्शन, विद्युत चोरी रोकने तथा विद्युत बिल वसूली के लक्ष्य को रखकर अभियान चलाइये। प्रत्येक डिस्काम में एक वरिष्ठ अधिकारी नोडल बनाया जायेगा जो इन हाई लास फीडर के सम्बध में कार्यवाई का प्रतिदिन अनुश्रवण करेंगे। यह बिजिलेन्स के अधिकारियों को भी क्वार्डीनेट करेंगे। अध्यक्ष ने कहा कि सभी कार्मिक उपभोक्ताओं के प्रति अपना व्यवहार बेहतर रखे तथा उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निस्तारण करे। उन्होंने कहा कि जहां भी विद्युत कार्मिकों के दुव्यर्वहार या अधिकारों के दुरूपयोग की शिकायत आयेगी वहां कड़ी कार्यवाई होगी।

# समग्र जीवन दर्शन है श्रीमद्भागवत कथाः योगी

**● महंत दिग्विजयनाथ व महंत अवैद्यनाथ की पुण्य स्मृति में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ**



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा न केवल एक कथा है अपितु समग्र जीवन दर्शन है। इस संसार में कर्म के फल से ही सुख.दुख प्राप्त होता है। कर्म से यदि स्वर्ग भी प्राप्त होता है तो वह भी नित्य नहीं है। जब तक पुण्य है तभी तक स्वर्ग भोग करेंगे। जब पुण्य छीण होगा तो पुन: मृत्यु लोक में आना पड़ेगा। ऐसे में इस आवागमन के चक्र से मुक्ति का मार्ग बताने वाली कथा श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा है, जो जीव को मुक्ति दिलाती है।

सीएम योगी गोरखनाथ मंदिर में युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की 54वीं एवं राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की 9वीं पुण्यतिथि समारोह के उपलक्ष्य में मंगलवार अपराह्न श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ के शुभारंभ अवसर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। मंदिर के दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गोरक्षपीठ प्रतिवर्ष श्रीराम कथा अथवा श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन करती है। इस वर्ष हमारे बीच में श्रीमद्भागवत कथा के विश्व विश्रुत विद्वान भागवत भास्कर कृष्णचंद्र शास्त्री ठाकुर जी महाराज उपस्थित हैं। व्यासपीठ की पूजा करने व आरती उतारने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कथा सबसे पहले इसी उत्तर प्रदेश की भूमि नैमिषारण्य में सुनाई गई थी। इस कथा को लोग सुनते हैं और जानते हैं कि यह हमारे पूर्वजों की कथा है। यह हमारी संस्कृति की कथा है।इसमें भगवान की लीला का वर्णन है। उन्होंने कहा कि अपने जीवन के दायित्व के साथ-साथ धर्म का आचरण करना और प्रभु की लीला का श्रवण करना चाहिए। क्योंकि कहा गया है, जहां धर्म होता है, वहीं विजय भी होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले की सरकारों ने सनातन धर्म की उपेक्षा की तथा कथा को काल्पनिक बताया । पर वर्तमान सरकार बनाने के बाद आज धार्मिक स्थलों का पुनुरुद्धार हो रहा है जो 19 47 में ही हो जाना चाहिए था।

मुख्यमंत्री के संबोधन के उपरांत श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान व्यासपीठ पर विराजमान कथा व्यास वृंदावन मथुरा से पधारे भागवत भास्कर कृष्णचंद्र शास्त्री श्ठाकुर जीश् ने कराया। कथा प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे से शाम 6 बजे तक सुनाई जाएगी। इसका विराम हवन एवं भंडारे के साथ 2 अक्टूबर को होगा। श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ के शुभारंभ से पूर्व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में मुख्य मंदिर से कथा स्थल तक बैंडबाजे, शंख ध्वनि की गूंज तथा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के कथा स्थल पहुंचने पर गोरक्षपीठाधीश्वर ने अखंड ज्योति स्थापित की। इस अवसर पर महंत सुरेश दास, राघवाचार्य, अवधेश दास, दासलाल, गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, संतोष दास आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# पहली अक्टूबर को सुबह एक घंटे चलाई जाए 'स्वच्छता के लिए श्रमदान करें' मुहिम

**● मुख्य सचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में दिए निर्देश**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा है कि मुख्य सचिव ने कहा कि गांधी जयंती के अवसर पर 15 सितम्बर से स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसकी थीम गारबेज फ्री इंडिया है। अभियान के तहत 7 गतिविधियों पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। इसमें स्रोत पृथक्करण के लिए, बिन प्रणाली (हरा गीला, सूखा नीला), रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकिल, सिंगल यूज प्लास्टिक का विकल्प, जीरो वेस्ट इवेंट्स, क्लीन पब्लिक टॉयलेट्स, नो रेड और येलो स्पॉट्स और पर्यावरण के अनुकूल लाइफस्टाइल को अपनाना है। इसके अलावा 1 अक्टूबर को सुबह 10 बजे एक घंटे का 'स्वच्छता के लिए श्रमदान करें' मुहिम चलाई जाए।

मुख्य सचिव मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रे न्सिंग के माध्यम से मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि नमामि गंगे एवं जलापूर्ति विभाग में उत्तर प्रदेश में अच्छा कार्य हो रहा है। हर घर जल योजना में जिन जनपदों का प्रदर्शन बेहतर नहीं है, वहां विशेष ध्यान दिया जाए। प्रदेश के प्रत्येक विद्यालय और आंगनबाड़ी केन्द्रों को हर घर जल योजना का लाभ मिलना चाहिए। ई-खसरा पड़ताल की समीक्षा में उन्होंने उल्लेखनीय प्रगति पर प्रसन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि सर्वे का कार्य आगामी 30 सितम्बर तक पूर्ण कराने हेतु जिलाधिकारियों द्वारा नियमित अनुश्रवण किया जाए।

शीघ्र कटाई वाली फसलों का प्राथमिकता के आधार पर सर्वे किया जाए। बैठक में बताया गया कि 34 जिलों में सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है। 9 में सर्वे का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। 11 जनपदों में सर्वे का कार्य 96 प्रतिशत से अधिक पूर्ण हो चुका है।

बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प के तहत मार्च 2024 से पूर्व अवशेष विद्यालयों में बाउंड्रीवॉल के साथ गेट का भी निर्माण कराया जाए। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नामित कार्यदायी संस्था के साथ बैठक कर विद्यालय एवं परियोजनावार त्रुटिरहित एवं औचित्यपूर्ण आगणन मय डीपीआर तैयार कराकर अपर शिक्षा निदेशक राजकीय उत्तर प्रदेश प्रयागराज को प्रेषित किया जाए। बैठक में बताया गया कि ऑपरेशन कायाकल्प के तहत 82 प्रतिशत विद्यालयों को बाउंड्रीवॉल के साथ गेट का निर्माण, 86 प्रतिशत विद्यालयों को पाइप वाटर व सबर्सिबल तथा 89 प्रतिशत को विद्युत संयोजन से संतृप्त किया जा चुका है। प्रोजेक्ट अलंकार के तहत 56 जिलों से डीपीआर और बजट प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। इससे पूर्व, जिलाधिकारी गाजीपुर द्वारा आकाशीय बिजली से न्यूनीकरण के विषय पर प्रस्तुतीकरण दिया गया। उन्होंने बताया कि जनपद में 162 लाइटनिंग अरेस्टर तहसीलों में उन स्थानों पर लगाए गए हैं, जहां वज्रपात की घटना अधिक घटित हुई। लाइटनिंग अरेस्टर लगने के पूर्व कासिमाबाद तहसील में सबसे अधिक 10 जनहानि हुई थी। लाइटनिंग अरेस्टर लगने के पश्चात कासिमाबाद तहसील में एक भी घटना घटित नहीं हुई।

बैठक में प्रमुख सचिव लोक निर्माण अजय चौहान, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा एमपी अग्रवाल, सचिव कृषि राजशेखर, प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश जल निगम ग्रामीण बलकार सिंह, आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद मनीषा त्रिघाटिया, राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# ब्रजेश पाठक ने किया अन्नपूर्णा प्रसादम सेवा रसोई का शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** में संस्था भारतीय जनकल्याण महासमिति की ओर से अन्नपूर्णा प्रसादम सेवा रसोई शुरू किया गया है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक एवं उनकी धर्मपत्नी नम्रता पाठक ने मंगलवार को इस सेवा रसोई का शुभारंभ किया। शुभारंभ करने के बाद डिप्टी सीएम एवं उनकी धर्मपत्नी ने प्रसाद वितरण किया। भारतीय जनकल्याण महासमिति के अध्यक्ष पीयूष दुबे ने बताया की संस्था के 'हमारी यात्रा' मिशन के तहत अन्नपूर्णा प्रसादम सेवा रसोई की शुरुआत की गई है। इस सेवा के तहत अनाथ बच्चों, वंचित जनों, जरूरतमंद एवं बुजुर्गो के लिए निशुल्क भोजन एवं फल वितरण किया जाएगा। विभिन्न स्थानों सहित यह सेवा रसोई अस्पतालों में भर्ती मरीजों के लिए पौष्टिक भोजन एवं फ्ल वितरण करेगी । अन्नपूर्णा प्रसादम का शुभारंभ करने के बाद ब्रजेश पाठक ने कहा की



संस्था का यह प्रयास समाज में सकारात्मक सोच को जन्म देगा। और इस सोच से तमाम लोग प्रेरणा लेकर ऐसे ही जरूरतमंदों की मदद करने के आयोजन करते रहेंगे। इस मौके पर शिवेंद्र दुबेए, धुरेश मिश्र, अनीता वर्मा, अंजली पांडे, राहुल सिंह, विवेक सिंह, शिवम पांडे एवं बृजेंद्र बहादुर मौर्य सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# 'भारत की भूटान को पाती' पत्रिका का शिवपाल ने किया विमोचन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**वरिष्ठ** समाजवादी नेता शिवपाल सिंह यादव ने समाजवादी चिंतक दीपक मिश्र द्वारा लिखित 'भारत की भूटान को पाती' अभियान पुस्तिका जारी करते हुए कहा कि भारत और भूटान का संबंध काफी प्रगाढ़ व पुराना है। उन्होंने कहा कि जब चीन ने भूटान की सीमा का अतिक्रमण किया था, लोहिया ने 3 नवंबर 2964 को भूटान के पक्ष में आवाज बुलंद की थी। जार्ज, मधुलिमये, मुलायम सिंह यादव, जनेश्वर व वर्तमान समाजवादी भी भूटान व तिब्बत की आवाज उठाते रहे हैं। लोहिया ने लोकसभा में भारत व भूटान के बीच डाक व्यवस्था सुधारने की जोरदार पैरवी की थी जिसे तत्कालीन सरकर ने तुरंत मान लिया था। भारत को सुरक्षा परिषद का स्थाई बनवाने में केंद्र सरकार



विफल रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार स्वेत पत्र जारी कर बताए कि विदेश मंत्रालय की यूएनओ नीति क्या है और भारत कब तक स्थाई सदस्यता से वंचित रहेगा। बौद्धिक सभा व संयुक्त राष्ट्र हिंदी जन अभियान के अध्यक्ष दीपक मिश्र ने कहा कि दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी भाषा होने के बावजूद हिंदी को संयुक्त राष्ट्र संघ की आधिकारिक भाषा का दर्जा न देना दुर्भाग्यपूर्ण है। हिंदी जन अभियान के सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि भारत एवं हिंदी के लिए जन समर्थन जुटाने के लिए 27 सितंबर से भूटान की पाक्षिक प्रवासीय यात्रा करेंगे। दीपक 28 सितंबर को फुंशियोंग में हिंदी भाषियों की बैठक करेंगे। दो अक्टूबर को राजधानी थिम्पू स्थित ऐतिहासिक क्लॉक टावर ओपेन सभागार में महात्मा बुद्ध, गांधी व एशिया के प्रकाश स्तम्भ, विषयक बुद्धिजीवियों एवं सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ताओं की संगोष्ठी को संबोधित करेंगे। अपने पाक्षिक प्रवासीय यात्रा में मिश्र द्वारा दो दर्जन से अधिक संवाद व संगोष्ठियां प्रस्तावित हैं। मिश्र नेता प्रतिपक्ष रहे आईसीआईएमोडी के महानिर्देशक पेमा ग्यामतशो, नेता प्रतिपक्ष दोरजी वांगड़ी समेत कई नेताओं से मिलेंगे। अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में हिंदी भाषियों की दैनंदिक समस्यायों के समाधान के लिए प्रधानमंत्री लोटे शेरिग से मिलेंगे।

इस अवसर राजेश अग्रवाल, प्रख्यात चिकित्सक संदीप मौर्य समेत कई सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी व समाजवादी उपस्थित रहे।

# नवयुग में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**नवयुग** कन्या महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा मंगलवार को को 'उत्तर प्रदेश-1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की ओर' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बीए, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने छात्राओं के कार्य की सराहना की और इस तरह की अन्य गतिविधियों में प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस पोस्टर प्रतियोगिता का मूल्यांकन महाविद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिकाओं राजनीतिशास्त्र की विभागाध्यक्षा डॉ गीताली रस्तोगी, दर्शनशास्त्र की विभागाध्यक्षा मेजर डॉ. मनमीत कौर सोढी एवं एआइएच की विभागाध्यक्षा प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने किया। इस अवसर पर अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्ष डॉ. शर्मिता नंदी, वरिष्ठ शिक्षिका डॉ. नीतू



सिंह, डॉ. अंजुला कुमारी और डॉ. श्वेता उपाध्याय धर उपस्थित रहीं।

इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार .कोमल कन्नोजिया बीए तृतीय वर्ष, द्वितीय पुरस्कार साक्षी बाजपेयी बीए तृतीय वर्ष, रिया पान्डे बीए तृतीय वर्ष, तृतीय पुरस्कार निकिता बीए द्वितीय वर्ष एवं दीपाली वर्मा बीए तृतीय वर्ष और सान्त्वना पुरस्कार महविश सिद्दीकी बीए प्रथम वर्ष एवं उन्नति शुक्ला बीएतृतीय वर्ष को मिला।

# अरुण गोविल ने डिप्टी सीएम केशव मौर्य से की भेंट

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से भारतीय टेलीविजन के सबसे लोकप्रिय धारावाहिक रामायण में प्रभु श्रीराम की भूमिका निभाने वाले प्रसिद्ध अभिनेता अरुण



गोविल ने मंगलवार को शिष्टाचार भेंट की। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट से रामायण में प्रभु श्रीराम की भूमिका निभाने वाले अभिनेता अरुण गोविल से मुलाकात की तस्वीरें साझा की। उन्होंने लिखा कि आज सात कालिदास सरकारी आवास पर भारतीय टेलीविजन के सबसे लोकप्रिय धारावाहिक रामायण में प्रभु श्रीराम की भूमिका निभाने वाले प्रसिद्ध अभिनेता अरुण गोविल से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उनसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

# परिषदीय विद्यालयों के रसोइयों को आयुष्मान भारत का मिलेगा लाभ, भेजा प्रस्ताव

**लखनऊ।** प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में तैनात रसोइयों को अब आयुष्मान भारत के दायरे में लाने की तैयारी सरकार ने कर ली है। सरकार के इस कदम से प्रदेश के 3.47 लाख रसोइयों को आयुष्मान का लाभ मिल सकेगा। इस बाबत महानिदेशक स्कूल शिक्षा और मध्याह्न भोजन प्राधिकरण के निदेशक विजय किरण आनंद की ओर से प्रस्ताव अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा को भेजा गया है।

वैसे पिछले विधान सभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रसोइयों का मानदेय 1500 रुपये बढ़ाकर 2000 करने, यूनिफॉर्म देने और आयुष्मान भारत योजना से जोड़ने का ऐलान किया था।

# अंगदान के प्रति जागरूक करने के लिए निकाली रैली



**लखनऊ।** हिमालयन ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशंस, बीकेटी, लखनऊ में वर्ल्ड फार्मेसी डे का ग्रुप के घटक संस्थान एचआईपीआर द्वारा सफल आयोजन 25 एवं 26 सितम्बर को किया गया। संस्था के छात्र- छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओ जैसे डिबेट, पोस्टर मेकिंग, रंगोली, एवं फार्मेसी क्विज में प्रतिभाग किया गया। इसी क्रम में 26 सितम्बर को संस्था के सभी छात्र-छात्राओं के द्वारा अंगदान-महादान के जागरूकता के सम्बन्ध में एक जागरूकता रैली का सफ ल आयोजन कॉलेज के प्रांगण से बक्शी के तालाब तक किया गया। कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि आनंद द्विवेदी महानगर अध्यक्ष भाजपा तथा उपाध्यक्ष विवेक सिंह, युवा अध्यक्ष टिंकू सोनकर एवं अलोक द्विवेदी की उपस्तिथि में संपन्न किया गया। जिसमें उत्तर . प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना 2023 के अंतर्गत संस्था के फार्मेसी एवं आईटीआई के छात्र- छात्राओं को टेबलेट वितरण किया गया।

# मांगों को लेकर किसानों ने की रोड जाम, डीएम के आश्वासन पर माने

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**जर्जर** खुझौली.नगराम रोड निर्माण और डीएम सर्किल रेट में बढ़ोत्तरी की मांग को लेकर 38 दिन से मोहनलालगंज के खुझौली चौराहे पर धरना.प्रदर्शन कर रहे राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं का सब्र मंगलवार को जवाब दे गया। हजारों की तादात में उमड़े किसानों की महापंचायत में दोपहर तक पीडब्ल्यूडी और जिला प्रशासन के अधिकारी नही पहुंचे तो आक्रोशित किसानों ने जिला महामंत्री हरिपाल वर्मा व जिलाध्यक्ष दिनेश यादव और प्रदेश अध्यक्ष प्रताप बहादुर की अगुवाई में मुख्यमंत्री आवास के लिए कूच कर दिया। एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य और एसीपी नितिन कुमार सिंह ने किसानों को समझाना चाहा



लेकिन डीएम को बुलाने की जिद कर रहे किसानों ने उनकी एक नही सुनी और नई जेल रोड पर पैदल ही चल पड़े। किसानों के साथ पुलिस और प्रशासन के अधिकारी को भी पैदल चलते रहे। नई जेल रोड पर गनेश खेड़ा में एडीएम वित्त एवं राजस्व राकेश कुमार ने किसानों को रोंककर वार्ता शुरु की लेकिन डीएम सूर्यपाल गंगवार को मौके पर बुलाने की मांग कर रहे किसान नेताओं से एडीएम की वार्ता विफ्ल रही। किसान फ्रि से मोहनलालगंज की ओर पैदल चल दिए। अतरौली मोड़ पर पुलिस ने भारी वाहन खड़े कराकर किसानों का रास्ता बन्द कर दिया। जिस पर नाराज किसान नई जेल रोड जाम कर धरने पर बैठ गए। किसानों के पैदल कूच की वजह से मोहनलालगंज के नई जेल रोड पर साढ़े तीन घण्टे तक जाम की स्थिति बनी रही। सूचना मिलते ही एडीसीपी साउथ शशांक सिंह और डीसीपी साउथ विनीत जायसवाल एडीएम राकेश कुमार के साथ अतरौली मोड़ पर पहुंच गए। डेढ़ घण्टे तक चली कई दौर की वार्ता के बाद अफ्सरों ने किसान नेताओं की डीएम सूर्यपाल गंगवार से फोन पर वार्ता कराई तब जाकर किसान शान्त हुए और रोड जाम समाप्त कर मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच का कार्यक्रम स्थगित कर दिया।

## वार्ता सफल न हुई तो करेंगे विशाल महापंचायत

राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष दिनेश यादव ने बताया एडीएम व डीसीपी ने 29 सितम्बर को किसानों के प्रतिनिधिमण्डल की डीएम व पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियन्ता से वार्ता कराने का भरोसा दिया है। वार्ता सफल नहीं हुई तो राजधानी में विशाल महापंचायत की तैयारी है। प्रदेश अध्यक्ष प्रताप बहादुर ने बताया डीएम ने फोन से वार्ता कर मांगें पूरी कराने का भरोसा दिया है। हालांकि मांगे पूरी होने तक धरना जारी रहेगा।

# लम्पी स्किन डिजीज की रोकथाम के लिए एक करोड़ वैक्सीन लगाई जाएंः धर्मपाल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**पशुधन** एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के गोवंश को लम्पी स्किन डिजीज से बचाव एवं रोग के प्रसार को रोकने के लिए एक माह में एक करोड़ वैक्सीन लगाई जाएं और वैक्सीन की पर्याप्त मात्रा में डोज की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन 3.5 लाख टीकाकरण किया जाए। सिंह ने कहा है कि लम्पी रोग से बचाव के लिए और अधिक सतर्कता बरती जाए और प्रभावित गोवंश का समुचित उपचार किया जाए। यदि किसी स्थान पर पशु मेला, हाट आदि के आयोजन की सूचना प्राप्त होती है तो उस पर तत्काल रोक लगाई जाए। किसानों और पशुपालकों को रोग से बचाव के लिए जागरूक किया जाए और इसका व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित किया जाए।

पशुधन मंत्री ने मंगलवार को विधानभवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में टीम 9 के साथ बैठक करते हुए प्रदेश में लम्पी स्किन डिजीज की रोकथाम के लिए किए जा रहे कार्यों का सघन अनुश्रवण किया और मंडलों के नोडल अधिकारियों से लम्पी रोग की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गोवंश के बचाव के लिए प्रत्येक स्तर पर आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की जाए और टीकाकरण एवं उपचार के अभाव में गोवंश की हानि न होने पाए। उन्होंने कहा कि पश्चिमी एवं मध्य क्षेत्र के लम्पी से अप्रभावित 35 जनपदों में टीकाकरण कार्य की गति बढ़ाई जाए और प्रदेश के जो जनपद प्रभावित नहीं हैं उन जनपदों में गोटपॉक्स वैक्सीन से टीकाकरण कराकर आच्छादित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद वाराणसी में रोग से बचाव के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित किया जाए।

पशुधन मंत्री ने निर्देश दिए कि निराश्रित गोवंश के संरक्षण हेतु गोआश्रय स्थलों का विस्तारीकरण का कार्य मिशन मोड में संचालित किया जाए और आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की जाए। इस हेतु नगर विकास विभाग से समन्वय भी स्थापित किया जाए। उन्होंने कृत्रिम गर्भाधान के कार्यों की धीमी गति पाए जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए लक्ष्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर मुख्य सचिव डॉ. रजनीश दुबे ने मंत्री धर्मपाल को विभाग द्वारा लम्पी रोग नियंत्रण एवं बचाव के संबंध में कृत कार्यवाही से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि अब तक 65 लाख टीकाकरण किया गया है और प्रदेश के समस्त जनपदों को वैक्सीन प्राप्त करा दी गई है। अब तक 11784100 वैक्सीन जनपदों को वितरित की जा चुकी है। अब तक लम्पी स्किन बीमारी से 40 जनपद प्रभावित हुए हैं। कुल 8825 गोवंश प्रभावित हैं एवं मात्र 59 गोवंश की बीमारी से मृत्यु हुई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि गोआश्रय स्थलों एवं गोसंरक्षण केन्द्रों के सैनेटाइजेशन एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए और लम्पी रोग के बचाव के लिए सार्वजनिक स्थलों पर 'क्या करें, क्या न करें' के पोस्टर, बैनर, होर्डिंग एवं वालराइटिंग कराकर व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में बताया कि लम्पी प्रो वैक्सीन की 15000 डोज एनआरसी हिसार से प्राप्त कर 11000 डोज गोरखपुर मण्डल, 2000 डोज जनपद बलरामपुर एवं 2000 डोज जनपद लखनऊ को प्राप्त करा दी गई है। पूर्व में 1000 डोज एनआरसी हिसार से प्राप्त कर गोरखपुर जनपद की 2 गोशालाओं में लगा दी गई है।

# राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के समस्त कार्य अब हिन्दी में होंगे

**लखनऊ।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव संजय कुमार प्रथम ने बताया कि न्यायमूर्ति सूर्य प्रकाश केसरवानी, वरिष्ठ न्यायाधीश, उच्च न्यायालय इलाहाबाद व कार्यपालक अध्यक्ष, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के समस्त कार्यों को राजभाषा हिन्दी में सम्पादित करने का कृपापूर्ण निर्देश प्रदान किया गया है। इससे प्राधिकरण के अधिकारियों व कर्मचारियों को कार्य सम्पादन में सरलता होगी और राजभाषा के प्रति यथोचित सम्मान अभिव्यक्त होगा। राज्य में शासकीय कार्यों की भाषा हिन्दी है और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा भी सामान्य रूप से हिन्दी भाषा में कार्य किया जाता है। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एक सांविधिक संस्था है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 में यह उपबन्धित किया गया है कि संघ की राज भाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी होगी। संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिये प्रयोग होने वाले अंक का रूप भारतीय अंकों का अन्तर्राष्ट्रीय रूप होगा।

# हाईवे पर मोबाइल शॉप के लॉक तोड़कर लाखों का सामान उठा ले गए चोर

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**भावा** खेड़ा में बेखौफ चोरों ने मोबाइल शॉप का लॉक तोड़कर लाखों के मोबाइल फोन व स्मार्ट वाच और हजारों रुपए की नकदी समेटकर फ्रार हो गए। मंगलवार की सुबह पहुंचे दुकानदार ने शटर के लॉक टूटे और लाखों का सामान गायब देखा तो उसके होश उड़ गए। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी दल.बल के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन के बाद एफ्आईआर दर्ज कर ली है। मोहनलालगंज के भावा खेड़ा निवासी अभिषेक सिंह ने रायबरेली हाईवे पर रचना कम्यूनिकेशन एण्ड मोबाइल शॉप खोल रखी है। इसी दुकान में वह कॉमन सर्विस सेण्टर का भी संचालन करता है। सोमवार की रात दुस्साहसी चोरों ने मोबाइल शॉप के सारे लॉक तोड़कर अन्दर रखे 63 कीपैड व 28 स्मार्ट मोबाइल फोन 22 स्मार्ट वाच और 23 मरम्मत के लिए आए ग्राहकों के पुराने मोबाइल फोन सेट उठा ले गए। यही नहीं दुकान में रखी 42 हजार रुपए की नकदी भी लेकर चले गए। अभिषेक के मुताबिक उनकी दुकान से तकरीबन 8 लाख रुपए का सामान चोरी हुआ है। सीसीटीवी रिकार्डिंग से पुलिस को कोई सुराग नही मिल सके इसलिए दुस्साहसी चोर सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी निकाल ले गए। मंगलवार की सुबह 5 बजे दुकान पहुंचे व्यवसायी अभिषेक सिंह ने शटर के सारे लॉक टूटे और दुकान खाली देखकर उनके पैरों तले की जमीन खिसक गई। चोरी का मैसेज सोशल मीडिया पर वायरल होते ही इंस्पेक्टर संतोष



कुमार आर्य और एसएसआई बेचू सिंह यादव पुलिस टीम के साथ फौरन घटनास्थल पर पहुंच गए। हालांकि छानबीन में पुलिस को कोई सुराग हाथ नही लग सका। दुकानदार अभिषेक सिंह की तहरीर पर पुलिस ने चोरी की एफआईआर दर्ज कर आसपास हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

**थम गया सायरन और सीटी का शोर, बढ़ रही वारदातें**-मोहनलालगंज में पुलिस गश्त के दौरान सायरन और शीटी का शोर अब गुजरे दिनों की बात हो चुकी है। भावा खेड़ा और बैरीशालपुर व कनकहा ही नही भागू खेड़ा हरिकंशगढ़ी व हुलासखेड़ा तथा खुझौली पुलिस चौकी क्षेत्र में भी क्षेत्रीय लोगों ने कई वर्षों से पुलिस की वैसी गश्त न देखी है और न ही पुलिस के सायरन व सीटी का शोर सुना है। लिहाजा हाईटेक पुलिसिंग के दौर में भी प्रभावी पुलिस गश्त के अभाव में अपराधिक वारदातें बढ़ती जा रही हैं। मंगलवार को हाईवे पर लाखों की चोरी की वारदात के दौरान जमा भीड़ में भी लोग पुलिस गश्त में लापरवाही को लेकर सवाल उठाते रहे। हालांकि पुलिस अधिकारियों ने आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया।

# लखनऊ रेंज पुलिस और पीरामल फायनांस ने लॉन्च की साइबर सुरक्षा जागरूकता पहल- *सबकी नियत साफ नहीं*

**● पायलट प्रोजेक्ट उन्नाव, रायबरेली, सीतापुर, हरदोई, और खीरी में शुरू होगा**




**रायबरेली।** लखनऊ रेंज पुलिसऔर पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फायनांस लिमिटेड (जिसे पीरामल फायनांस कहते हैं) ने आज श्सबकी नियत साफ नहीं होतीश्अभियानके लॉन्च की घोषणा की, जो नागरिकों को सुरक्षा और वित्तीयसाइबर धोखाधड़ी से बचाव के बारे में जागरूक बढ़ाने से जुड़ी संयुक्त पहल है। इस संयुक्त पहल के तहत, नुक्कड़ नाटक, सोशल मीडिया आउटरीच, संवादपरक कार्यशाला, वीडियो, बैनर, साइनेज बोर्ड और अन्य गतिविधियां शामिल होंगी।

पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गई यहसंयुक्त पहल,सबसे पहले, अगले 2 महीनों में लखनऊ रेंज में लागू की जाएगी, जिसमें रायबरेली, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव और खीरी जिले शामिल होंगे। इस पहल को संबंधित जिलों के सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस (एसपी) के सहयोग से लागू किया जाएगा। इस पहल को रायबरेली में, लखनऊ जोन के एडिशनल डीजी, पीयूष मोर्डिया, लखनऊ रेंज के आईजी, तरूण गौबा और रायबरेली के एसपी, आलोक प्रियदर्शीने पीरामल फायनांस के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, सुनीत मदानऔर पीरामल फायनांस केहेड-मार्केटिंग, अरविंद अय्यर साथ अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और पीरामल फायनांस के अधिकारियों की उपस्थिति में लॉन्च किया। इस पहल का उद्देश्य है, उन अनुभवों और साइबर खतरों के बारे में जागरूक बनाना, जिनका लोग दैनिक स्तर पर सामना करते हैं और उन्हें सतर्क रहने और वित्तीय साइबर धोखाधड़ी का शिकार न होने के लिए शिक्षित करना। सबकी नियत साफ नहीं होती पहल इस दिशा में एक सकारात्मक कदम है और मुझे इस पहल के शुभारंभ के मौके पर उपस्थित होने की खुशी है। यहां मौजूद लखनऊ रेंज के आईजी, तरूण गौबा ने कहा, हम सब ऑनलाइन सुरक्षा - घर पर, कार्यस्थल पर और अपने लोगों के बीचदृ के लिए कुछ सरल उपाय करें तो इंटरनेट का उपयोग करना, खासकर वित्तीय लेन-देन सभी के लिए अधिक सुरक्षित हो जाता है।

# कुलपति ने मुख्यमंत्री योगी से की शिष्टाचार मुलाकात



**● सीएम से भेंट के दौरान संस्कृत विवि के चतुर्दिक विकास पर चर्चा: कुलपति**

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**सम्पूर्णानन्द** संस्कृत विवि के कुलपति प्रो बिहारी लाल शर्मा ने लखनऊ में कालिदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत और अभिनंदन करते हुए शिष्टाचार भेंट की।

कुलपति प्रो बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि उस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विवि की प्रगति से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए शिक्षा में गुणवत्ता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, समर्पण एवं संबंद्ध शैक्षणिक संस्थानों के सतत सुधार एवं विकास के साथ.साथ विश्वविद्यालय के अभ्युदय की दृष्टि में सम्यक प्रयास हो तथा कार्यालयों में अनुशासित भाव से कार्य.संस्कृति को विकसित करने हेतु उनकी दूरदृष्टि व उनका शिव संकल्प वास्तव में अभिनंदनीय तथा स्तुत्य है।

कुलपति प्रो बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री ने विवि के सर्वांगीण विकास के लिए अपेक्षित हर सम्भव सहयोग का आश्वासन दिया।

# आरेडिका में राजभाषा पखवाड़ा के अंतर्गत काव्य पाठ एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन



**लालगंज रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा हैं जिसके अंतर्गत रेलवे कर्मचारियों को हिंदी में अधिकाधिक काम करने में प्रेरित करने के उद्देश्य से मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री अमरनाथ दूबे के नेतृत्व में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने विभिन्न कार्यक्रमों जैसे- साहित्यिक रचनाओं, काव्यपाठ, नुक्कड़ नाटक, साहित्यिक प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन, राजभाषा शब्दावली अनुवाद, वाक् प्रतियोगिता, प्रारूप एवं टिप्पणी लेखन आदि के माध्यम से हिंदी में अपनी रुचि का परिचय दिया। आगे इसी कडी में राजभाषा अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि 25.09.2023 को काव्य पाठ का आयोजन किया गया जिसमें कुल 22 प्रतिभागियों ने हिंदी में अपनी काव्य प्रतिभा का परिचय दिया। नुक्कड़ नाटक का मंचन एवं हिंदी साहित्य प्रश्नोत्तरी में आधुनिक काल की कविताओं एवं उपन्यासों पर बनी हिंदी फिल्मों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। महाप्रबंधक ने बताया कि, राजभाषा के रूप में हिंदी को विकसित करने में आरेडिका के राजभाषा विभाग द्वारा सराहनीय प्रयास किये जा रहे हैं।

# एनटीपीसी रिहंद में कार्यशाला का आयोजन




**बीजपुर/सोनभद्र।** एनटीपीसी रिहंद में हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत हिन्दी कार्यशाला का आयोजन कर्मचारी विकास केंद्र के नेहरू सभागार में किया गया। हिन्दी में काम-काज को बढ़ावा देने हेतु इस कार्यशाला का आयोजन एनटीपीसी रिहंद के कर्मचारियों हेतु किया गया। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में डॉ मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव नें हिंदी के महत्व को बढ़ावा देने और एनटीपीसी रिहंद के कर्मचारियों को राजभाषा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से, प्रशिक्षित किया। उन्होने संघ कि राजभाषा नीति, राजभाषा प्रावधान, अष्टम सूची, राजभाषा अधिनियम 1963, राजभाषा नियम 1976, हिन्दी वर्तनी का मानकीकरण, जांच बिन्दुओं का अनुपालन, नोटिंग ड्राफ्टिंग आदि से संबन्धित, प्रशिक्षण दिया। इस कार्यशाला द्वारा कर्मचारियों को हिंदी में अधिक निपुण बनाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम का संचालन ग्रीष्मा कुमारी ने किया। उक्त कार्यशाला में मानव संसाधन वित्त सतर्कता एमजीआर सीएचपी बीएमडी प्रचालन परियोजना प्रमुख कार्यालय आदि विभागों के कर्मचारी लाभान्वित हुए।

# सेमरौता में कांवड़ियों का विहंगम दृश्य दिखा सुरक्षा के लिए भारी संख्या में पुलिसबल तैनात

**तिलोई, अमेठी।** गंगाघाट डलमऊ से जल भरकर हजारों कांवरियों का काफिला सेमरौता पहुंचा। भक्तिमय गीतों पर कांवरियां थिरकते नजर आ रहे हैं। कांवरियों की सुरक्षा में भारी संख्या में पुलिस प्रशासन मुस्तैदी के साथ डटा हुआ है।थानाध्यक्ष तनुज कुमार पाल व सेमरौता चौकी इंचार्ज शत्रोहन लाल वर्मा मय दलबल के साथ डटे रहे। डलमऊ गंगाघाट से जल भरकर अनंत चतुर्दशी को हैदरगढ़ के औसानेश्वर धाम पर जलाभिषेक के लिए चले भक्तों का जत्था मंगलवार शाम कस्बा सेमरौता पहुंचा जहां भोले के भक्तों का कस्बा वासियों ने जोरदार स्वागत किया। सदगुरु कृपा फ्यूल्स स्टेशन पर हिमांशु बाजपेई की अगुवाई में पूर्व जिला पंचायत सदस्य कर्ण कुमार बाजपेई, संतोष मिश्रएकल्लू यादव ने कावंरियों को जलपान कराकर जोरदार स्वागत किया। वहीं हनुमानगंज चौराहे पर दुर्गा इंटरप्राइजेज के पास सुशील सिंह एहेमेंद्र प्रताप सिंह लल्लू बाबू व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि बंटी सिंह की अगुवाई में कावरियों का जोरदार स्वागत किया गया तथा भंडारे का आयोजन किया।


कांवरियों का हुजूम

कस्बा सेमरौता के रामगंज चौराहे पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि दिनेश जायसवाल और संतोष जायसवाल के नेतृत्व में तिलोई प्रेस क्लब अध्यक्ष जितेंद्र मिश्र, प्रमोद वर्मा ने भोलेनाथ के भक्तों का अभूतपूर्व स्वागत किया और दो घंटे से अधिक समय तक क्षेत्र बोल बम के उद्घोष गुंजायमान रहा। थानाध्यक्ष शिवरतनगंज तनुज कुमार पाल और सेमरौता चौकी इंचार्ज शत्रोहन लाल वर्मा दलबल के साथ पूरी तरह से मुस्तैद रहे।

# ट्रेलर व ट्रक की टक्कर में तीन की मौत

**जगदीशपुर, अमेठी।** बीती रात तेज रफ्तार से आ रहे ट्रेलर व ट्रक की आमने सामने टक्कर हो जाने से तीन लोगो की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। पुलिस ने तीनों शवों को लेकर सीएचसी जगदीशपुर पहुंची जहां पंचनामा करने के बाद तीनो शवों को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। थाना क्षेत्र के अन्तर्गत अयोध्या रायबरेली मार्ग पर स्थित थौरी गांव के निकट घटना उस वक्त घटी जब तेज रफ्तार से आ रहे ट्रेलर व ट्रक आमने सामने टकरा गए यह टक्कर देखकर आसपास के लोग मदद के लिए दौडे परंतु बचाने का प्रयास असफल रहा घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची। तीन लोगो को बाहर निकाला जो दम तोड चुके थे पुलिस ने तीनो शवों को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर ले गई। पहचान सुनील उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी बांदा, प्रदीप चौबे उम्र लगभग 46 वर्ष निवासी कुडवार सुल्तानपुर, मनोज कुमार मिश्रा उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी बल्दीराय जनपद सुल्तानपुर के रूप मे हुई ।

## क्विक न्यूज

### एसजेएस ऊंचाहार ने जीते तीन गोल्ड व दस सिल्वर पदक

**रायबरेली।** प्रथम जनपदीय ताइक्कांडो चौम्पियनशिप 2023 प्रतियोगिता का आयोजन ताइक्कांडो एसोसिएशन रायबरेली के तत्वावधान में स्वयंबर उत्सव लान समाधानेश्वर मंदिर महराज गंज रोड़ बछरावां, रायबरेली में हुआ। इस प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न ख्यातिप्राप्त खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। एसजेएस पब्लिक स्कूल ऊंचाहार के ताइक्कांडो खिलाड़ियों ने सोने व चांदी के पदकों की झड़ी लगा दी। यश मौर्या, तेज प्रताप सिंह व राघव त्रिपाठी ने सोना जीता। रजत पदक श्रेयांस मल्होत्रा, सौरभ मौर्या, आदित्य यादव, आमान अंसारी, दिव्यांशु अग्रहरि, आयुष जायसवाल, संस्कार, सिद्धार्थ पाल, आंचल सिंह व उम्मीद पांडे ने जीता। खेल प्रशिक्षक विनोद यादवके कुशल प्रशिक्षण ,खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत व अनुशासन ने विद्यालय को एक बार फिर गौरवान्वित किया। प्रबंधक अनुज सिंह, प्रियंका सिंह जी तथा प्रधानाचार्या हेना कौसर जी ने विजयी खिलाड़ियों को माल्यार्पण कर उत्साहवर्धन किया।



### त्योहारों के सीज़न में लोगों के लिए विशेष पहल

**वाराणसी।** त्योहारों के सीज़न में खुशियों को और अधिक बढ़ाते हुए जाने.माने दूर संचार सेवा प्रदाता वी ने आज ईज़ माय ट्रिप के सहयोग से अपने प्रीपेड उपभोक्ताओं के लिए स्पेशल सेलेब्रेटरी ऑफर रीचार्ज एण्ड फ्लाय की घोषणा की है। इस प्रस्ताव के तहत 26 से 30 सितम्बर 2023 के बीच वी ऐप के ज़रिए रीचार्ज करने वाले वी के उपभोक्ताओं को हर घण्टे रु 5000 तक कीमत की एक मुफ्त डोमेस्टिक फ्लाईट टिकट जीतने का मौका मिलेगा, वैकल्पिक रूप से यूज़र ज़्यादा कीमत की फ्लाईट टिकट बुक कर रु 5000 का डिस्काउन्ट पा सकते हैं।

### अपोलो माइक्रो सिस्टम्स लि. ने अहम समझौता किया

**वाराणसी।** अपोलो माइक्रो सिस्टम्स लिमिटेड, जो मिशन क्रिटिकल एप्लीकेशन के लिए मज़बूत कस्टम निर्मित इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर सोल्यूशन के डिज़ाइन, डेवलपमेंट, असेंबल और टेस्ट में सबसे आगे है, द्वारा घोषणा की गई है कि उसने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के साथ महत्वपूर्ण समझौते किए हैं। ये समझौते कंपनी के व्यवसाय को आगे बढ़ाने में मदद करेंगे और इसके साथ ही डीआरडीओ के साथ अपने सहयोग को मज़बूत करते हुए कंपनी के कमिटमेंट को प्रदर्शित करते हैं।

### कच्ची दीवार के नीचे दबकर युवक की मौत

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत हरदोईया गांव में सुबह कच्ची दीवार भरभरा कर गिर जाने से उसके नीचे दबकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही की। मंगलवार की सुबह करीब सात बजे कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत हरदोइया गांव में नन्हे लाल यादव के घर की कच्ची दीवार भरभरा कर गिर गई जिससे दीवार के नीचे दबकर उनके 30 वर्षीय अविवाहित पुत्र रामबली यादव की मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने मय हमराही पुलिस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही की ।

### लेखपाल पर पैसे लेने का आरोप, गलत पैमाइश का भी आरोप

**तिलोई, अमेठी।** सिंहपुर क्षेत्र के चिलौली गांव निवासी दलित सत्रोहन ने क्षेत्रीय लेखपाल पर आरोप लगाया है की जमीन की पैमाइश के लिए पैसे भी ले लिए और जमीन कि गलत नाप कर दी। पीड़ित ने तहसील दिवस में उच्चाधिकारियों से अपनी फरियाद लगाई है। तहसील दिवस में दिए अपने शिकायती पत्र में पीड़ित ने लिखा है कि क्षेत्रीय लेखपाल वेद प्रकाश मिश्र ने पैमाइश के लिए 6 हजार रुपया भी ले लिए और जमीन नाप कर किसी अन्य को दे दी। पीड़ित ने संबंधित लेखपाल के ऊपर कार्यवाही किए जाने की उच्चाधिकारियों से गुहार लगाई है। संबंधित लेखपाल ने आरोप को निराधार बताया है।

### दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा

**ऊंचाहार।** किशोरी को भगा ले जाने व उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पड़ोसी गाँव के युवक पर अपनी नाबालिग बेटी को भगा ले जाने व उसके साथ दुष्कर्म करने का केस दर्ज कराया था, जिसके बाद से पुलिस आरोपी युवक की तलाश कर रही थी, मंगलवार की सुबह चड़रई चौराहे के पास से पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कोतवाल आदर्श कुमार सिंह ने बताया कि किशोरी को भगा ले जाने व दुष्कर्म के मामले में आरोपी शिवा पुत्र मनभावन निवासी दिलमनपुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# वृद्धा आश्रम की सोशल आडिट बैठक हुई सम्पन्न

**सोनभद्र।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित परख वृद्धा आश्रम दुद्धी की सोशल ऑडिट बैठक सोमवार को सम्पन्न हुई। सोशल आडिट निदेशालय उत्तर प्रदेश द्वारा एक विशेष समिति का गठन किया गया था जिसमें सोशल आडिट जिला कोऑर्डिनेटर सोनभद्र राजेंद्र प्रसाद वाराणसी सो0आ0 कोआर्डिनेटर शारदानंद पाण्डेय व कानपुर नगर सो0आ0 कोआर्डिनेटर अमीत कुमार गुप्ता को नामित किया गया था। उक्त सदस्यों द्वारा 22 सितंबर 2023 को संस्थान का भ्रमण किया गया तथा निकट के ग्राम पंचायत के लाभार्थियों के पारिवारिक सदस्यों से संपर्क स्थापित करते हुए सत्यापन का कार्य संपन्न कराया गया। 23 सितंबर 2023 को संस्थान में निरीक्षण करते हुए लाभार्थियों का सत्यापन किया गया उक्त के दौरान संस्थान के अभिलेखों का परीक्षण भी किया गया। परख वृद्धा आश्रम दुद्धी की सोशल ऑडिट बैठक 25 सितंबर को सम्पन्न हुई।

# चोरों को जूते का माला पहनाकर गांव में घुमाया



**● भूपखेड़ा गांव में भैंस चोरों को ग्रामीणों ने भैस की खरीद फरोख्त करते समय पकड़कर किया पुलिस के हवाले**

**बछरावां रायबरेली।** सोमवार सुबह को भूपखेड़ा मजरे कुर्री गांव के रहने वाले रामकिशोर शर्मा की भैंस दिनदहाड़े चोरी हो गई। वह भैस की खोज में लगातार प्रयासरत था। सोमवार दोपहर ग्रामीणों ने बताया कि उसकी भैस गांव के ही रहने वाले रामकेवल व बबलू निवासी दलखंबन खेड़ा भवरेश्वर मंदिर परिसर में आयोजित मेले की तरफले जा रहे हैं। खबर मिलते ही वह अन्य ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंच गया। जहां उसने देखा कि उसकी भैंस को उक्त आरोपित किसी अन्य व्यक्ति के साथ खरीद फरोख्त कर रहे हैं। ग्रामीणों ने दोनों को दबोच लिया। हंगामा देख लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने दोनों भैंस चोरों को जूते का माला पहनाकर गांव में घुमाया है। जहाँ से पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना अध्यक्ष बृजेश राय ने बताया कि दोनों चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# अटेवा पेंशन मंच ने दिल्ली चलने का किया आव्हान

**चन्दौली।** ब्लॉक मुख्यालय चंदौली में अटेवा पेंशन मंच चंदौली जिला और ब्लॉक के पदाधिकारी एकत्र हुए सभी ने 1 अक्टूबर पेंशन शंखनाद रैली के लिए दिल्ली चलने के लिए आह्वान किया। आह्वान में बोलते हुए जिला संयोजक व अध्यक्ष देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि पेंशन संखनाद महा रैली और निजीकरण भारत छोड़ो आंदोलन को अमली जामा पहनाने के लिए पूरे जिले से हजारों की संख्या में शिक्षक, कर्मचारी, रेल कर्मचारी, बिजली, स्वास्थ्य, सफाई कर्मचारी और अन्य सभी विभागों के कर्मचारी अपनी सहभागिता करते हुए इस रैली को मंजिल तक पहुंचाने में अपना पूरा जोर लगा देने के लिए कृत संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि अब तक जितने भी आंदोलन हुए हैं उन सभी के कमियों को पीछे छोड़ते हुए आज सभी शिक्षक संघ और कर्मचारी संघ इस महा आंदोलन में एक साथ एकजुट होकर आगे बढ़ने का संकल्प ले लिए हैं। शिक्षकों और कर्मचारियों ने तय कर लिया है कि किसी भी कीमत पर हम सरकार को पुरानी पेंशन बहाल करने के लिए विवस कर देंगे। हम सरकार को अपनी भूल सुधारने का अवसर देते हैं कि आगामी लोकसभा चुनाव से पहले ही हम शिक्षकों कर्मचारियों को हमारा वाजिब हक पुरानी पेंशन बहाल करके हमें हमारे बुढ़ापे की लाठी पुरानी पेंशन देने का महान कार्य करें। सरकार ने अब तक जितने भी कार्य किया है, उसमें सबसे महान और सबसे बड़ा कार्य पूरे देश भर के व्यवस्था की रीढ शिक्षकों और कर्मचारियों की पेंशन बहाली होगी। आज के कार्यक्रम में जिले भर के पदाधिकारी उपस्थित हुए जिनमें जिला महामंत्री कन्हैयालाल गुप्ता, अटेवा सदस्यता प्रभारी निर्मल सिंह यादव, ब्लॉक अध्यक्ष चकिया दीनदयाल सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष साहबगंज चंद्रजीत सिंह, ब्लॉक महामंत्री अशोक प्रजापति, ब्लॉक अध्यक्ष धानापुर गिरीजेश दादा, जिला उपाध्यक्ष निठोहर सत्यार्थी, दुर्गेश सिंह, मुहम्मद वकील, चंद्रशेखर, संजीव कुमार, संजीव भारती, विजयानंद पाण्डेय सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोषाध्यक्ष दिवाकर सिंह तथा संचालन भूपेंद्र कुमार सिंह ने किया।'



# टीबी जागरूकता एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**मीरजापुर।** आयुष्मान भवरू कार्यक्रम के तहत चुनार क्षेत्र में स्थित एफेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी सभागार में उपस्थित फार्मासिस्ट के छात्र छात्राओं के बीच टीबी जागरूकता एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में क्षय विभाग के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव द्वारा क्षय रोग के विषय में लोगों को विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि टीबी प्रभावित मरीजों को सरकार द्वारा अब उनके पूरे इलाज अवधि तक खाते में 500 रुपए प्रति माह सपोर्ट के रूप में दे रही है, अत: आप सभी से आग्रह है कि आपके संज्ञान में कोई भी टीबी संदिग्ध मरीज आता है तो उसे इलाज सुविधा तक अवश्य पहुंचाने का सराहनीय कार्य करेंए जिससे कि 2025 तक टीबी मुक्त भारत के माननीय प्रधानमंत्री के सपने को साकार होते देखा जा सके।



वहीं यादव द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान के संदर्भ में कहा गया कि हमारे, आपके एक छोटे से इस सहयोग से किसी को नई जिंदगी तो मिलती ही हैए साथ ही रक्तदाता स्वयं अपने को भी कई रोगों से मुक्त करते हुए स्वस्थ बनाए रखने में सक्षम हो जाता है।

वहीं एसीएमओ डाक्टर गुलाब वर्मा द्वारा रक्त दाताओं को सरकारी स्तर से उपलब्ध कराई जाने वाली कुछ महत्वपूर्ण सुविधाओं के विषय में जानकारियां प्रदान करते हुए रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यों से भी परिचित कराया। उक्त प्रयासों का परिणाम रहा की कार्यक्रम में उपस्थित 15 फार्मासिस्ट स्टूडेंटों द्वारा देश हित में अपना रक्तदान करने का सराहनीय कार्य किया गया। आयोजित कार्यक्रम में क्षय विभाग के एसटीएलएस अखिलेश यादव के साथ साथ इंस्टिट्यूट अध्यक्ष स्वरूप पटेलए प्रिंसिपल सुनील एवं हास्पिटल मैनेजर हिमांशु तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के तहत 100 रुपया मानदेय बढ़ा

**संवाददाता।** मिर्जापुर

**प्रधानमंत्री** मातृ वंदन योजना के तहत प्रत्येक लाभार्थी पर अब आशाओं का प्रति लाभार्थी 100 रूपया मानदेय बढ़ा दिया गया है। इस आशय की जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सीएल वर्मा ने दी। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर सीएल वर्मा ने बताया कि पीएमएमवीआई 2.0 में द्वितीय बालिका पर 6000 रूपये देने का प्राविधान बनाया गया है। इसके तहत प्रत्येक लाभार्थी के पंजीकरण पर अब आशाओं को 250 रूपये दिये जायेगे। पहले प्रत्येक लाभार्थी पर आशाओं को 150 रूपया दिया जाता रहा है। जिसका भुगतान सरकार के द्वारा आशाओं के खाते में सीधे कर दिया जायेगा। जिसमें किसी भी प्रकार की कोई कठिनाई नही होगी। इस आशय की सूचना विभाग द्वारा पत्र के माध्यम से सभी आशाओं को अवगत करा दिया जायेगा।

# सपाइयों का सीएमओ कार्यालय पर हल्ला बोल

**● डेंगू व मलेरिया बुखार जैसे रोगों पर सरकारी चिकित्सालय में सुविधा न मिलने पर विफरे**

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**डेंगू** व मलेरिया बुखार जैसे खतरनाक महामारी रोग पर नियंत्रण एवं सरकारी अस्पताल मे चिकित्सा सुविधा न मिलने के कारण आज सपाई मुख्य चिकित्सा अधिकारी संदीप चौधरी से उनके कार्यालय मुलाकात कर ज्ञापन सौपा। पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा के नेतृत्व मे सपाई मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कार्यालय मे मुलाकात कर कहा कि इस समय डेंगू व मलेरीया बुखार जैसे खतरनाक रोग से आम जनता ग्रसित है सरकारी चिकित्सालय मे बेड न होने होने के कारण आमजन को निजी चिकित्सालय मे जाने को मजबूर हो रहे है बी एच यू अस्पताल मे रेजीडेंट चिकित्सक हडताल पर होने के कारण लोगो को कठिनाई का सामना करना पड रहा है। उन्होने सी एम ओ संदीप चौधरी से मांग किया कि कबीर चौरा अस्पताल एवं दीनदयाल अस्पताल मे बेड की संख्या तत्काल प्रभाव से बढाई जाए एवं समस्त रक्त की जॉच की सुविधा का समय सीमा बढ़ाकर महामारी पर नियंत्रण के लिए जन जागरण अभियान चलाकर लोगो को जागरूक किया जाए। महामारी मे नकली दवाओ की खपत बाजारो मे बढ गई है उस पर अंकुश लगाया जाए जिससे आमजन को राहत मिल सके सी एम ओ ने कहा कि बेड समस्त चिकित्सालय मे पर्याप्त है इसी बयान को लेकर प्रदेश सचिव राजू ने विफर पड़े उन्होने कहा कि सिर्फदावो से काम नही चलेगा जनता इस समय डेंगू व मलेरीया बुखार से झूझ रही और आप द्वारा दावा एकदम सरासर झूठा है। पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने कहा कि जनता को कोई भी सरकारी चिकित्सालय मे सुविधा नही मिल रहा है न ही बेड मरीजो को मिल पा रहा है स्ट्रेचर पर मरीज को चिकित्सा किया जा रहा है। दस सूत्रीय ज्ञापन सौपते हुए जल्द से जल्द समस्त शिकायत को दुर करने की मांग रखी मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी शिकायत को गंभीरतापूर्वक विचार कर तीन दिन के अंदर व्यवस्था सुदृढ करने के लिए आश्वस्त किया।

# प्रवासी कार्यकर्ता दो-दो मण्डल में करेंगे प्रवासः नन्दलाल

**सोनभद्र।** भाजपा जिला कार्यालय पर मंगलवार को संगठनात्मक बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक मे बतौर मुख्यअतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता व संचालन जिला महामंत्री रामसुन्दर निषाद ने किया। जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता ने कहा कि 26 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले बूथ सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत प्रवासी कार्यकर्ता जिले के दो दो मण्डल मे प्रवास करेंगे वहां पर संगठन द्वारा दिये गये 6 कार्यक्रमों को मण्डल मे प्रवास कर पूरा करेंगे। प्रवासी द्वारा मण्डल पदाधिकारी बैठक, शक्ति केन्द्र संयोजक व प्रभारी बैठक व बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे और मण्डल के पदाधिकारियों का वेरिफिक्रेशन व डाटा अपडेट करेंगे। प्रवासी द्वारा मण्डल मे आईटी व सोशल मिडिया का कार्य जो कार्यकर्ता देख रहे है उनके साथ बैठकर व्हाट्सएप्प ग्रुप जो बना है उसको भी अपडेट करके तेजी से सक्रिय करेंगे।

# उत्तर प्रदेश की प्रगति

## योगी आदित्यनाथ का योगदान

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ** द्वारा निवेशकों का स्वागत करने से उत्तर प्रदेश देशी-विदेशी निवेश का मनपसंद स्थल बन गया है जिससे प्रदेश की तेजी से प्रगति हो रही है। उत्तर प्रदेश में पहली बार मुख्यमंत्री बनने के बाद से ही योगी आदित्यनाथ ने मजाक में सिर के बल खड़ा कहे जाने वाले 'उल्टा प्रदेश' को एकदम सीधा कर 'उत्तम प्रदेश' में बदल दिया है। ढांचागत निर्माण, निवेश, सुरक्षा, संरक्षा, कानून व्यवस्था, गंभीर प्रशासनिक निर्णय तथा कुल मिला कर समाज के सभी वर्गों के लिए परिवर्तन के चक्र सही दिशा में तेज गति से घूमने लगे हैं। योगी के नेतृत्व में राज्य संभावित सर्वोत्कृष्ट निवेश स्थल की ओर तेजी से बढ़ रहा है। प्रगति व समृद्धि की ओर बढ़ते उत्तर प्रदेश में निवेशक परिवर्तन में योगदान कर देश के हृदय प्रदेश की सफलता गाथा में शामिल होना चाहते हैं। भारत के सर्वाधिक जनसंख्या वाले प्रदेश में योगी के गतिशील नेतृत्व में उल्लेखनीय परिवर्तन दिखाई देता है। उन्होंने अभूतपूर्व विकास व आर्थिक प्रगति की ओर प्रदेश को दिशा दी है। उनके दूरगामी दृष्टिकोण वाले नेतृत्व ने न केवल कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार किया है, बल्कि बिजनेस व औद्योगिक प्रगति के लिए उपयुक्त माहौल भी बनाया है। विश्वास के साथ भविष्य की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश में निवेश के प्रचुर अवसर हैं जिनमें देशी-विदेशी निवेशक योगदान कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश केन्द्र बनाने के दृष्टिकोण के बारे में योगी आदित्यनाथ मुखर हैं। विकास के प्रति उनका सक्रिय



दृष्टिकोण 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र से प्रेरित है जिसके चलते सबके समर्थन और विश्वास से सबका विकास हो रहा है। योगी आदित्यनाथ की सरकार ने पूरे राज्य में संपर्क में सुधार के लिए व्यापक ढांचागत परियोजनायें, जैसे 'गंगा एक्सप्रेसवे' तथा 'पूर्वांचल एक्सप्रेसवे' शुरू की हैं। इन परियोजनाओं से न केवल परिवहन सुविधा मिली है, बल्कि रियल इस्टेट व लाजिस्टिक्स के लिए नए अवसर भी खुले हैं। उत्तर प्रदेश में उद्योग जगत नोयडा-ग्रेटर नोयडा जैसे स्थापित औद्योगिक क्षेत्रों तथा बुंदेलखंड में विकसित हो रहे डिफेंस कारीडोर के माध्यम से प्रगति कर रहा है। राज्य में उद्योगों को आकर्षित करने के लिए अनेक पहलें की गई हैं जिनमें अनेक कर रियायतें व सब्सिडी शामिल हैं। उर्वर भूमि तथा विशाल कृषि क्षेत्र के कारण कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों में निवेश की असाधारण संभावनायें हैं।

'एक जिला, एक उत्पाद'-ओडीओपी जैसी पहलें विशिष्ट क्षेत्रीय उत्पादों को बढ़ावा देती हैं तथा कृषि-आधारित बिजनेसों की प्रगति में योगदान करती हैं। अतिथि सत्कार, यात्रा व ढांचागत संरचना समेत पर्यटन के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश से राज्य की प्रगति हो रही है। प्रदेश में धार्मिक व सांस्कृतिक पर्यटन बहुत तेजी से बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने अनेक संभावित देशी-विदेशी निवेशकों से कारगर संबंध स्थापित कर उनको उत्तर प्रदेश में निवेश हेतु आमंत्रित किया है। राज्य ने निवेश तथा बिजनेस व उद्योग को प्रोत्साहन देने के लिए सिंगल-विंडो अनुमति, उद्योग-विशिष्ट पहलों के साथ ही भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में सुधार किए हैं। प्रदेश के वर्तमान तथा निर्माणाधीन हवाईअड्डे, राजमार्ग तथा आगंतुकों के लिए अद्यतन सुविधायें उत्तर प्रदेश का आकर्षण बढ़ा रही हैं। यह तथ्य विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासनकाल में कानून-व्यवस्था में सुधार से उत्तर प्रदेश में बिजनेसों के लिए सुरक्षित परिवेश बना है।

# अतिवादियों पर लगाम लगाए कनाडा

ओटावा को नई दिल्ली की भावनाओं पर अवश्य ध्यान देकर अपने देश में खालिस्तान-समर्थक तत्वों पर लगाम लगानी चाहिए। इससे द्विपक्षीय संबंध खराब होने की आशंका है जिसका नुकसान दोनों देशों को होगा।



**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)




कनाडा तथा भारत के बीच जारी वर्तमान राजनयिक गतिरोध के चलते सारी दुनिया का ध्यान कनाडा-भारत संबंधों पर केंद्रित हो गया है। दोनों देशों के बीच हालिया दशकों में संबंध कभी इतने खराब नहीं थे जितने वर्तमान समय में हो गए हैं। द्विपक्षीय संबंधों में गिरावट व तनाव का मुख्य कारण कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा दिया गया बयान है। जस्टिन ट्रूडो ने अलगाववादी सिख एक्टिविस्ट तथा 'खालिस्तान' के मुखर समर्थक निज्जर की हत्या का दोष कथित रूप से भारत पर लगा दिया। उन्होंने कहा था कि निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंसियों की कथित 'संलिप्तता' है। कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के इस बयान से स्वाभाविक रूप से नाराज नई दिल्ली ने उनके दावे का जोरदार तरीके से खंडन करते हुए इसे 'मूर्खतापूर्ण व दुर्भावना से प्रेरित' बताया। इस साल 18 जून को खालिस्तान-समर्थक नेता निज्जर को ब्रिटिश कोलम्बिया के सुरे में एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मार दी गई थी जिसमें उनकी मौत हो गई थी। भारत ने पहले ही निज्जर को 'वांछित आतंकी' घोषित कर रखा था। यह तथ्य भी महत्वपूर्ण है कि इस घटना के पहले भारत और कनाडा के बीच द्विपक्षीय संबंध सहज गति से आगे बढ़ रहे थे। हालांकि, दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों का कारण मुख्यत: भू-राजनीतिक विकास, अर्थिक संबंध तथा जनसंख्या संरचना संबंधी प्रवृत्तियां थीं। लेकिन खालिस्तान-समर्थक निज्जर की हत्या के बाद ये संबंध बहुत खराब हो गए। इसके बाद दोनों देशों ने एक दूसरे के प्रति 'जैसे को तैसा' वाली नीति अपनाई। उल्लेखनीय है कि जब कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो जी20 सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत आए थे तब भी दोनों देशों के बीच संबंधों में तनाव स्पष्ट रूप से दिख रहा था।

नई दिल्ली काफी समय से कनाडा में मौजूद 'खालिस्तान-समर्थक' तत्वों के प्रति अपना विरोध दर्ज करा रही थी। कनाडा में मौजूद खालिस्तान-समर्थक तत्वों ने 'खालिस्तान' के मुद्दे पर वैश्विक जनमत संग्रह का आह्वान किया था। नई दिल्ली इस जनमत संग्रह को भारत-विरोधी अभियान मानते हुए इसका घोर विरोध कर रही थी। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि जस्टिन ट्रूडो अनेक कारणों से अपने देश में खालिस्तान-समर्थक तत्वों के प्रति न केवल आंखें बंद किए थे, बल्कि उनका प्रत्यक्ष व परोक्ष समर्थन भी प्राप्त कर रहे थे। 2018 में जब जस्टिन ट्रूडो द्विपक्षीय यात्रा पर भारत आए थे तब उनके प्रतिनिधिमंडल में एक 'खालिस्तानी एक्टिविस्ट' शामिल था। इसका भारत में भारी विरोध हुआ था और कनाडाई प्रधानमंत्री की स्थिति इसे लेकर असहज हो गई थी।

भारत ने कई बार कनाडा में रह रहे अनेक खालिस्तान-समर्थक आतंकी तत्वों के प्रत्यर्पण की मांग भी की है, लेकिन कनाडा सरकार ने इसका कोई जवाब नहीं दिया है। यह तथ्य भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि ओटावा में खालिस्तान-समर्थक तत्वों ने भारतीय राजनयिकों को जान से मारने की धमकी भी सार्वजनिक रूप से दी है। ऐसे में सवाल उठता है कि भारत के लिए कनाडा का क्या महत्व है? उल्लेखनीय है कि इस पूर्व ब्रिटिश उपनिवेश में अपने गृह राज्य पंजाब से बाहर सिखों की जनसंख्या सबसे अधिक है। कनाडा में रहने वाले कुल 40 मिलियन प्रवासियों में भारतीय प्रवासी लगभग 1.4 मिलियन हैं। इनमें से 770,000 लोग सिख धर्म का पालन करने वाले हैं। विडंबना है कि इनमें से कुछ लोग चरमपंथी व खालिस्तान-समर्थक हैं तथा भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियों में लिप्त हैं। नई दिल्ली ने अक्सर ऐसे तत्वों के खिलाफ कनाडा सरकार से शिकायत की है। हालिया विवाद के बाद इस सप्ताह के प्रारंभ में कनाडा और भारत ने तेजी से कार्रवाई करते हुए एक-दूसरे के राजनयिकों को देश छोड़ने के लिए कहा। गुरुवार को भारतीय विदेश मंत्रालय ने कनाडाई नागरिकों की वीसा सेवाओं को स्थगित करने की घोषणा कर दी। ओटावा का दावा है कि कनाडाई सुरक्षा एजेंसियों ने हत्या से भारत सरकार के संबंध जोड़ने वाले प्रमाण खोजे हैं।

जहां तक भारत की आंतरिक राजनीति का सवाल है, कांग्रेस तथा अन्य पार्टियों ने भारत सरकार का इस प्रकरण में समर्थन करते हुए ट्रूडो के बयान की आलोचना की है। उनको इस आरोप पर आश्चर्य हुआ है कि भारत सरकार ने भारतीय-मूल वाले कनाडाई नागरिक की कनाडा में हत्या कराई है। भारत की सभी विपक्षी पार्टियों ने भारतीय विदेश मंत्रालय का समर्थन किया है। हालांकि, अकाली दल के नेता सुखबीर सिंह बादल ने सुझाव दिया है कि राजनीतिक दलों को एकसाथ काम करते हुए मीडिया में जारी सिख-विरोधी प्रचार रोकने की दिशा में कदम उठाने चाहिए। जहां तक अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य का सवाल है, पश्चिमी सहयोगियों द्वारा भारत के प्रति प्रतिक्रिया में सावधानी बरती गई है। अमेरिका के वरिष्ठ राजनयिक डेविड कोहेन ने दावा किया था कि जस्टिन के आरोपों के पीछे 'फाइव आईज़' की खुफिया सूचना है। फाइव आईज़ नेटवर्क एक खुफिया गठबंधन है जिसमें अमेरिका, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, कनाडा और न्यूजीलैंड शामिल हैं। द न्यूयार्क टाइम्स ने रविवार को लिखा, 'जून में सिख अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने अपने कनाडाई समकक्षों को जो संदर्भ दिया उससे कनाडा को यह नतीजा निकालने में सहायता मिली कि इसमें भारत की संलिप्तता है।' ट्रूडो ने भारत से कनाडाई अधिकारियों से सहयोग करने का आह्वान किया है ताकि हत्या के बारे में 'सत्य उजागर' किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा है कि वे दोनों देशों के बीच तनाव नहीं बढ़ाना चाहते हैं।

इस गतिरोध के कारण भारत और कनाडा, दोनों को नुकसान उठाना पड़ सकता है। भारत कनाडा का दसवां सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक साझीदार है। कनाडा की 2022 की हिंद-प्रशांत रणनीति में भी भारत की महत्वपूर्ण भूमिका है। कनाडा का दसवां सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक साझीदार होने के साथ ही भारत और कनाडा के बीच पिछले एक दशक से व्यापार समझौते पर चर्चा हो रही है। 2022 में दोनों देशों के बीच व्यापार केवल 13.7 बिलियन कनाडाई डालर था जो कनाडा के कुल 1.52 ट्रिलियन कनाडाई डालर व्यापार का बहुत छोटा हिस्सा है। पहले 'अर्ली प्रोसेस ट्रेड एग्रीमेंट'-ईपीटीए के बारे में उच्च स्तरीय वार्ता चल रही थी। लेकिन अब अक्टूबर में होने वाली ईपीटीए वार्ता को अनिश्चित काल के लिए टाल दिया गया है।

कनाडा से व्यापार 2012 में 3.87 बिलियन डालर से बढ़ कर 2022 10.18 बिलियन डालर हो गया। वर्तमान प्रकरण से दोनों पक्षों का व्यापार प्रभावित होगा। इसके साथ ही भारत से कनाडा जाने वाले प्रवासियों की संख्या घट सकती है। पिछले सालों में भारत से अनेक प्रवासी कनाडा गए थे। 2013 से इनकी संख्या तीन गुनी बढ़ गई थी जिससे फिलीपीन्स व चीन से कनाडा जाने वाले प्रवासियों का स्थान नीचे खिसक गया था। दोनों देशों के बीच तनाव के कारण छात्रों की संख्या पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है जो भारत से अध्ययन करने कनाडा जाते हैं। भारत से विदेश जाने वाले छात्रों की संख्या का 30 प्रतिशत से अधिक कनाडा जाते हैं। इसके साथ ही आने वाले पर्यटकों की संख्या भी प्रभावित हो सकती है। 21 सितंबर को भारत ने घोषणा की कि वह अस्थाई रूप से कनाडाई नागरिकों को वीसा जारी करने पर रोक लगा रहा है क्योंकि कनाडा में उसके मिशनों में सुरक्षा का संकट है।

नई दिल्ली खालिस्तान-समर्थकों को दी गई समुद्रपारीय नागरिकता समाप्त करने पर भी विचार कर रही है। राजनीतिक व आर्थिक शक्ति के मामले में भारत 1980 व 1990 के दशक से बहुत आगे निकल आया है। चीन का प्रभाव संतुलित करने के लिए अमेरिका भारत के साथ साझेदारी करना चाहता है। वह चाहता है कि उसके सहयोगियों और भारत के बीच कोई तनाव न हो। पेंटागन के एक पूर्व अधिकारी ने कहा है कि यदि अमेरिका को दोनों देशों में से एक को चुनना हो तो वाशिंगटन भारत का पक्ष लेगा क्योंकि वह क्षेत्र में चीन को संतुलित करने के लिए भारत को खुश कर रहा है। लेकिन भारत-कनाडा संबंधों पर पड़ने वाला कोई नकारात्मक प्रभाव कनाडा को हिंद-प्रशांत नेटवर्क में शामिल होने से रोकेगा। ओटावा भारत की क्षेत्रीय शक्ति व प्रभाव को पहचानता है। ऐसे में ओटावा को नई दिल्ली की भावनायें समझते हुए खालिस्तान-समर्थक तत्वों को खुश करने के प्रयास बंद करने चाहिए।

# नेतृत्व शक्ति बनने को अग्रसर नारी शक्ति

> लोकतंत्र का मंदिर ही देवीस्वरूपा 'नारी शक्ति' के उचित प्रतिनिधित्व से अछूता था। जिसे दूर करने के लिए 'नारी शक्ति वंदन' विधेयक लाया गया।

**अश्विनी कुमार चौबे**
(लेखक, केंद्रीय मंत्री हैं)



नारी शक्ति, किसी भी राष्ट्र के विकास की अधिष्ठात्री है। विकास की धुरी पर कोई देश सरपट दौड़ तभी लगा सकता है। जब लैंगिक भेदभाव की जगह समता, समानता की परिपाटी परिलक्षित हो। भारत भूमि लोकतंत्र की जन्मदात्री है। जहां से लोकतंत्र का बीज पुष्पित-पल्लवित होकर दुनिया के विभिन्न देशों में पहुँचा। भारतीय संविधान की प्रस्तावना भी हम 'भारत के लोग' से शुरू होती है। ऐसे में कालांतर से चली आ रही कुछ विसंगतियों को दूर करना आज़ादी के अमृतकाल में नितांत आवश्यक हो गया था। इसी को दृष्टिगत रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए संकल्प के साथ नए संसद भवन के स्वप्न को हकीकत में तब्दील किया, उससे भी अधिक उल्लेखनीय बात यह है कि नए संसद भवन का पहला सत्र मातृशक्ति को नेतृत्व शक्ति के रूप में आगे बढ़ाकर एक नए भविष्य की ऐतिहासिक दृष्टि प्रदान की।

देश की कई राज्य विधानसभाएं हैं, जहां लैंगिक विविधता की कमी दीप्तिमान होती रही है। लोकतंत्र का मंदिर ही देवीस्वरूपा 'नारी शक्ति' के उचित प्रतिनिधित्व से अछूता था। जिसे दूर करने के लिए 'नारी शक्ति वंदन' विधेयक लाया गया। राज्यसभा और लोकसभा में पारित होने के साथ ही इस विधेयक ने सामाजिक समरसता, समानता और नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा क़दम बढ़ा दिया है। महिला आरक्षण के लागू होने के साथ अब महिलाओं के मुद्दे को लोकतांत्रिक व्यवस्था में उचित प्रतिनिधित्व मिल पाएगा। जिसकी बाट वो आज़ादी के बाद से जोह रही थी, लेकिन वह दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में ही मयस्सर हुआ।

नारी शक्ति को राष्ट्र शक्ति बनाने की प्रबल इच्छा ही है कि विगत नौ वर्षों से लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा ऐसे कई प्रयास किए जा रहें हैं। जो मातृ शक्ति को समृद्ध, सशक्त और राष्ट्र के नवनिर्माण की सारथी बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

बैंकिंग व्यवस्था से महिलाओं को जोड़ने का जो बीड़ा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उठाया। वह कदम वित्तीय समावेशन की दिशा में मील का पत्थर साबित हुआ। प्रधानमंत्री जन-धन योजना के माध्यम से लाखों-करोड़ों महिलाएं बैंक के द्वार तक पहुंची। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ ही सामाजिक स्तर पर सबल बनाने का प्रयास भी चल रहा है। मोदी सरकार में मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से न सिर्फ आज़ादी मिली, बल्कि उन्हें उनके सम्मान और सशक्तिकरण की नई राह मिली। नि:संदेह नारी शक्ति वंदन अधिनियम के उदय से महिलाओं के जीवन में एक नया सवेरा आएगा और यह आज़ादी के 75 वर्षों बाद पहली मर्तबा है, जब तुष्टिकरण की बजाय सशक्तिकरण को अहमियत दी जा रही है।

इतना ही नहीं 'लैंगिक न्याय' और सामाजिक समरसता का जो विज़न प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश के सामने अपने पहले प्रधानमंत्रित्व काल में रखा। वह अब असल रूप से साकार रूप ले रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक संवेदनशील, सजग और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्तित्व के धनी होने के साथ समावेशी सरकार के नेतृत्वकर्ता है। इसलिए समाज के हर तबक़े का हित सुनिश्चित करना उनके लिए सर्वोपरि है। उन्हें भलीभांति तरीके से ज्ञात है कि देश और समाज की प्रगति में आधी आबादी की क्या भूमिका है? यही वज़ह है कि वर्तमान समय में तेजी के साथ देश की आधी आबादी नित-नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। आज़कल खेल के मैदान से लेकर, आसमान तक और अंतरिक्ष से लेकर विज्ञान तक हर क्षेत्र में महिलाएं अपने कर्म-कौशल का परिचय दे रही हैं, तो यह एक नए और बदलते भारत की मजबूत तस्वीर बयां करता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुधारवादी और परिवर्तनकारी प्रयासों के लिए जाने जाते हैं और आज देश का कोई भी ऐसा वर्ग नहीं है। जो विकास से वंचित हो। ऐसी अनगिनत योजनाएं हैं। जो हर वर्ग और समाज के अंतिम जन के लिए लाभकारी साबित हो रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने महिलाओं के सशक्तिकरण और समृद्धि के लिए बुनियादी विकास पर जोर दिया है। इस बुनियादी विकास की नींव '3-ई' पर टिकी हुई है। एजुकेशन, इम्पलायमेंट एवं एम्पावरमेंट को आधार बनाकर विकास की मुख्यधारा में महिलाओं को सबल और सक्षम बनाया जा रहा है। महिला उद्यमियों को 27 करोड़ से अधिक मुद्रा ऋष्ण का वितरण और मिशन पोषण सहित मोदी सरकार द्वारा लागू की गई पहलों से महिलाओं को काफी लाभ हुआ है।

पूर्ववर्ती सरकारों में तुष्टिकरण की राजनीति को विशेष महत्व दिया जाता रहा। जिसकी परिणीति यह हुई कि महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक, मौलिक और संवैधानिक अधिकार सिर्फ़ कागज़ों में सिमटकर रह गए थे। जिसकी वज़ह से लोकतंत्र के मंदिर में भी नारी शक्ति के प्रतिनिधित्व का अनुपात काफ़ी बिगड़ गया। लेकिन अब नारी शक्ति वंदन अधिनियम यानी महिला आरक्षण के लागू होने के पश्चात महिला सांसदों की संख्या 82 से बढ़कर 181 पहुँच जाएगी। महिला आरक्षण की मांग दशकों पुरानी है, लेकिन पूर्ववर्ती सरकारों की सत्तालोलुपता और तुष्टिकरण की राजनीति के फेर में यह मुद्दा अधर में ही लटका रहा। ऐसे में महिला आरक्षण विधेयक अगर अब अमलीजामा पहन रहा है, तो यह कहीं न कहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दृढ़ इच्छाशक्ति और उनकी नारी शक्ति के सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने यह महसूस किया है कि कैसे वैश्विक स्तर पर महिलाओं की सक्रिय भागीदारी लोकतांत्रिक व्यवस्था में बढ़ी है और उसके सकारात्मक प्रभाव देश की आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य पर पड़ा है। यही वजह है कि मोदी जी की सरकार एक संवेदनशील और समावेशी सरकार की भांति कार्य करते हुए देश को विकसित राष्ट्र की दिशा में ले जा रही है। विकसित राष्ट्र की बुनियाद समान प्रतिनिधित्व, लैंगिक समानता और सामाजिक समावेशन पर टिकी हुई है।

इसलिए मोदी जी ने अमृतकाल के उषाकाल में समावेशी लोकतंत्र बनाने की मजबूत नींव रखी है। जहां महिलाओं का प्रतिनिधित्व तो बढ़ेगा ही, उनसे जुड़े मुद्दों को भी अधिक तरजीह मिलेगी और 2047 आते-आते देश विकसित राष्ट्र के रूप में हमारे सामने होगा। जिसमें महिला शक्ति की अमिट छाप दिखाई देगी।

## आप की बात

### पटकथा लेखकों की विजय

**हॉलीवुड** में शायद पुराने दिनों वाली रौनक वापस लौटने वाली है। सोमवार को यहां के पटकथा लेखकों व स्टूडियो मालिकों में उस समझौते की घोषणा हुई जिसके तहत लेखक अपनी 146 दिन पुरानी हड़ताल खत्म करने के लिए तैयार हो गए। उन्हें उनकी मांग के अनुरूप मेहनताने में बढ़ोत्तरी का भरोसा दिलाया गया है। इस समझौते का सबसे अहम् पहलू यह है कि निर्माता कृत्रिम बुद्धिमत्ता-एआई को फिल्म निर्माण में हावी नहीं होने देंगे। आज अनेक क्षेत्रों में भविष्य की आजीविका पर सबसे बड़ा खतरा एआई तकनीक से दिखाई दे रहा है। फिल्म निर्माण भी ऐसे क्षेत्र में आता है। अगर हॉलीवुड सचमुच अपने आपको एआई के चंगुल से दूर रख पाता है तो फिल्म निर्माण में लगे हर इंसान के लिए ये बहुत बड़ी खुशखबरी है। एआई को पटकथा जैसे रचनात्मक लेखन से दूर रखने का समझौता बहुत ही महत्वपूर्ण है। एआई के अनेक क्षेत्रों में हस्तक्षेप की बातें बहुत बढ़ चढ़ कर कही जा रही हैं। लेकिन इससे विभिन्न क्षेत्रों में लेखकों, कवियों, साहित्यकारों, चित्रकारों, आदि के बेरोजगार होने के साथ मानवीय प्रतिभा के विकास का रास्ता भी बाधित हो सकता है। उम्मीद है कि हालीवुड लेखकों की विजय के बाद एआई पर लगाम लगाने के प्रयास तेज होंगे।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### कांग्रेस का दावा

**कांग्रेस** ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगानाए व राजस्थान चुनाव को लेकर भारी बहुमत से लेकर सामान्य जीत का दावा किया है। राहुल गांधी ने चार राज्यों में जिस क्रम से जीत की भविष्यवाणी की है, वह वास्तविकता के धरातल पर उतरती है या नहीं यह तो मतदान और उसके परिणाम के बाद ही सामने आएगा। मगर वस्तुस्थिति यही है कि राजस्थान व तेलंगाना में कांग्रेस का जीतना मुश्किल है। मध्य प्रदेश में भी फिलहाल तो रुझान भाजपा की ओर ही झुका हुआ है। मामा जी कहे जाने वाले शिवराज सिंह चौहान ने विभिन्न वर्गों को खुश करने के सभी प्रयास किए हैं। सत्ता में आने पर और सहायता का आश्वासन मतदाताओं व खासतौर से महिला मतदाताओं को लुभा रहा है। हालांकि, राहुल गांधी ने विधानसभा चुनावों में जीत के दावे करते हुए काफी संयम भी बरता है। राहुल का बयान वर्तमान राजनीतिक प्रवृत्तियों के विपरीत है जब नेता बढ़-चढ़ कर अपनी जीत के दावे करते हैं। कांग्रेस का दावा मुख्यत: हिमाचल व कर्नाटक की जीत पर आधारित है। लेकिन यह तथ्य भी है कि विधानसभा की जीत हार का आम चुनाव पर प्रभाव पड़ना जरूरी नहीं है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### मन की बात

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने मन की बात में पर्यटन का महत्व रेखांकित करते हुए भारत में पर्यटन के माध्यम से रोजगार के बढ़ते अवसरों का विशेष उल्लेख किया है। भारत के धार्मिक व आध्यात्मिक स्थलों पर संस्कृतिक गलियारे के निर्माण से भारतीय पर्यटन उद्योग को आशातीत बढ़ावा मिलेगा। पर्यटन की दृष्टि से भारत एक समृद्ध राष्ट्र है जिसमें ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक तथा ग्रामीण एवं पहाड़ी क्षेत्र में प्राकृतिक पर्यटन की अपार संभावनाएं है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जी20 के दिल्ली अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन से भी भारतीय पर्यटन स्थलों के प्रति विदेशी पर्यटकों में आकर्षण बढ़ेगा। प्रगति मैदान के भारत मंडपम में भारतीय संस्कृति, सभ्यता, वेदांत, दर्शन, संहिता और माइथोलोजी से संबंधित प्रदर्शनियां एवं कलाकृतियों के माध्यम से भारत ने अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दुनिया के समक्ष रखा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मन की बात के माध्यम से बहुत बड़ी संख्या में भारतीय स्रोताओं को देश के सकारात्मक पक्ष से परिचित करा कर सर्वांगीण विकास, वसुधैव कुटुम्बकम तथा चरैवेति-चरैवेति की प्रेरणा देते हैं।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

### दोपहर की झपकी

**दोपहर** भोजन के बाद में 20-25 मिनट की झपकी दिलोदिमाग के लिए बहुत लाभप्रद और आरामदेह होता है। दोपहर के भोजन के बाद पूरा शरीर भोजन को पचाने में जुट जाता है। ऐसे में उसे कुछ समय के विश्राम की आवश्यकता होती है। इसके संदेश वह मस्तिष्क के माध्यम से आंखों और पूरे शरीर को भेजता है। वैसे झपकी सिर्फ भोजन के बाद आए ऐसा जरूरी नहीं है। विज्ञान द्वारा इतनी प्रगति कर लेने के बावजूद भी नींद के बारे में कुछ विशेष खोज नहीं हो पाई है। क्या वजह है कि रात को थककर जो आदमी सोता है वह आमतौर से सुबह-सुबह एक दम तारोताजा और शक्ति संपन्न हो जाता है। वैज्ञानिकों ने सिद्ध किया है कि छोटे बच्चे जन्म के बाद ज्यादा समय सोते रहते हैं । उसकी वजह से ही उनके शरीर का सुव्यवस्थित विकास हो पाता है। अनेक लोगों का सुझाव है कि जापान की तरह हमारे देश में भी झपकी के लिए लंच ब्रेक में 20 मिनट का झपकी ब्रेक जोड़ा जाना चाहिए, भले ही उसके एवज में ऑफिस 20 मिनट बाद बंद किए जाएं। इससे कर्मचारी ज्यादा स्वस्थ व प्रसन्न रहेंगे।

–**विभूति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# सामाजिक सरोकारों को साकार कर रहा मुक्त विश्वविद्यालय: राज्यपाल

● मुक्त विश्वविद्यालय के 18वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने मेधावियों को दिए स्वर्ण पदक

● दीक्षांत समारोह में महिला सशक्तिकरण का दिखा अनूठा संगम

**संवाददाता।** प्रयागराज



दीक्षांत समारोह में राज्यपाल के साथ उपस्थित अतिथिगण।

**उत्तर** प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय का 18वां दीक्षान्त समारोह मंगलवार को अटल प्रेक्षागृह में आयोजित हुआ। मुक्त विश्वविद्यालय के दीक्षांत में आज महिला सशक्तिकरण का अनूठा संगम देखने को मिला। पूरा मंच महिला शक्ति से सुशोभित रहा। दीक्षांत की अध्यक्षता कर रहीं राज्यपाल और कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय सिर्फ शिक्षा ही नहीं सामाजिक सरोकारों में भी आम जनमानस को शिक्षित करने एवं सपनों को साकार करने में अहम भूमिका निभा रहा है। कहा कि दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से पढ़ने वाले छात्र छात्राओं की संख्या में और वृद्धि होनी चाहिए। मुक्त विश्वविद्यालय में आगामी वर्षों में छात्र संख्या एक लाख से अधिक होनी चाहिए। विश्वविद्यालय का दायित्व होना चाहिए कि समाज के प्रत्येक वंचित वर्ग को शिक्षा के साथ सर्वांगीण विकास के समान अवसर मिल सके। राज्यपाल ने मुक्त विश्वविद्यालय को निर्देशित किया कि भारत सरकार द्वारा पिछले पांच वर्षों में दिए गये पद्म पुरस्कार प्राप्त व्यक्तियों के जीवन वृत्त से संबंधित बुकलेट तैयार कराये। जिसमें पुरस्कार प्राप्त करने वाले सामान्य व्यक्तियों के संघर्षशील व्यक्तित्व एवं उनके कार्यों का विवरण शामिल हो। जिससे भावी पीढ़ी उनके कार्यों से प्रेरणा ले सकें। उन्होंने भारत के सभी कुलपतियों का आह्वान किया कि यदि सभी कुलपति सौ बच्चों को अंगीकृत कर लें तो उनका जीवन बेहतर बनाया जा सकता है। मुख्य अतिथि प्रो शशि कला वंजारी कुलपति राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान एनआईपीईए नई दिल्ली ने कहा कि हमें युवा पीढ़ी का निर्माण करना है जो भारत का स्वर्णिम भविष्य लिख सकें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के घोषणा भारत को एक सशक्त ज्ञान आधारित राष्ट्र बनाने तथा इसे वैश्विक महाशक्ति के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं क्रांतिकारी कदम है। विशिष्ट अतिथि रजनी तिवारी उच्च शिक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि रचनात्मक राजनीतिक सामाजिक तथा सांस्कृतिक विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए युवा शक्ति को ही आगे आना होगा। युवाओं के मजबूत कंधों पर ही देश प्रदेश एवं समाज का भविष्य टिका है। युवा ही देश के कर्णधार एवं भावी नागरिक हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से प्रदेश में उच्च शिक्षा के माहौल में सकारात्मक परिवर्तन आया है।कुलपति प्रो सीमा सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। साथ ही कुलपति प्रतिवेदन तथा एक वर्ष की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के निर्देश पर दीक्षान्त समारोह के पूर्व आयोजित दीक्षोत्सव के कार्यक्रम सेमिनार काव्य लेखन देशभक्ति गीत निबंध लेखन भाषण प्रतियोगिता पारंपरिक खेल महिला सम्मेलन स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम एवं खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं को दीक्षान्त समारोह के अवसर पर कुलाधिपति द्वारा पुरस्कृत किया गया। दीक्षान्त समारोह के अवसर पर चुनिंदा दस आंगनबाड़ी केंद्रों को विश्वविद्यालय की तरफ से कुलाधिपति ने किट भेंट किया। इसके अतिरिक्त तीस अन्य आंगनबाड़ी केंद्रों को भी किट प्रदान किया गया। इस अवसर पर कुलाधिपति ने उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से विश्वविद्यालय के प्रो पी पी दुबे प्रो पी के पांडेय एवं प्रो रुचि बाजपेई को सम्मानित किया। इस मौके पर कुलाधिपति के समक्ष विशेष विद्यालय के श्रवण एवं बौद्धिक दिव्यांग बच्चों द्वारा समूह नृत्य का प्रस्तुतीकरण किया गया। कुलाधिपति ने नृत्य प्रस्तुतीकरण करने वाले दिव्यांग बच्चों एवं शोभा यात्रा के समय घोष की प्रस्तुति करने वाले भारत स्काउट एंड गाइड के बच्चों को उपहार भेंट किया। दीक्षांत समारोह के अवसर पर कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने शोध प्रविधि पर मूक्स मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्सेज का शुभारंभ किया। कुलाधिपति ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों द्वारा संपादित पुस्तकों का विमोचन किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो पी के पांडेय ने किया। कार्यक्रम में कुलसचिव कर्नल विनय कुमार सिंह मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चंद्र मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

मुक्त विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह

# सात मेधावियों को दिए गए स्वर्ण पदक

● मुक्त विश्वविद्यालय की छात्रा नीलम की मिले चार स्वर्ण पदक

**संवाददाता।** प्रयागराज



मेधावियों को पदक देतीं राज्यपाल और कुलपति।

**उत्तर** प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज में मंगलवार को आयोजित दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल कुलपति प्रो शशि कला वंजारी उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी कुलपति प्रो सीमा सिंह ने संयुक्त रूप से सभी मेधावियों को पदक प्रदान किये। मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चंद्र मिश्र के मुताबिक स्नातकोत्तर वर्ग में विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक विद्या शाखाओं के सात मेधावियों को प्रदान किए गए। जिसमें मानविकी विद्या शाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक राम लखन महाविद्यालय घोसी मऊ अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत एमए पत्रकारिता एवं जनसंचार के छात्र राम बिलास भारती को दिया गया। समाज विज्ञान विद्या शाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक मां शुकली देवी डिग्री कॉलेज सलेमपुर देवरिया अध्ययन केंद्र से पंजीकृत एमए समाज कार्य की छात्रा अंजना पाण्डेय को दिया गया। प्रबन्धन अध्ययन विद्या शाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक विश्वविद्यालय यमुना परिसर शांतिपुरम प्रयागराज अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत एमबीए की छात्रा शशि बिंद को मिला। कंप्यूटर एवं सूचना विज्ञान विद्या शाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक विश्वविद्यालय यमुना परिसर शांतिपुरम प्रयागराज अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत एमसीए के छात्र दीपक बघेल को मिला। शिक्षा विद्या शाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक डी सी एस के पी जी कॉलेज मऊ अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत एमए शिक्षाशास्त्र की छात्रा स्मृति पाण्डेय को मिला। विज्ञान विद्या शाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक चंद्रदीप सिंह स्मारक महाविद्यालय रसड़ा बलिया अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत एमएससी जैव रसायन के छात्र यशराज सिंह को दिया गया। स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक बाबा साधव राम महाविद्यालय आजमगढ़ अध्ययन केंद्र से पंजीकृत एमएससी गृह विज्ञान की छात्रा नीलम को दिया गया। राज्यपाल ने स्नातक वर्ग में विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक विद्याशाखाओं के सात टापर्स को दिये। जिसमें मानविकी विद्या शाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक राम लगन गर्ल्स डिग्री कॉलेज मऊ अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत स्नातक बीए के छात्र अवधेश कुमार सिंह को दिया। समाज विज्ञान विद्या शाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक राम लगन महाविद्यालय घोसी मऊ अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत स्नातक बीए के छात्र दिवाकर राव को दिया। प्रबन्धन अध्ययन विद्या शाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक राम लगन महाविद्यालय घोसी मऊ अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत स्नातक बीकॉम की छात्रा ऐरम फातिमा को मिला। कम्प्यूटर एवं सूचना विज्ञान विद्या शाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक सुकदेव प्रसाद त्रिपाठी महाविद्यालय कुशीनगर अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत स्नातक बीसीए के छात्र अक्षय पटेल को मिला। शिक्षा विद्या शाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक देव इंद्रावती महाविद्यालय कटेहरी अंबेडकर नगर अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत स्नातक बीएड की छात्रा गारिमा यादव को मिला। विज्ञान विद्या शाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक सरदार पटेल स्मारक महाविद्यालय लालपुर अंबेडकर नगर अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत स्नातक बीएससी की छात्रा आकांक्षा वर्मा को मिला। स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर अध्ययन केंद्र अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत स्नातक बीएससी ह्यूमन न्यूट्रिशन की छात्रा रीतिका को प्रदान किया। कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने 11 मेधावी शिक्षार्थियों को दानदाता स्वर्ण पदक से सम्मानित किया।

# बच्चों को दी गयी आजादी के महत्व की जानकारी



**प्रयागराज।** आजादी के महत्व राष्ट्र और बहादुरों की उपलब्धियों का जश्न मनाने के उद्देश्य के दृष्टिगत मेवालाल अयोध्या प्रसाद इंटर कॉलेज सोरांव के विद्यालय परिसर में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आज मनाया गया। विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न स्थानों जैसे कि गांव के बगीचों खेतों आदि से एक एक मुट्ठी मिट्टी लाकर बड़े पात्र में संग्रहीत किया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। बच्चों और शिक्षकों ने लाई गई मिट्टी को हाथ में लेकर पंचप्रण किया। चारों दिशाओं से प्रतीक के रूप में छात्राओं ने गीत गाते हुए मिट्टी लाकर कलश में समर्पित किया तत्पश्चात शिक्षकों और बच्चों ने कलश में मिट्टी समर्पित किया। विद्यालय प्रांगण में उपस्थित बच्चों ने ऊंचे सुर में देशभक्ति के गगनभेदी नारे लगाए। इस अवसर पर कक्षा 11 के छात्रों ने चन्द्रयान 3 का मॉडल भी प्रस्तुत कर वैज्ञानिकों तथा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रवक्ता डॉ शैलेश कुमार पाण्डेय ने बच्चों को आजादी का महत्व बताया तथा आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा भी बताई। कार्यक्रम में डॉ राम प्रताप सुचेत शर्मा डॉ रवींद्र प्रताप गया प्रसाद साधना यादव राजकुमार वन्दना प्रजापति डॉ अमर सिंह रामबहादुर माहेश्वरी प्रसाद शैलेन्द्र सिंह पटेल संजीव शुक्ल दिनेश शुक्ल अजय पटेल मौजूद थे।

# किरन सिंह पीडीए की पैनल अधिवक्ता नामित



**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की अधिवक्ता किरन सिंह को प्रयागराज विकास प्राधिकरण पीडीए ने पैनल अधिवक्ता नामित किया है। अधिवक्ता किरन सिंह पुत्री अशोक कुमार सिंह निवासी झलवा प्रयागराज उच्च न्यायालय में प्रयागराज विकास प्राधिकरण पीडीए के मुकदमों की पैरवी करेंगी। उन्हें पीडीए के उपाध्यक्ष अरविंद सिंह चौहान के निर्देश के क्रम में नामित किया गया है। यह जानकारी पीडीए के प्रभारी अधिकारी विधि की ओर से दी गयी है। अधिवक्ता किरन सिंह के पैनल अधिवक्ता नामित किए जाने पर अपर शासकीय अधिवक्ता राजेश खरे अपर शासकीय अधिवक्ता ज्ञानेंद्र सिंह अधिवक्ता मनीष द्विवेदी सत्य प्रकाश सिंह प्रशांत सिंह कृपेश मिश्रा मनीष देव पांडेय अभिषेक श्रीवास्तव शिव बाबू मौर्या नागेंद्र त्रिपाठी कमल देव पांडेय गौरी शंकर दुबे मुकेश पांडेय आदि ने बधाई दी है।

# पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामिया पशु तस्कर गिरफ्तार

**संवाददाता।** श्रावस्ती

**मल्हीपुर** – पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह द्वारा जनपद में अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे आपरेशन धड़ पकड़ के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती प्रवीण कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी जमुनहा सतीश चन्द शर्मा के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थाना मल्हीपुर धर्मेन्द्र कुमार मय हमराही पुलिस टीम के साथ भिनगा मल्हीपुर मार्ग पर संदिग्ध व्यक्ति वाहनों की चेकिंग कर रहे थे इसी दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली की कुछ माह पूर्व पुलिस पर हमला कर फरार अपराधी मल्हीपुर भिनगा मार्ग पर आ रहा है।

इस सूचना पर थाना मल्हीपुर पुलिस टीम भिनगा मल्हीपुर मार्ग संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग की जा रही कि तभी एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से आता दिखाई दिया जिसे पुलिस ने रूकने का इशारा किया जिस पर मोटरसाइकिल चालक मोटरसाइकिल से मेन रोड से ग्राम ऐंठा को जाने वाली रोड की तरफ भागने लगा पुलिस की टीम द्वारा भाग रहे व्यक्ति का पीछा किया गया तो उसने पुलिस टीम पर तमंचे से फायर कर दिया परन्तु पुलिस वाले बाल बाल बचे और पुलिस टीम अपने को बचाते हुए घेराबंदी की गयी। तथा प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार द्वारा अपनी सरकारी रिवाल्वर से आत्मरक्षार्थ एक राउण्ड फायर किया गया जो बदमाश के बाएं पैर में लगी जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर गया। घायल बदमाश से नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम दादे पुत्र रम्पत नि0 दिनामगढ़ थाना इकौना जनपद श्रावस्ती बताया।

उक्त अभियुक्त थाना मल्हीपुर मे दर्ज मु0अ0सं0 65/23 धारा 34/307/504/506 भा0द0वि0 का वांछित था तथा कई महीनों से फरार चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी हेतु श्रावस्ती पुलिस द्वारा 25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था। अभियुक्त पर जनपद व वाह्य जनपद में कई संगीन धाराओं में अभियोग पंजीकृत है। जिसके कब्जे से 1 अदद तमंचा 315 बोर व 1 अदद जिंदा व 1 अदद फायरशुदा खोखा कारतूस 12 बोर बरामद किया गया । अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

मुठभेड़ में गिरफ्तारअभियुक्त दादे पुत्र रम्पत नि0 दिनामगढ़ थाना इकौना जो पशु चोरी कर तस्करी करने का शातिर अपराधी है जो दिनांक 3 मार्च 2023 को थाना मल्हीपुर क्षेत्र के ग्राम इंदवा टिकुइया के निकट पशु तस्करों व पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ में अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया था। तभी से जनपद के आसपास व नेपाल राष्ट्र में लुक छिपकर रह रहा था। जिसकी गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा था। जिसे दिनांक 25/26 की रात्रि करीब 10 बजकर 55 मिनट पर मुखबिर की सूचना पर पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया।

# महाकुंभ से जुड़े कार्यों का कमिश्नर ने किया निरीक्षण



**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 हेतु कराए जा रहे कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के दृष्टिगत थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन एजेंसी द्वारा धूमनगंज में दो करोड़ की लागत से स्थापित एवं संचालित मैटेरियल टेस्टिंग लैब का निरीक्षण मंगलवार को कमिश्नर विजय विश्वास पंत ने अधिकारियों के साथ किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अपने सामने दो प्रकार के टेस्ट प्लास्टिसिटी इंडेक्स टेस्ट जो की मिट्टी की गुणवत्ता जांचने का टेस्ट है तथा एग्रीगेट इंपैक्ट टेस्ट जिससे गिट्टी की गुणवत्ता को जांचा जाता है कराए तथा दोनों ही टेस्ट के परिणाम संतोषजनक पाए गए।

कमिश्नर ने लैब में उपलब्ध सभी मशीनों का कैलिब्रेशन जिससे कि किसी भी तरह की तकनीकी एरर की गुंजाइश इन मशीनों में ना रह जाए एक मान्यता पूर्ण संस्थान से करने के निर्देश भी दिए हैं। लैब में लगभग 148 मशीने ऐपरेटस उपलब्ध हैं जिनसे कई प्रकार के परीक्षण जो कि अभी तक यहां करना संभव नहीं था वह भी कराए जा रहे हैं। इनमें कंक्रीट परीक्षण मशीन जिसके माध्यम से कंक्रीट की मजबूती का परीक्षण किया जाता है बिटामिन डक्टिलिटी परीक्षण मशीन जिसके माध्यम से रोड बनाने में इस्तेमाल किए जा रहे बिटुमिन की क्वालिटी का परीक्षण किया जाता है मार्शल स्टेबिलिटी परीक्षण मशीन जिसके माध्यम से बिटुमिन मिक्स की गुणवत्ता का परीक्षण किया जाता है भी सम्मिलित हैं। कमिश्नर ने सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन के पास बनाए जा रहे फ्लाइ ओवर का भी निरीक्षण किया तथा वहां रखे उपकरणों के बारे में जानकारी ली।

# रेडक्रॉस व उर्मिला हास्पिटल ने वृद्धाश्रम में लगाया स्वास्थ्य शिविर

**संवाददाता।** श्रावस्ती



**भिनगा** – इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की अध्यक्षा जिलाधिकारी कृतिका शर्मा के निर्देश पर वृद्धाश्रम पर रह रहे निराश्रित बुजुर्गों के लिए बहुउद्देशीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया । जिसका उद्घाटन जिलाधिकारी द्वारा फीता काटकर व अपने खून की जांच कराकर किया गया ।

इस अवसर पर उर्मिला हास्पिटल श्रावस्ती की ओर से नि:शुल्क परामर्श जांच व दवा की सुविधा प्रदान की गयी। डॉ बृज प्रकाश वर्मा व डॉ सायमा द्वारा 87 बुजुर्गों को परामर्श प्रदान किया गया । इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि वह जनपद में वृद्धाश्रम ही नही सभी माता– पिता तुल्य बुजुर्गों के स्वास्थ्य के लिए वह सदैव प्रयासरत हैं रेडक्रॉस के माध्यम से ही नही जनपद के स्वास्थ्य तंत्र के माध्यम से वह लगातार प्रयास करती हैं की सभी जनपदवासियों को समुचित स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन कर रहे सचिव अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि रेडक्रॉस श्रावस्ती लगातार बुजुर्गों की सेवा करती आ रही है आज भिनगा नगर में संचालित उर्मिला हॉस्पिटल के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर लगाया जा रहा है अगले हफ्ते मोतियाबिंद निवारण शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें निरूशुल्क चश्मा दवा और मोतियाबिंद आपरेशन की सुविधा दी जाएगी।

# महोत्सव की तैयारियां पूर्ण, डीएम ने लिया जायजा

**संवाददाता।** अंबेडकर नगर



**जिलाधिकारी** अविनाश सिंह द्वारा अंबेडकर नगर महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया गया। उन्होंने मंच, स्टाल, झूले, सुरक्षा व्यवस्था, साफ सफाई के सम्बन्ध में जायजा लिया गया तथा अंबेडकर नगर महोत्सव के तैयारी के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।जनपद अम्बेडकरनगर में हवाई पट्टी पर 28 वाँ स्थापना दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय अंबेडकरनगर महोत्सव कार्यक्रम 27, 28 व 29 सितंबर को आयोजित किया जा रहा। जिसके अंतर्गत प्रदेश और देश के प्रसिद्ध कलाकारों को आमंत्रित किया गया है।

27 सितंबर को कैलाश खेर बालीबुड पार्श्व गायक बिखेरेंगे अपना जलवा तथा दिनांक 27 सितंबर को ही होने जा रहा है माघवाज बैंड द्वारा प्रस्तुती साथ ही साथ स्कूली छात्र , छात्राओं द्वारा रंगोली प्रतियोगिता, मेंहदी प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जायेगा।

28 सितंबर को बॉलीवुड प्ले बैक सिंगर शबाब सबरी का कार्यक्रम किया जा रहा है तथा कवि सम्मेलन टीम विनीत चौहान (अलवर), शशिकांत यादव (देवाश), कमलेश राजहंस (सोनभद्र), अमन अक्षर (इंदौर), पंकज पलाश (शाजापुर), सुनील व्यास (मुम्बई), निधि गुप्ता कशिश (जबलपुर), सौरभ जायसवाल (लखनऊ), अभय निर्भीक संयोजक (अम्बेडकर नगर ) द्वारा किया जाएगा, साथ ही साथ स्कूली छात्र , छात्राओं द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जायेगा ।

29 सितम्बर, 2023 को क्विज , डिबेट प्रतियोगिता ,पोस्टर ,स्लोगन , लोगो थीम ,पेंटिग , सांस्कृतिक कार्यक्रम स्कूली छात्र , छात्राओं द्वारा किया जायेगा। साथ ही साथ दिनांक 29 सितंबर को भोजपुरी नाईट गायक पवन सिंह तथा बालीबुड नाईट सिंगर मोनाली ठाकुर का कार्यक्रम किया जा रहा है।

बच्चों के लिए झूले, स्टाल, लोकल स्टाल, श्री अन्न मिलेट्स, बच्चों का कार्यक्रम, मिनी मैराथन एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें, साथ ही साथ स्थानीय कलाकारों को भी मंच प्रदान किया जायेगा । अंबेडकर नगर महोत्सव के अवसर पर प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

कार्यक्रम का समापन मुख्य सचिव की उपस्थिति में किया जाएगा।

# डीएम के आदेश पर मेडिकल स्टोर पर बिना लाइसेंस पर छापे की कार्रवाई की गई



**अंबेडकर नगर।** आईजीआरएस प्राप्त शिकायत के आधार पर जिलाधिकारी के निर्देशानुसार, सहायक आयुक्त औषधि अयोध्या मंडल अयोध्या द्वारा गठित टीम सुमित कुमार वर्मा औषधि निरीक्षक अयोध्या एवं शैलेंद्र प्रताप सिंह औषधि निरीक्षक अंबेडकर नगर के द्वारा सम्मनपुर बाजार अंबेडकर नगर में स्थित रवि मेडिकल स्टोर बिना लाइसेंस पर छापे की कार्रवाई की गई, जिसमें तीन संदिग्ध औषधीय का नमूना संग्रहित कर बाकी 106800 मूल्य की एलोपैथिक औषधियां को फॉर्म 16 पर सीज किया गया। नमूने के जांच के उपरांत न्यायालय मे परिवार दाखिल किया जाएगा।

# विहिम के मण्डल अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली अभिनन्दन तिवारी को

● विश्व हिन्दू महासंघ उ0प्र0 गौरक्षा प्रकोष्ठ ने किया बैठक

**संवाददाता।** संतकबीरनगर




**विश्व** हिन्दू महासंघ की बैठक मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित एक होटल में सम्पन्न हुई। बैठक में वि0हि0म0 उ0प्र0 गौरक्षा प्रकोष्ठ के महामंत्री मनोज कुमार प्रजापति ने संगठन का विस्तार करते हुए जिले के हिन्दूवादी नेता अभिनन्दन तिवारी को गौरक्षा प्रकोष्ठ का मण्डल प्रभारी पद पर मनोनीत करते हुए जिम्मेदारी दी है। प्रदेश महामंत्री मनोज प्रजापति ने कहा कि संगठन को बस्ती मण्डल के प्रत्येक गांव तक पहुंचाना है और यह कार्य अभिनन्दन तिवारी के नेतृत्व में होगा। प्रदेश मंत्री दिग्विजय सिंह राणा ने कहा कि अभिनन्दन तिवारी एक युवा नेता है संगठन मे आ जाने से संगठन को मजबूती मिली है। उन्होने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि अभिनन्दन तिवारी संगठन को और मजबूत करने में अपनी भूमिका निभायेंगे। नवनियुक्त मण्डल प्रभारी अभिनन्द तिवारी ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है वह बखूबी निर्वहन करेगे। उन्होने कहा कि बस्ती मण्डल में संगठन का विस्तार किया जायेगा और गांव-गांव अभियान चलाया जायेगा। इस अवसर पर अजय मिश्रा, जिलाध्यक्ष बस्ती अखिलेश सिंह, दिनेश चौबे, श्याम नन्दन तिवारी, बमबम श्रीवास्तव, सचिन राय, पिन्टू तिवारी, अरविंद पाण्डेय, विग्नेश्वर उपाध्याय, विवेक सिंह, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, रवि शुक्ला, राकेश सिंह, छात्र नेता उज्जवल सिंह, सर्वेश तिवारी, आलोक उपाध्याय सहित ऊर्जावान युवा शामिल रहे।

# लोकसभा की 80 सीटों पर भाजपा की होगी जीत : ओ.पी. राजभर



**संतकबीरनगर।** भाजपा के गठबंधन पार्टी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि योगी के 6 वर्षो के कार्यकाल में प्रदेश के अन्दर कही भी दंगा नही हुआ। आगामी लोकसभा चुनाव के 80 सीटो पर भाजपा की जीत होगी। श्री राजभर मंगलवार को जनपद संतकबीरनगर में अपनी पार्टी के संगठन की समीक्षा करते के दौरान उक्त बातें कही। उन्होने कहा कि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी प्रदेश के लोकसभा के सभी सीटो पर गत 17, सितम्बर से समीक्षा कर रही है। जिसके क्रम में बस्ती, संतकबीरनगर की समीक्षा की गई है। उन्होने कहा कि सदन में संविधान के दायरे में रहकर सभी को बोलना चाहिए किसी जाति विशेष पर टिप्पणी किये जाने की वह घोर निन्दा करते है। ओ0पी0 राजभर ने घोषी उपचुनाव के प्रश्न पर कहा कि अखिलेश यादव सैफई पहुँच गये है जीतने के बाद वह नही गये जबकि वह 3 बार गये। उन्होंने कहा कि सीबीआई ईडी से अखिलेश, मायावती, लालू सहित विपक्ष के नेता डरते है। ओ0पी0 राजभर ने कहा कि सीटो के बंटवारे भाजपा गठबंधन दलो के बीच कोई भी टकराहट नही है। हिन्दी देश भारत में भारत/भाजपा मजबूत है विपक्ष इंडिया ईस्ट इंडिया कम्पनी के है।

# कला प्रदर्शनी अवध क्षेत्र के कलाकारों को प्रेरित करेगी: कुलपति

**संवाददाता।** अयोध्या



**डॉ0** राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के ललित कला (फाईन आर्ट्स) विभाग एवं राज्य ललित कला अकादमी के संयुक्त तत्वाधान में राज्य ललित कला अकादमी, लखनऊ द्वारा ''कला आचार्य कला प्रदर्शनी-2023'' का उद्घाटन विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल व डॉ0 लीना मिश्रा, अन्तरराष्ट्रीय कलाकार, लखनऊ द्वारा मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया है। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो0 गोयल ने कहा कि राज्य ललित कला अकादमी, लखनऊ एवं संस्कृति विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक कलाकारों की कृतियों की प्रदर्शनी में सहयोग प्रदान करना निश्चित रूप से अवध क्षेत्र के उद्दीयमान कलाकारों को अभिप्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि कलाकार निश्चित ही भगवान श्रीराम के कथानक पर अधारित कलाकृतियों को निर्मित करते हुए निरन्तर अपनी कला तकनीक को विकसित करेगें। इसके साथ ही कुलपति ने प्रदर्शनी की सफलता के लिए ललित कला विभाग के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को शुभकामनायें दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कला के क्षेत्र की अन्तरराष्ट्रीय कलाकार प्रो0 लीना मिश्रा ने 135 फिट की ''राम कथा आधारित कैनवास रोल पेन्टिंग'' का प्रदर्शन किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को कथानक आधारित आकर्षक निर्माण के गुण बताये। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रो0 कौशलेन्द्र मिश्रा प्राचार्य, बाराबंकी ने उत्कृष्ट प्रदर्शनी नवागत कलाकारों के विकास का एक आधार बताया। वहीं प्रो0 आषुतोश सिन्हा, संकायाध्यक्ष, कला एवं मानविकी संकाय, अविवि ने सभी कला शिक्षकों को उनकी कृतियों के लिए साधुवाद देते हुए बताया कि कलाकृति प्रदर्शनी दर्शनार्थियों को रोमांचित कर रही हैं।

तीन दिवसीय कला प्रदर्शनी का संचालन ललित कला विभाग की डॉ0 सरिता द्विवेदी ने किया। उन्होंने बताया कि विभिन्न जिलों की लगभग 121 कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगायी गयी है जो आज से तीन दिन तक सामान्य जनमानस के लिए प्रात: 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक खुली रहेगी।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 27 सितंबर, 2023



# सप्ताह के भीतर गड्ढे भरे जाने का कार्य पूरा हो : जिलाधिकारी

**संवाददाता।** शाहजहांपुर




**जिला** स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों से उनके द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी ली। पुलिस विभाग के द्वारा बताया गया की जाति सूचक शब्द लिखी हुई 275 गाड़ियों का चालान अब तक किया जा चुका है। इस संबंध में अब तक कुल 236000 रुपयों की वसूली भी की जा चुकी है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि स्कूली बच्चों को लाने ले जाने के लिए प्रयोग मे लायी जाने वाली ई-रिक्शा में जाली का लगा होना अनिवार्य है, ई-रिक्शा के प्रबंधन के संबंध में उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारियों को देश के सर्वश्रेष्ठ मॉडलों का अध्ययन करके शहर में उसे लागू करने का प्रयास करना चाहिए। यह कार्य पहले पायलट प्रोजेक्ट के रूप में किया जाना चाहिए।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग आपस में समन्वय स्थापित करके शाहजहांपुर को सुरक्षित सड़कों का शहर बनाना सुनिश्चित करें। किसी विद्यालय का गेट, हॉस्पिटल का गेट या अन्य कोई भीड़ भाड़ वाला स्थान जो दुर्घटना संभावित है उसे ब्लैक स्पॉट मानकर उन्हें चिन्हित करें तथा ऐसे स्थान पर सुरक्षा के समुचित प्रबंध करें। जिलाधिकारी ने कहा कि इस समिति का मुख्य उद्देश्य ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करना, सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाना तथा चालान की स्थिति में सुधार इत्यादि है।

जिलाधिकारी ने समिति को निर्देश दिए कि गुड समरितन को पुरष्कृत करके प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। समिति की बैठक में गत माह की बैठक के कार्य वृत्त को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के पोर्टल पर अपलोड किए जाने की स्थिति तथा गत बैठक में लिए गए समस्त निर्णय के सापेक्ष कृत कार्यवाही की समीक्षा भी की गई। बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलने को लेकर कुल 1603 मामले अगस्त माह में सामने आए।

माह अगस्त में विभिन्न अपराधों के विरुद्ध किए गए लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही के क्रम में कुल 5 लाइसेंस रद्द किए गए हैं। माह अगस्त में बिना लाइसेंस के वाहन चलाने के कुल 92 मामले सामने आए हैं तथा मोडिफाइड साइलेंसर तथा प्रेशर हॉर्न लगे होने के कुल 58 मामले सामने आए हैं। बैठक में एसपी सिटी सुधीर जायसवाल, एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडे, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा, एआरटीओ, नेशनल हाईवेज अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया के प्रतिनिधि, बीएसए रणवीर सिंह इत्यादि मौजूद रहे।

## अधिकारियों की स्पोर्ट्स मीट में लखीमपुर का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**लखीमपुर खीरी।** जेटीआरआई लखनऊ में आयोजित हो रही यूपी न्यायिक अधिकारियों की 24वीं स्पोर्ट्स मीट में रेखा अग्निहोत्री प्रिंसिपल जज पारिवारिक न्यायालय टेबल टेनिस और बैडमिंटन में रनर



अप रही । सुभाष एडीजे एससी एसटी कोर्ट ने पुरुष वर्ग में 100 मीटर व 200 मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सिविल जज। कर्णिका अवध कैरम विनर विजेता रही एवं बैडमिंटन के सेमी फाइनल में पुरस्कृत हुई। रिले रेस में सेकंड प्राइस मिला। लखीमपुर के पाले में आठ पुरस्कार मिले।

## कवि सम्मेलन में तमाम नामचीन कवियों ने किया काव्य पाठ

**सीतापुर।** नगर महोली में श्री कृष्ण जन्माष्टमी मेला में आयोजित कवि सम्मेलन में तमाम नाम चीन कवियों ने काव्य पाठकर श्रोताओं को मत्रं मुग्ध कर दिया। पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंयती के अवसर पर आयोजित कवि सम्मेलन में राष्ट्रीय कवि देवव्रत बाजपेई का महोली विधायक शंशाक त्रिवेदी, मोहम्मदी विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह , सवायजपुर विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह ने नागरिक अभिनंदन किया। कवि सम्मेलन में गीतकार राजकुमार तिवारी, रायबरेली के कवि नीरज पांडे, बाराबंकी की श्रंगार कवि शशि श्रेया, हाथरस से आए हास्य कवि पदम अलबेला , सीतापुर से आए कवि रजनीश मिश्रा , मिश्रिख के जगजीवन मिश्रा , ब्रम्हावली के ब्रजकांत बाजपेई ने कविता पाठ किया। इस मौके पर एसडीएम अभिनव यादव ,तहसीलदार अनिल कुमार , नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी आदित्य प्रकाश, कोतवाली प्रभारी उमाकांत शुक्ला , कस्बा प्रभारी आशुतोष मिश्रा , गन्ना समिति सचिव एम पी यादव समेत तमाम श्रोता मौजूद रहे।

## पालतू जानवरों का कराएं रजिस्ट्रेशन : ज्ञानेन्द्र द्विवेदी

**● नगर खैराबाद में कुत्तो द्वारा एक बार फिर कई लोगों को जख्मी किए जाने के बाद तहसील प्रशासन ने दिखीय गंभीरता**

**सीतापुर।** नगर खैराबाद में कुत्तो द्वारा एक बार फिर कई लोगों को जख्मी किए जाने के बाद तहसील प्रशासन ने गंभीरता दिखाई है। उपजिलाधिकारी सदर ज्ञानेन्द्र दिवेदी ने इस संबन्ध में दिशा निर्देश जारी किए है। उन्होने नगर पालिका क्षेत्र के लोगो को पालतू जानवरों का रजिस्ट्रेशन कराए जाने को कहा है। एसडीएम ने इस संबन्ध में सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया है। यही नहीं मीट दुकानदारों के लिए भी दिशा निर्देश जारी किए है। जिसके तहत कहा गया है की अवैध रुप से संचालित मीट की दुकानों पर रोक लगाई जाए और मीट दुकानों के संचालन के लिए जो दिशा निर्देश जारी है उसी के अनुरुप संचालन किया जाए। एसडीएम ने नगर पालिका सीतापुर, खैराबाद व नगर पंचायत हरगांव के ईओ को एक सप्ताह में कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत करने को कहा है।

## सपा व्यापार सभा के कार्यकर्ताओं ने नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**सीतापुर।** संसद के विशेष सत्र में चर्चा के दौरान भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी द्वारा सांसद दानिश अली के विरुद्ध अमर्यादित, असंसदीय व अशोभनीय भाषा का प्रयोग किए जाने से सपा व्यापार सभा के कार्यकर्ताओं में नाराजगी है। सीतापुर के समाजवादी व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष व नगर पालिका अध्यक्ष पद के पूर्व प्रत्याशी आशीष गुप्ता की अगुवाई में राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार बिसवां को सौंपा गया। इस मौके पर बार एशोसिएशन के अध्यक्ष राज किशोर यादव, आदर्श वैश्य, एडवोकेट शिशुपाल यादव, श्याम यादव, सचिन सिंह, राजन मिश्रा, जर्मन सिंह, रोहित अवस्थी, प्रेमचंद्र वर्मा, रमेश भार्गव, शिवराम भार्गव आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेसियों ने अधिवक्ताओं के प्रति व्यक्त किया समर्थन

**सीतापुर।** जनपद सीतापुर से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हापुड़ कांड को लेकर आंदोलन कर रहे अधिवक्ताओं के प्रति समर्थन व्यक्त किया है। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सन्तोष भार्गव ने एक समर्थन पत्र बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं महामंत्री को सौंपा।

# गाजियाबाद में मजदूर की हत्या का पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा

**संवाददाता।** गोला गोकरननाथ-खीरी

**चार** दिन पूर्व कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेहड़ा निवासी कोमल का शव गाजियाबाद से लेकर जब गांव आए तो ग्रामीणों ने काफी देर हंगामा कियास और इसकी सूचना पुलिस को दी तभी उसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और सब को सील करके पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। पुलिस को मिली पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कोमल की मृत्यु पिटाई होने से बताई गई है। बता दे कि चार दिन पूर्व नौकरी को गाजियाबाद गए कोमल 26 वर्ष की संदिग्ध मौत हो गई थी। परिजनों ने मौत को संदिग्ध होने की वजह से हंगामा किया और पोस्टमार्टम कराए जाने की मांग की थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कोमल की मौत का कारण पिटाई होना बताया गया है। बताते हैं दर्जनों ग्रामीण कोतवाली जाकर पुलिस को का मुकदमा दर्ज कराया जाने को तहरीर देकर हत्या का मामला दर्ज कराया जाने की मांग कर रहे थे स कि कोमल गांव के ही तीन युवकों के साथ गाजियाबाद नौकरी करने गया था। परिजनों को शक है कि हो सकता है साथियों ने ही उसकी



किसी मामले में पीट कर हत्या कर दी हो या किसी अन्य से कोई लड़ाई झगड़ा हुआ हो जिस कारण कोमल की हत्या कर दी गई है। पीड़ित परिवार ने पुलिस से न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। वहीं कोतवाली प्रभारी इंद्रजीत सिंह का कहना है की घटना का स्थल गाजियाबाद है इसलिए इसकी रिपोर्ट गाजियाबाद में ही दर्ज कराई जानी चाहिए।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के उपलक्ष्य में स्वरोजगार उत्पादों की लगी प्रदर्शनी

**संवाददाता।** बरेली



**पंडित** दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर महात्मा ज्योतिबा फुले यूनिवर्सिटी के नेहरू केंद्र परिसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ द्वारा स्वरोजगार आधारित उत्पादों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।वहीं इस मेले में पहुंची डॉक्टर कीर्ति प्रजापति ने कहा कि विश्वविद्यालय की ये एक बहुत ही अच्छी पहल है। गांव देहात से स्वयं सहायता समूह आए है ।हमें उनके उत्पाद बहुत बढ़िया लग रहे हैं लोग उनके उत्पाद खरीद रहे हैं। साथ ही इस तरह की पहल से स्वरोजगार करने वालों को मदद मिलेगी।वही ग्राम पैगा से आईं सरोज गंगवार का कहना है कि उनके गांव में 12 स्वयं सहायता समूह है।उन्होंने तीन स्टॉल लगाए हैं। ग्रामीण महिलाओं से और खुद भी कई तरीके के उत्पाद हम गांव में घर पर ही बना लेते हैं। उन्होंने इस दौरान प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का पहले से कम पढ़ी-लिखी महिलाओं को भी रोजगार मिल रहा है। एमजेपी में स्टॉल लगाने आई जगरानी का कहना है कि उनका 12 महिलाओं का समूह है उनके द्वारा मोमबत्ती और चप्पलों को बनाया जाता है वहीं प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का धन्यवाद देते हुए उन्होंने बताया कि स्वयं सहायता समूह के जरिए उन्हें रोजगार के लिए बैंक से लोन भी मिलता है तथा मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री की इस पहल के बाद महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है।वही इस मेले में पहुंची शिक्षा विभाग की डॉक्टर प्रतिभा सागर ने बताया कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा घर पर ही तैयार किए गए उत्पाद उन्हें बहुत ही अच्छे लग रहे हैं इसमें कई तरीके के उत्पाद महिलाएं घर पर ही तैयार कर रही हैं और आत्मनिर्भर बन रही है।वही इस मेले में स्टॉल लगाए बैठे रायसिंह का कहना है कि उनके समूह में 11 महिलाएं हैं उन महिलाओं के द्वारा खाद्य उत्पादों को तैयार किया जाता है उन्होंने इस दौरान मुख्यमंत्री शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि उनके द्वारा महिलाओं को रोजगार मिल रहा है और वह आत्मनिर्भर बन रही है।

# आपरेशन के बाद मरीज के पेट से निकाला 6 किलो का ट्यूमर

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**पंडित** राम प्रसाद बिस्मिल स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय के चिकित्सकों ने गरीबी के अभाव में प्राईवेट इलाज न करा पाने के कारण जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही बालिका के पेट से 6 किलो का ट्यूमर निकाला । मेडिकल कालेज के प्राचार्य की देखरेख में सर्जन डॉक्टर ने सफल आपरेशन कर पेट से ट्यूमर को निकाला।

थाना पुवायां के गांव पिटई निवासी वर्षीय बालिका के परिजन जो मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का गुजर बसर करते हैं। बालिका के काफी समय से पेट में तकलीफ होने के कारण उसके परिजन छोटे मोटे डाक्टरों के पास ले जाकर इलाज कराते रहे, लेकिन मरीज को आराम मिलने की जगह उसकी तकलीफ और बढ़ती गई। परिजनों ने जब बड़े डाक्टरों को ले जाकर दिखाया तो डाक्टरों ने परिक्षण में पाया कि उसके पेट में काफी बड़ा ट्यूमर है । मेडिकल कालेज के सर्जन डॉक्टर विभोर जैन ने सभी जांचे देखकर बालिका का आपरेशन किए जाने की बात कही और उसको मेडिकल कालेज में भर्ती करके उपचार शुरु कर दिया। मेडिकल कालेज के प्राचार्य डाक्टर राजेश कुमार की देखरेख में डाक्टरों की टीम बनाकर सफल आपरेशन किया गया। आपरेशन के बाद बेटी के पेट से निकाले गए ट्यूमर का जब वजन किया गया तो वह 6 किलो का निकला।मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य डाक्टर राजेश कुमार ने बताया मरीज का सफल आपरेशन करके जीवन को बचाया गया ।

## क्विक न्यूज

### मार्ग चौड़ीकरण के नाम पर मनमानी बर्दाश्त नहीं : अभिषेक



**संडीला (हरदोई)।** उच्च न्यायलय के वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक दीक्षित ने कहा कि लखनऊ हरदोई मार्ग पर चौड़ीकरण के नाम पर जो मनमानी हो रही है उसको लेकर चुप नहीं बैठा जाएगा और शीघ्र ही उच्च न्यायलय में याचिका दायर की जाएगी। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए समाजसेवी एंव वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक दीक्षित एडवोकेट ने कहा कि लखनऊ हरदोई रोड पर मार्ग को चौड़ा करने के नाम पर पक्षपातपूर्ण और मनमानी कार्रवाई की जा रही है जिनके प्रतिष्ठान यह आवास लोकनिर्माण विभाग की भूमि पर भी नहीं हैं उनको भी तोड़ा जा रहा है जिसक कहीं कोई फरयाद नहीं सुनी जा रही है। उन्होंनें कहा कि मार्ग तो शाहाबाद और हरदोई में भी चौड़ा होना है लेकिन वहां के नेताओं के एपरोच और अधिकारियों से समनवय बन जाने के कारण वहां बाईपास स्वीकृत कर दिए गए। जबकि यही बाईपास संडीला में भी स्वीकृत किया जा सकता था। उन्होंनें कहा कि उनकी मांग है कि जिन लोगों के प्रतिष्ठानों को तोड़ा गया है उन्हें समुचित मुआवजा दिया जाए और साथ ही साथ उनके पुनर्वास की भी व्यवस्था की जाए।

### पुलिस अधीक्षक ने सीसीटीवी कैमरा कन्ट्रोल रूम का किया उद्घाटन

**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक द्वारा कोतवाली सदर में सीसीटीवी कैमरा कन्ट्रोल रुम का उद्घाटन किया गया। थाना कोतवाली सदर पर पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा सीसीटीवी डिजिटल कैमरा के कन्ट्रोल रूम का उद्घाटन किया गया। थाना कोतवाली सदर क्षेत्रान्तर्गत लगभग 700 सीसीटीवी कैमरे की मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम द्वारा की जा रही है। जनपद खीरी में पुलिस ने जन सहयोग से क्षेत्र में विभिन्न स्थानों जैसे मार्केट क्षेत्र के चैराहे और अन्य संदिग्ध स्थान एवं ज्यादा भीड़ भाड़ और मुख्य चैराहे पर 6000 से जायदा सीसीटीवी कैमरे लगवाये गये है। जिससे अब क्षेत्र में 24 घंटे पुलिस द्वारा नजर रखी जायेगी। इन सीसीटीवी कैमरे लगाने का यह उद्देश्य है कि क्षेत्र में बदमाशों पर नजर रखना व अपराध को रोकने व यातायात पुलिस को मदद मिलेगी। स्कूल में पढ़ने वाले छात्र एवं छात्रओं की सुरक्षा हेतु सीसीटीवी कैमरों द्वारा कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग की जायेगी।

### दो वांछित गिरफ्तार भेजा चालान

**गोला गोकर्णनाथ, खीरी ।** कोतवाली पुलिस ने प्राण घातक हमले में वांछित समेत दो युवकों को गिरफ्तार कर चालान भेजा है। कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान ग्राम अलियापुर के निकट हनुमान मन्दिर के पास पंजाबी कॉलोनी निवासी मुकेश कनौजिया पुत्र लक्ष्मण प्रसाद के कब्जे से 2560 ग्राम गांजा बरामद कर गिरफ्तार कर लिया। जिसका एनडीपीएस में चालान भेजा गया है। दूसरी तरफ बलवा घर में घुसकर तोड़फोड़ कर प्राण घातक हमला करने और 7 सीएल एक्ट में वांछित मोहल्ला कुम्हारन टोला निवासी मनू अग्निहोत्री उर्फ प्रवीण पुत्र विजय कुमार अग्निहोत्री को गिरफ्तार कर चालान भेजा है।

### सड़क दुर्घटना में घायल महिला ने दम तोड़ा

**बरेली ।** पति के साथ मोटरसाइकिल पर रिश्तेदार के घर जा रही एक महिला रास्ते में हुई सड़क दुर्घटना में घायल हो गई इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया । भुता थाने के गांव गजनेरा निवासी 35 वर्षीय मीना देवी की बीती रात इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई उसे 5 दिन पूर्व घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था मृतका के घर वालों ने बताया की मीना देवी 5 दिन पूर्व अपने पति श्याम बिहारी के साथ तराखास गांव में रहने वाले एक रिश्तेदार के घर जाने को अपने घर से चली थी कि लेकिन रास्ते में पचौमी गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे मीना देवी गंभीर रूप से घायल हो गई और उसका पति भी घायल हो गया सूचना मिलने पर पहुंचे घर वालों ने उन्हें इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया।

### नगर पालिका सभागार में सफाई कर्मियो का स्वास्थ्य परीक्षण

**लखीमपुर-खीरी।** नगर पालिका सभागार में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डा0 इरा श्रीवास्तव एवं अधिशासी अधिकारी संजय कुमार के निर्देश पर नगर पालिका सभागार में बैठक की गई। पालिका में कार्यरत सफाई कर्मचारियों एवं सफाई नायकों, मेट का स्वास्थ्य परीक्षण नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 अमितेश द्विवेदी व डा0 सुधीर कुमार, फार्मासिस्ट रघुवंश सिंह, वार्ड ब्याय आशु सिंह द्वारा किया गया। कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर स्वास्थ्य से सम्बन्धित दवाईयां वितरित की गयी।

# धूमधाम से निकली श्री महावीर जी झण्डे की शोभायात्रा

**संवाददाता।** संडीला( हरदोई)



**चार** दिवसीय श्री महावीर जी झण्डा मेला के अवसर पर आज श्री महावीर जी के झण्डों की भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया।

श्री महावीर जी झण्डा मेला के दूसरे दिन महावीर जी मंदिर में विधिवत रूप से यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य यजमान के रूप में झण्डा मेला कमेटी के अध्यक्ष शैलेश नाथ अग्निहोत्री सपत्नीक शामिल हुए और उसके बाद झण्डों की शोभा यात्रा का प्रारंभ हुआ। श्री महावीर जी के झण्डों की शोभायात्रा शीतला मंदिर से शोरा कोठी होते हुए मुरारेश्वर मंदिर से छोटा चौराहा होकर रानी जी शिवाला होते हुए इमलियाबाग पहुंची। जहां इस मुख्य झण्डे में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से लाए गए बड़ी संख्या में झण्डे शामिल हुए। इसके बाद झण्डों का यह विशाल जुलूस इमलियाबाग से प्रारंभ हुआ। इस शोभा यात्रा में दर्जनों धार्मिक झाकिंया एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया था। जब यह शोभायात्रा छोटा चौराहा पहुंची तो नगर के कई मुस्लिम सभासदों यथा हसन मक्की, मो0 शमीम बच्चू, आफ्ताब, मो0 अकील अंसारी समेत बड़ी संख्या में मुस्लिम भाईयों ने इसका स्वागत कर संडीला की गंगा जमुनी तहजीब का प्रदर्शन किया। इसके बाद झण्डों की यह शोभा यात्रा नगर के मुख्य मार्ग से होती हुई पनु: महावीर जी मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। गौरतलब है कि झण्डा मेला का शुभारंभ 25 सितंबर से हुआ था और यह 28 सितंबर तक चलेगा। इस दौरान इस झण्डा मेला में कवि सम्मेलन, कीर्तन समेत अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**संवाददाता।** मितौली खीरी

**दो** दिवसीय तहसील स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता जिला पंचायत इंटर कॉलेज कस्ता में आयोजित हुई। लंबी कूद,ऊंची कूद,कुश्ती, गोला फेंक,भाला फेंक,व लंबी दौड़ में कस्ता जिला पंचायत इंटर कॉलेज का दबदबा रहा। वहीं राजा लोने सिंह इंटर कालेज के बच्चों ने भी मारी बाजी।

कस्ता जिला पंचायत इंटर कॉलेज के खेल परिसर में तहसील स्तरीय दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में तहसील स्तर के कई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। सीनियर बालिका वर्ग में कुश्ती प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान जिला पंचायत इंटर कॉलेज कस्ता की पलक ने पाया। गोला फेक में कस्ता की सानिया व भाला फेंक में कस्ता की ही गुड़िया प्रथम रही। लंबी कूद में राजा लोने सिंह इंटर कॉलेज की बालिका अक्षरा सिंह व मनीषा प्रथम रही। 5000 मीटर दौड़ में सीनियर बालक वर्ग में कस्ता के अंकुल व 3000 मीटर दौड़ में कस्ता के ही आकाश ने बाजी मारी।

ऊंची कूद में भी कस्ता के आकाश विजई रहे। भाला फेंक में सीनियर बालक वर्ग गुरुजद सिंह भारतीय इंटर कॉलेज मैगलगंज विजई रहे। सीनियर वर्ग के साथ ही जूनियर वर्ग सब जूनियर वर्ग के प्रथम द्वितीय तृतीय श्रेणी में विजई छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख मितौली व सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य बलबीर सिंह चैहान द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

## एसडीएम ने इंचार्ज प्रधानाचार्य को उपस्थिति बढ़ाने के दिए निर्देश

**पलियाकलां-खीरी।** उप जिलाधिकारी पलिया कार्तिकेय सिंह द्वारा प्राथमिक विद्यालय फरसहिया टांडा विकास खंड व तहसील पलिया का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान छात्र उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया गया जिससे ज्ञात हुआ कि उक्त प्राथमिक विद्यालय में कुल पंजीकृत छात्रों की संख्या 41 है जबकि उपस्थित छात्रों की संख्या 15 है। मध्यान्ह भोजन के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित छात्रों द्वारा अवगत कराया गया कि मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराया जाता है। साफ सफाई की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। मौके पर इंचार्ज सहायक अध्यापक श्रीकृष्ण कुमार उपस्थित मिले इसके अतिरिक्त विद्यालय में दो शिक्षामित्र तैनात है। पंजीकृत छात्रों के सापेक्ष अत्यधिक कम उपस्थिति के संबंध में इंचार्ज सहायक अध्यापक को निर्देशित किया गया कि पंजीकृत छात्रों के सापेक्ष शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु अभिभावकों के साथ बैठक कर लें तथा शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने हेतु प्रेरित करें।

# भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष को मिली जान से मारने की धमकी

**संवाददाता।** बरेली

**भारतीय** जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रहे अधिवक्ता पुरन लाल लोधी को सीबीगंज निवासी हिस्ट्रीशीटर के भाई ने फोन पर जान से मारने की धमकी देते हुए एक केस में पैरवी करने पर दी गई थाने में आरोपी के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुदकमा दर्ज कर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी ।सीबीगंज थाना क्षेत्र के अटरिया निवासी वकील पूरन लाल लोधी ने बताया कि वह भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष और भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पूर्व प्रदेश महामंत्री व राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य रह चुके है उन्होंने बताया 31 अगस्त को उनके मोबाइल पर अज्ञात नंबर से मिस कॉल आई थी जब उन्होंने बैक कॉल की तो अटरिया के ही रहने वाले नासिर अली ने उनसे गाली गलौज शुरू कर दी वह धमकाते हुए बोला कि अगर सुभाष लोधी और शौकत अली की अधिकारियों में पैरवी करना नहीं छोड़ी तो वह उन्हें जान से मार देगा कुछ देर बाद कॉल कट गई अगले दिन आरोपी ने दोबारा कॉल की लेकिन डर के कारण उन्होंने फोन नहीं उठाया भाजपा नेता ने बताया कि आरोपी के भाई आबिद पर पहले से ही दर्जनों मुकदमें दर्ज हैं वह अपने हिस्ट्रीशीटर भाई आबिद अली के साथ मिलकर अपराध करता है और दबंगई दिखाता है नासिर ने सात सितंबर कों पांच लाख रुपये रंगदारी मांगने की घटना को झूठी बताते हुए उनके खिलाफ11 सितंबर को एसएसपी को प्रार्थना पत्र दिया था आरोपी ने झूठी खबरे प्रकाशित कर उनकी मानहानि की सीबीगंज पुलिस ने आईजी के निर्देश पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है और मामले की जांच में जुट गई ।

# प्राचार्य प्रो. वीणा गोपाल मिश्रा के नेतृत्व में निकाली गई कलश यात्रा

**संवाददाता।** लखीमपुर-खीरी



**भगवानदीन** आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय लखीमपुर में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा निकाली गई। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 वीणा गोपाल मिश्रा एवं शिवांगी सक्सेना अमृत महोत्सव समिति सांस्कृतिक सदस्य तथा विमलेश कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना के नेतृत्व में स्वयं सेविकाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की समस्त स्वयं सेविकाएं उत्साह के साथ स्वयं अमृत कलश सुसज्जित कर यात्रा में शामिल हुई। इस रैली में शहीदों को याद करते हुए देश भक्तिपूर्ण नारे लगाते हुए भ्रमण किया गया।

यह कलश यात्रा नगर के मिश्राना चैराहे से थरवरगंज से होते हुए घंटाघर पुलिस लाइन होते हुए लोहिया चैराहे से अम्बेडकर पार्क पहुँची। वहाँ पर शहीदों को नमन कर कलश यात्रा बिलोबी हॉल से खत्री चैराहे से महाविद्यालय को वापस हुई।

# युवराज दत्त महाविद्यालय में किया गया लैपटॉप वितरण

**संवाददाता।** लखीमपुर-खीरी

**स्वामी** विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत युवराज दत्त महाविद्यालय लखीमपुर में स्मार्टफोन वितरण। सत्र 2022-23 के बी0 कॉम, बी0 एस सी0 के चयनित विद्यार्थियों को स्मार्टफोन, एम0 ए0, एम0 कॉम0, एम0 एस सी0 के चयनित विद्यार्थियों को टैबलेट्स वितरित किये गए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) हेमन्त कुमार पाल ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि डिजिटल-क्रान्ति से प्रेरित होकर उच्चतर शिक्षा का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। विद्यार्थियों को अपनी शिक्षा एव कौशल का विकास करके समाज एवं राष्ट के समग्र विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी।

इस सत्र में अभी तक कुल 1361 स्मार्टफोन और 105 टैबलेट्स बाँटे गये। कार्यक्रम के सफल संचालन एवम क्रियान्वयन में महाविद्यालय के सभी संकायों के शिक्षक,डॉ0 जे0 एन0 सिंह, प्रो0 नीलम त्रिवेदी, प्रो0 नूतन सिंह, कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ0 इष्ट विभु, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद नजीफ, डॉ0 डी0 एन0 मालपानी सहित आदि प्रोफेसर मौजूद रहे।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 27 सितम्बर, 2023



# अभियान चलाकर अपराधियों पर करें कार्रवाई: डीएम

●डीएम ने बैठक में दिये कड़े दिशा-निर्देश

●पांच वर्ष के बच्चों के आधार नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ

संवाददाता। चित्रकूट



**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की उपस्थिति में अभियोजन एवं कानून व्यवस्था तथा स्टूडेंट पुलिस कैडेट प्रोग्राम के क्रियान्वयन एवं नारकोटिक्स के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने टॉप 10 अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

डीएम ने कहा कि एससी-एसटी के पुराने मामले की पेडेन्सी ज्यादा है इसका निस्तारण कराएं। एसपीओ को निर्देशित किए की इसमें आप लोग सपोर्ट भी करें। कहा कि अगली बैठक में केशो की लिस्ट बनाकर भी लाए। महिलाओं एवं नाबालिगों के विरुद्ध लैंगिक अपराध के संबंध में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इसमें महिलाओं को परेशानी होती है इसको प्राथमिकता लेकर निस्तारण कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि महिलाओं के विरुद्ध अपराध को जल्दी से जल्द सजा कराएं। वारंट व तामिला के संबंध में उन्होंने जानकारी लिए कहे कि इसमें कोई समस्या नहीं आनी चाहिए। गैंगस्टर के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि पुलिस व शासकीय अधिवक्ता समन्वय बनाकर कार्य करें उन्होंने शासकीय अधिवक्ता से कहा कि डकैती के क्रिटिकल मामलों को भी निकालें। जिलाधिकारी ने सभी उप जिला अधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारियों से निर्देशित किया कि जहां पर भूमि विवाद तहसील दिवस व थाना दिवस में आते हैं उसमें सक्रिय होकर कार्य करें उन्होंने कहा कि इसमें नजरिया बदलने की जरूरत है।

डीएम अभिषेक आनंद ने अनुश्रवण समिति की बैठक में कहा कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने शून्य से 5 वर्ष के बच्चों के आधार नामांकन को चाइल्ड एनरोलमेंट लाइट क्लाइंट लॉन्च किया है। इसका प्रयोग कर आधार जन्म पंजीकरण प्रोग्राम के तहत बच्चों के आधार का नामांकन किया जा सकता है।

## राष्ट्रीय राजमार्ग व नाले का डीएम ने किया निरीक्षण



**राजापुर, चित्रकूट।** जिले की राजापुर तहसील के एसडीएम प्रमोद झा के द्वारा सितम्बर माह में राष्ट्रीय राजमार्ग 731ए व 731एजी के गुणवत्ता तथा मानक विहीन की शिकायत जिलाधिकारी से की गई थी। जिसमे मंगलवार को राष्ट्रीय राजमार्ग के ठेकेदार मनीष तिवारी द्वारा बनाए जा रहे नाला व सड़क का स्थलीय निरीक्षण करते हुए डीएम अभिषेक आनंद ने कई आदेश लोक निर्माण विभाग प्रयागराज के अधिकारियों को दिए हैं। डीएम ने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी पाये जाने पर कार्यदायी संस्था के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिशाषी अभियंता रवींद्र पाल सिंह,सहायक अभियंता विशाल सेठ,अवर अभियंता विजय सिंह आदि अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा हैं कि राष्ट्रीय राजमार्ग की गुणवत्ता व मानक पर किसी भी प्रकार का समझौता नही किया जाएगा।

## कर्वी पुलिस की सूझबूझ से हुआ चोरी का खुलासा

**चित्रकूट।** सीओ समेत वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की देखरेख में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में कर्वी पुलिस टीम ने चोरी की घटना का खुलासा कर तीन महिलाओं को गिरफ्तार कर चोरी के जेवर बरामद किये। ज्ञात है कि 24 सितम्बर को अभिषेक सोनी पुत्र स्व सूर्यभान सोनी निवासी भरतपुरी पुरानी बाजार भगवानदीन चौराहा स्थित ज्वेलरी की दुकान से तीन अज्ञात महिलाओं ने जेवरात चोरी कर लिये हैं। सूचना पर कोतवाली कर्वी में चोरी का मामला दर्जकर तीन अज्ञात महिलाओं को दर्ज किया। पुलिस अधीक्षक ने घटना को संज्ञान में लेकर जल्द खुलासे के निर्देश कर्वी कोतवाल को दिये। सीसीटीवी में आई तस्वीरों को खंगालने के बाद कर्वी कोतवाल ने निरीक्षक राकेश मौर्य की अगुवाई में घटना के खुलासे को टीम गठित की। टीम में निरीक्षक राकेश मौर्य, सिपाही दिनेश कुमार, महिला सिपाही शीलू पाठक व शशिप्रभा शामिल रहीं।

# गौशालाओं की वास्तविकता को परखने पहुंची ओवर साइट कमेटी एनजीटी टीम

●अब तक तीन दिन में जिले की 36 गौशालाओं का हुआ भौतिक सत्यापन

●कमेटी के अध्यक्ष जस्टिस एसबीएस राठौर ने माना अभी सुधार की जरूरत

संवाददाता। उरई, जालौन



**गोवंशों** का बेहतर संरक्षण और उनकी सामाजिक उपादेयता को देखते हुए शासन द्वारा संचालित गौशालाओं की वस्तु स्थिति और व्यवस्थाओं को परखने के लिए बिगत तीन दिन से यहां जनपद में ओवर साइट कमेटी एनजीटी टीम एक के बाद एक लगभग तीन दर्जन गौशालाओं का भौतिक सत्यापन करने के क्रम में आज मंगलवार को डकोर विकासखंड के ग्राम भुआ स्थित गौशाला पहुंची। जस्टिस एसबीएस राठौर की अध्यक्षता में चार सदस्यीय टीम ने भुआ गौशाला की व्यवस्थाओं को बड़ी ही बारीकी से परखा इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद ग्राम प्रधान प्रतिनिधि एडीओ पंचायत पशु चिकित्सा अधिकारी और गौशाला केयरटेकर तथा ग्रामीणों से जानकारियां ली। इसी बीच टीम के अध्यक्ष जस्टिस एसबीएस राठौर ने लोक भारती को बताया कि उन्होंने विगत तीन दिन में 36 गौशालाओं को देखा है व्यवस्थाओं को लेकर वह सिर्फ इतना ही बोले की अभी सुधार की बहुत जरूरत है। टीम द्वारा तीन दिनों में जनपद की 36 गौशालाओं का निरीक्षण किया जा चुका है।

सोमवार को विकासखंड कुठौंद की ग्राम पंचायत ईटों, मदारीपुर, व बस्तेपुर की गौशालाओं का एनजीटी की टीम में शामिल प्रमुख सचिव अनंत कुमार सिंह आदि ने निरीक्षण किया। इस दौरान टीम का मुख्य फोकस गौशालाओं की व्यवस्थाओं पर केंद्रित रहा। साथ ही गायों की संख्या, कितनी गायों की मौत हुई के साथ आय-व्यय के रजिस्टर खंगाले। एनजीटी टीम ने सबसे पहले उन्होंने ईटों की गौशाला का निरीक्षण किया जिसमें छोटी मोटी व्यवस्थाओं के अलावा और कोई भी कमी मौके पर नहीं मिली।

# सलेमपुर गांव जाकर सीडीओ ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण



**कुठौंद**, जालौन। मंगलवार की दोपहर मुख्य विकास अधिकारी भीम जी उपाध्याय विकास खंड कुठौद की ग्राम पंचायत सलेमपुर कालपी का औचक निरीक्षण कर भौतिक, स्थलीय रूप से कार्यों का सत्यापन किया तथा अस्थाई गौशाला में गौ वंशजों की स्थिति को देखा। इस दौरान उन्होंने गौशाला में नियमित सफाई कराने के निर्देश दिये। मुख्य विकास अधिकारी बगैर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अचानक सलेमपुर कालपी पहुंचे जहां उन्होंने सर्वप्रथम अस्थाई गौशाला का निरीक्षण करते हुये गायों को खिलाई जाने वाले सूखा चारा तथा हरा चारा के मानक को लेकर केयर टेकर तथा संबंधित सचिव से सवाल जवाब कर जानकारी हासिल की।

इसके बाद सीडीओ ने पौधारोपण की स्थिति के बारे में जानकारी ली। ग्राम पंचायत द्वारा अस्थाई गौशाला के ठीक बगल में स्मृति वाटिका का निर्माण कराया गया है। इस पर वह तत्काल स्मृति वाटिका की ओर रुख किया जहां पर रोपित सभी पौधों को देखते हुये उन्होंने इसे पर्यावरण के प्रति समर्पण का भाव बताया। ग्राम प्रधान द्वारा बताया गया सीमित संसाधनों में इस वाटिका का निर्माण कराया गया है। इसकी देखरेख के लिए एक श्रमिक की तैनाती भी की गई है वहां पर उन्होंने एक बरगद के वृक्ष भी रोपित किया।

## डेढ़ किलो गांजे व 175 ग्राम चरस समेत पुलिस ने पकड़े दो अपराधी



**जालौन**, उरई। कोतवाली पुलिस द्वारा मदक पदार्थो की बिक्री के रोकथाम के लिए प्रयास किए जा रहे। पुलिस ने अलग-अलग स्थान से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने 1500 गांजा व 175 चरस बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। अपराधियों के खिलाफ पुलिस लगातार अभियान चला रही है। कोतवाल विमलेश कुमार को सूचना मिली धंतौली मार्ग पर एक्सप्रेस वे के पास एवं सहाव मोड़ के पास संदिग्ध व्यक्ति आ रहे हैं। सूचना मिलते ही उन्होंने एसआई ओंकार सिंह व एसआई अनिल कुमार राणा को मौके पर भेजा। पुलिस ने धंतौली मार्ग पर मुन्ना नट निवासी धंतौली एवं सहाव मोड़ के पास से जयनरायण केवट निवासी मल्हानपुरवा थाना रामपुरा को पकड़ लिया। जिनमें मुन्ना नट के पास से पुलिस ने 175 ग्राम चरस एवं जयनरायण के पास से 1500 ग्राम गांजा बरामद किया।

# बुढ़वा मंगल पर हनुमान मंदिरों में उमड़ा भक्तों का सैलाब, जगह-जगह दिखे लंगर

संवाददाता। उरई, जालौन



**बुढ़वा** मंगल पर आज मंगलवार को नगर सहित जनपद भर में महाबली हनुमान की पूजा अर्चना विधि विधान के साथ की गई इस दौरान जगह मंदिरों में बड़ी तादात में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर जहां बजरंगबली की आराधना की तो वहीं नगर के थड़ेश्वरी मंदिर संकट मोचन और मनसा पूरण हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। सुबह से ही बुढ़वा मंगल पर भगवान बजरंगबली के दर्शन करने के लिए अतूर श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचना शुरू हो गए और यह सिलसिला दोपहर तक साने साने इस कदर बड़ा की नगर सहित ग्रामीण अंचलों के मंदिरों में भी हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूजा अर्चना की।

जगह-जगह बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने लंगर और भंडारे के आयोजन भी किया जिनमे देर शाम तक भक्तगण प्रसाद लेने के लिए आतुर दिखलाई दिए वहीं कई स्थानों पर बुढ़वा मंगल पर मेलों का आयोजन भी किया गया। इतना ही नहीं हनुमान भक्तों ने नगर में दर्जनों स्थानों पर राहगीरों को प्रसाद के रूप में सब्जी पूड़ी तो किसी ने बूंदी का वितरण किया। ऐसे स्थानों पर सैकड़ों की संख्या में लोग लाइन में लगकर प्रसाद मिलने का इंतजार करते देखे गये।

## बुढ़वा मंगल पर हनुमान मंदिर में हुआ भंडारा

**फतेहपुर।** चौक स्थित हनुमान मंदिर की कमेटी जय हनुमान मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से बुढ़वा मंगल पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। जय हनुमान मंदिर प्रबंधन समिति के संरक्षक राजेंद्र गुप्ता, प्रबंधक कालका प्रसाद मोदनवाल व अध्यक्ष जगन्नाथ प्रसाद गांधी की देखरेख में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत की। भंडारे की तैयारियां सुबह से ही शुरू हो गई थी। निर्धारित समय पर स्टाल लगाकर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के साथ-साथ मंदिर दर्शन को आने वाले भक्तों को प्रसाद के रूप में पूड़ी, सब्जी व बूंदी का वितरण किया।

## क्विक न्यूज

### ब्लाक स्तरीय कृषि निवेश मेले का आयोजन



**घाटमपुर।** कृषि सूचना तंत्र का सुन्दरीकरण एंव कृषक जागरकता कार्यक्रम के अर्न्तगत मंगलवार को बिकास खंण्ड घाटमपुर में खरीफकृषि निवेश मेला का आयोजन किया गया जिसमें कृषि बिभाग के अधिकारी व कृषि बैज्ञानिकों ने किसानों को मोटा अनाज, फल-सब्जी और लिलहनी फसलों के उत्पादन एंव अन्य बातों की जानकारी दी, इस मौके पर कृषि बैज्ञानिक डा0 शंकर सिंह,डा0 हरिशचंद्र सिंह,डा0 निोद सचान, अरुण कुमार सिंह, दुर्गा प्रसाद, एंव विवेक सिंह राजकीय कृषि बीज भंडार, तथा राकेश सिंह और पुष्पेन्द्र सिंह मौजूद रहे मेला में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया।

### लॉन टेनिस प्रतियोगिता के लिए डीएम अभिषेक आनंद चयनित

**चित्रकूट।** क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी अभिषेक आनंद का जनपद मंडलीय एवं प्रादेशिक चयन प्रतियोगिताओं में प्रतिभा करने के बाद राष्ट्रीय सिविल सर्विसेज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु उत्तर प्रदेश की लॉन टेनिस टीम में चयन किया गया है। प्रतियोगिता उदयपुर राजस्थान में आयोजित की जा रही है।

### घटतौली करने पर होगी कार्रवाई: डीएसओ

**फतेहपुर।** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि संपूर्ण समाधान दिवस मुख्यमंत्री जन सुनवाई पोर्टल आदि में प्राप्त होने वाली शिकायतों की समीक्षा में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लाभार्थियों को वितरित होने वाली खाद्यान्न में घटटौली किए जाने की शिकायतों की वृद्धि हुई है। उन्होने खाद्यान्न में घटटौली न करने के सख्त निर्देश जारी किए है। कहा कि यदि घटटौली की शिकायत कहीं पाई गई तो संबधित उचित दर विक्रेता के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। डीएसओ ने बताया कि जिले में 36789 अंतोदय अन्य योजना एवं 466095 पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को प्रतिमाह नगरीय क्षेत्र की 72 एवं ग्रामीण क्षेत्र की 1026 उचित दर की दुकानों से राशन वितरित कराया जा रहा है। उन्होने बताया कि घटटौली किए जाने की शिकायत की पुष्टि कराई जाएगी।

# बुढ़वा मंगल पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

●काशीपुर में हुआ दंगल का आयोजन

संवाददाता। कानपुर देहात





**भगवान** संकटमोचन हनुमान जी के प्रति आस्था रखने वाले सनातनधर्म के अनुयायियों ने बुढ़वा मंगल के अवसर पर भारी सॅख्या में अपने अराध्य का दर्शन पूजन कर मनोकामनायें मांगीं। इस अवसर पर जनपद के प्रमुख हनुमान मंदिरों में धनुष यज्ञ, सुन्दरकाण्ड के आयोजनों के साथ भण्डारे का आयोजन किया गया।

जनपद के शोभन आश्रम, कडरी आश्रम, हनुमान गढी काशीपुर, रूरा के बालाजीधाम, टॅकीताला हनुमान मॅदिर, संकटमोचन हनुमान मंदिर, ऑटे के बालाजी मॅदिर सहित अन्य प्रमुख हनुमान मॅदिरों में बुढ़वा मॅगल के अवसर पर यज्ञ, धार्मिक कार्यक्रम अनुष्ठान्न का आयोजन किया गया। काशीपुर की हनुमान गढ़ी परिसर पर इस अवसर पर विशाल दंगल का आयोजन किया गया, जिसमें देश-प्रदेश के कई प्रसिद्ध पहलवानों ने अपने दॉव से विपक्षियों को चित्त कर उपस्थित लोगों को रोमॉचित कर दिया। यहां भारी सॅख्या में लोगों ने हनुमान जी के दर्शन किये। संकट मोचन हनुमान मंदिर पर विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें चैयरमैन रामजी गुप्ता, सुरेश कुमार, रविशॅकर, अनुराग भट्ट, पूर्व चैयरमैन रिंकू कश्यप मौजूद रहे।

## 10 घंटे के भीतर किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



**रूरा, कानपुर देहात।** थानाध्यक्ष कपिल दुबे के नेतृत्व में पुलिस बल ने 10 घण्टे के भीतर मासूम किशोरी के साथ दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। सोमवार को पीडिता किशारी के पिता ने सुनील कुमार निवासी बलेथा के खिलाफ पास्को व दुराचार के तहत मुकदमा दर्ज करवाया था, जिसमें प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे के नेतृत्व में पुलिस बल ने त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी को 10 घण्टे के भीतर उसके घर के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया गया, आरोपी की गिरफ्तारी में थानाध्यक्ष कपिल दुबे, आरक्षी राकेश्ड व सौरभ पटेल की प्रमुख भूमिका रही।

## परिषदीय स्कूलों का शीघ्र करायें कायाकल्प: डीएम

**फतेहपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के अनुश्रवण हेतु शासन द्वारा गठित टास्क फोर्स (मध्यान्ह भोजन योजना) एवं जनपद स्तरीय टास्क फोर्स के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जनपद स्तरीय बैठक कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में संपन्न हुई। डीएम ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप ऑपरेशन कायाकल्प के तहत जनपद में परिषदीय विद्यालय में जो कार्य शेष बचे है उनको पूरा कराया जाये। साथ ही बालक व बालिका यूरिनल से समस्त परिषदीय विद्यालयों को शत प्रतिशत संतृप्त कराया जाये। समय-समय पर परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण किया जाये जिससे शिक्षा की गुणवत्ता पर निखार आ सके। उन्होंने अधिकारियों द्वारा गोद लिए गए विद्यालयों का प्रेजेंटेशन देखा और कहा कि जो कमियां हैं उनको नियमानुसार उचित कार्यवाही करके पूरा कराया जाये।

# एसबीएस कॉलेज में धूमधाम से मनाया विश्व फार्मासिस्ट दिवस



**फतेहपुर।** एसबीएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी मलवां में विश्व फार्मासिस्ट दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जनपद के एडिशनल सीएमओ डॉ. इस्तियाक अहमद ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। संस्थान के प्राचार्य डॉ. गुलजार आलम ने छात्रों को एक फार्मासिस्ट के कर्तब्यों के बारे में जानकारी दी। एडिशनल सीएमओ डॉ. अहमद ने कहा कि फार्मासिस्ट ने कोविड-19 के दौरान बहुत ही अहम भूमिका निभाई है। जिससे पूरे विश्व में फार्मासिस्ट को नई पहचान मिली है।

फार्मेसी कौंसिल आफ इंडिया लगातार फार्मासिस्ट की भूमिका को हेल्थ केयर सिस्टम से जोड़ने के प्रयास कर रही है ताकि छात्रों को तकनीकी रूप से सुदृढ़ किया जा सके। इस मौके पर एडमिशन सेल एंड स्टूडेंट वेलफेयर एसोसिएशन हेड शोभित गुप्ता ने अपने व्याख्यान में बताया कि संस्थान पूरे हफ्ते से फार्मेसी वीक मना रहा है जिसमे नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं नेत्र परीक्षण कैंप, स्पोर्ट्स कम्पटीशन, पोस्टर प्रेजेंटेशन, मॉडल प्रेजेंटेशन, रक्तदान शिविर आदि प्रमुखता से कार्य किये गए। सभी विजयी प्रतिभागियों को शील्ड , मेडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

# गणेश प्रतिमा विसर्जन में पिलर गिरने से एक बालक की मौत, दूसरा घायल

●प्रतिमा विसर्जन के मौके पर मटकी फोड़ कार्यक्रम देखने खड़े लोगों पर गिरा पिलर

**फर्रुखाबाद।** मऊ दरवाजा थाना क्षेत्र में एक गणेश प्रतिमा विसर्जन में मटकी फोड़ कार्यक्रम के दौरान एक पिलर गिरने से उसके नीचे खड़े एक दर्शक 10 वर्षीय बालक की दर्दनाक मौत हो गई जबकि दूसरा दर्शक बालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस ने बताया कि आदर्श थाना मऊ दरवाजा के ग्राम माधौपुर के शनि देव मंदिर के समीपस्थ स्थापित एक गणेश प्रतिमा की विसर्जन में मटकी फोड़ कार्यक्रम आयोजित कर यात्रा आयोजकों द्वारा धूमधाम से भैरव घाट मंदिर से शुरू की गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार इस गणेश प्रतिमा विसर्जन यात्रा में मटकी फोड़ कार्यक्रम को देखने के लिए स्त्री-पुरुष- बच्चे, सड़क किनारे खड़े थे। और जब यह गणेश प्रतिमा विसर्जन में मटकी फोड़ यात्रा आदर्श थाना मऊ दरवाजा क्षेत्र में आज करीब 1:30 बजे गंगा दरवाजा तिराहे से गगा भैरव घाट की ओर जा रही थी, तो इसी दौरान एक मकान के पिलर में बांधी गई मटकी को फोड़ने के दौरान अचानक जर्जर पिलर गिरने से उसके नीचे खड़े मोहगा अंगूरी बाग निवासी 10 बर्षीय बालक अनुराग राजपूत की मौत हो गई तथा गंगा दरवाजा निवासी 12 वर्षीय बालक प्रशांत कुशवाहा गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद भी पुलिस ने पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था के साथ गणेश प्रतिमा विसर्जन यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से गंगा भैरव घाट तक पहुंचवाया।इधर घटना होते ही पारिवारी जनो ने गंभीर रूप से घायल बालक को समीपवर्ती एक प्राइवेट नर्सिंग होम में चिकित्सा उपचार के लिए ले गए। पुलिस ने दूसरे मृतक बालक के शव का पंचनामा भर कर अग्रिम विधि करवाई शुरू की।

# धूमधाम से मना मीडिया एसोसिएशन का छठवां स्थापना दिवस समारोह





**फर्रुखाबाद।** प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोसिएशन का 6 वां स्थापना दिवस समारोह होटल रॉयल रॉयल इंटरनेशनल में बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ। समारोह में वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष मुख्य अतिथि, कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली के वरिष्ठ पत्रकार/ लेखक प्रिंट एंव इलेक्ट्रानिक मीडिया एसोसिएशन के संरक्षक अनिल माहेश्वरी, राष्ट्रीय सहारा के सीनियर प्रोड्यूसर विशिष्ट अतिथि अनुराग मिश्रा,एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव डॉ तस्लीम रहमानी, विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष बी के अवस्थी, एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय सिंह कुशल मंच संचालन वरिष्ठ साहित्यकार व एसोसिएशन के संरक्षक अनिल मिश्रा एडवोकेट ने किया। समारोह में दिल्ली सहित कई प्रदेशों के वरिष्ठ संपादकों पत्रकारों ने बढ़ चढ़कर कार्यक्रम में भाग लिया. दो सैकड़ा से अधिक पत्रकारों को कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

अंत में एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय सिंह ने सभी अतिथियों का आभार जताया। और कहा कि किसी भी प्रकार से पत्रकारों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।. पत्रकारों के मान सम्मान से खिलवाड़ करने वालों को बक्शा नहीं जाएगा, लेकिन पत्रकार साथी अपनी मर्यादाओं को ध्यान रखते हुए अपने दायित्वों का निष्पक्ष तरीके से निर्वहन करें।

## चेकिंग में पकड़े वाहनों का चालान कर वसूला जुर्माना

**फर्रुखाबाद।** ओवर स्पीड वाहन चेकिंग अभियान में पकड़े गए आठ वाहन ओवर स्पीड पर 56 हजार रुपये का जुर्माना कर चालान किया गया तथा लाइसेंस निलंबित किए गए। यह जानकारी मंगलवार को फर्रुखाबाद जिले के एक सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि जिले के परिवहन विभाग द्वारा इंटरसेप्टर उपकरण के माध्यम से गुरसहायगंज-फतेहगढ़ मार्ग के मध्य ओवर स्पीड वाहनों की चेकिंग का विशेष अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि कानपुर उप परिवहन आयुक्त ने फर्रुखाबाद परिवहन विभाग को 4 दिन के लिए इंटरसेप्टर उपकरण वाहन चेकिंग के लिए प्रदान किया गया, ताकि ओवर स्पीड वाहनों को आसानी से पकड़ा जा सके। इसी क्रम में आज मंगलवार को जिले के गुरसहायगंज-फतेहगढ़ मार्ग के मध्य ए आरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत तथा यातायात प्रभारी रजनीश कुमार द्वारा, तीन सड़क दुर्घटनाबहुल स्पॉट, के मद्देनजर फतेहगढ़ कोतवाली के महरुपुर सेहजू मोड लेनगांव मोड तथा कमालगंज थाना क्षेत्र के हाजी नगला मोड, उवरी खेड़ा मोड पर दुपहिया एवं चार पहिया वाहनों की निर्धारित गति से अधिक गति पर चलने वाले वाहनों की धर पकड़ की गई।

# आगामी त्योहारों के दृष्टिगत डीएम ने की पीस कमेटी बैठक की अध्यक्षता

संवाददाता। कानपुर देहात



**आगामी** त्योहार बारावफात व गणेश विसर्जन के दृष्टिगत जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक जिलाधिकारी आलोक सिंह के अध्यक्षता में मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी को अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने अवगत कराया कि जनपद में कुल 75 जुलूस निकलेंगे, जिसके दृष्टिगत संपूर्ण तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिलाधिकारी ने सभी थाना प्रभारी, क्षेत्राधिकारी व एसडीएम से उनकी तैयारियों की समीक्षा कर विस्तृत दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जिन मार्गो से होकर जुलूस निकलना है, उस पर साफ सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए, सभी धार्मिक प्रतिनिधि शासन द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करें, निर्धारित रूट पर ही जुलूस निकाले। उन्होंने कहा गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए जो स्थान चिन्हित किए गए हैं, उन्हीं स्थानों पर विसर्जन संपन्न कराया जाए, साथ ही विसर्जन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। आयोजक अपने वालंटियर्स जरूर लगाए तथा उन्हें अपने स्तर से पहचान पत्र अवश्य जारी करें, आयोजन में किसी भी हथियार का प्रदर्शन नहीं होगा, डीजे निर्धारित मानक पर ही बजाए जाएंगे।

उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों से विद्युत से संबंधित सभी शिकायतों के तत्काल निस्तारण के साथ ही सभी क्षेत्रों में नोडल अधिकारी नियुक्त कर, सूची संबंधित तहसील, थानों में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जिससे किसी भी आपातकालीन स्थिति में तत्काल उनसे संपर्क किया जा सके। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी व अधिशासी अधिकारी नगर निकाय को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र में अभियान चला कर साफ सफाई कराये। जिलाधिकारी द्वारा आए हुए सभी धार्मिक आयोजकों से उनकी समस्याओं को जाना गया तथा समस्या के दृष्टिगत संबंधित अधिकारी को तत्काल निस्तारण हेतु निर्देश दिए गए।

# भीम आर्मी ने निकाला कैंडल मार्च, की दुष्कर्म व हत्यारोपियों पर कार्रवाई की मांग

**मौदहा,** हमीरपुर। भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने सैकड़ो की तादाद में एकत्रित होकर देर रात कल नगर के शहीद स्मारक तक कैंडल मार्च निकाल कर दुष्कर्म की शिकार हुई मृतक बालिका को न्याय मिलने व कठोर कार्रवाई की मांग की है। महोबा जनपद के कबरई कस्बे में एक बालिका मंदिर की ओर जाते समय उसके गायब होने की सूचना के बाद उसका शव बर्मा तालाब में मिलने से जनपद सहित आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया उसको न्याय दिलाने के लिए विभिन्न संगठनों ने आवाज बुलंद करते हुए आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के लिए मांग की थी।

इसी क्रम में मौदहा कस्बे में भीम आर्मी के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने सोमवार को देर रात रहमानिया इंटर कॉलेज, मली कुआं चौराहा , थाना चौराहा व नेशनल चौराहा से होते हुए शहीद स्मारक पहुंच श्रद्धांजलि अर्पित की है इस कार्यक्रम में संदीप बाल्मिक, अनिकेत सूर्यवंशी, रागी वाल्मीकि ,मोहित माही ,सुधीर कुमार एडवोकेट, समर्पण मधु प्रिया, धर्मात्मा साहू, महेंद्र साहू, सौरभ कुमार, राज वर्मा व राहुल कुमार आदि लोगों ने कैंडल मार्च निकाल आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है।

## कस्तूरबा विद्यालय की दो छात्राएं बैडमिंटन के लिए चयनित हुईं



**हमीरपुर।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की दो छात्राओं ने प्रादेशिक बालिका विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में स्थान बनाया है। गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ में विभिन्न खेलों या में जिले की कुल 20 छात्राओं ने प्रतिभाग किया था। स्पोर्ट्स फार स्कूल कार्यक्रम के तहत प्रादेशिक बालिका विद्यालय खेलकूद ट्रायल प्रतियोगिता में छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया। लखनऊ में आयोजित प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कुरारा, व सुमेरपुर में अध्ययनरत छात्राएं क्रमश साधना और प्रतिज्ञा की जोड़ी ने बैडमिंटन युगल में समस्त जनपदों को पराजित करते हुए फाइनल विजेता बन प्रदेश स्तरीय बैडमिंटन टीम में हुआ।

# नागोर्नो-काराबाख में विस्फोट में 20 लोगों की मौत, 300 से अधिक लोग घायल

● आर्मेनिया में गैस केंद्र पर हुआ हादसा



**भाषा।** एरेवान (आर्मेनिया)

**नागोर्नो-काराबाख** में अलगाववादी प्राधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि एक गैस केंद्र पर विस्फोट में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई और करीब 300 लोग घायल हो गए। घटना उस वक्त हुई जब क्षेत्र छोड़कर जा रहे वहां के निवासी अपनी कारों में ईंधन भरवाने के लिए कतार में खड़े थे। पृथक क्षेत्र के स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि क्षेत्र की राजधानी स्टेपानाकर्ट के बाहरी इलाके में स्थित गैस केंद्र पर सोमवार देर रात को हुए विस्फोट के बाद 13 शव मिले हैं और घायल सात लोगों ने दम तोड़ दिया है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि 290 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और कई लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। क्षेत्र में तीन दशक तक अलगाववादियों का शासन रहा। पिछले सप्ताह अजरबैजान की सेना द्वारा अभियान चलाकर क्षेत्र पर पूर्ण दावा करने के बीच हजारों की तादाद में नागोर्नो-काराबाख निवासी पलायन कर आर्मेनिया पहुंच रहे हैं। इसी बीच विस्फोट की यह घटना हुई। अजरबैजान की सेना ने पिछले हफ्ते 24 घंटे के हमले में आर्मेनिया की सेना को हरा दिया, जिससे अलगाववादी अधिकारियों को हथियार डालने पड़े और तीन दशकों के अलगाववादी शासन के बाद नागोर्नो-काराबाख के अजरबैजान में पुन: एकीकरण पर बातचीत शुरू करने के लिए सहमत होना पड़ा। अजरबैजान ने क्षेत्र में मूल आर्मेनियाई लोगों के अधिकारों का सम्मान करने की प्रतिबद्धता जताई है और 10 महीने की नाकाबंदी के बाद आपूर्ति बहाल करने का वादा किया है, लेकिन कई स्थानीय निवासियों को डर है कि उन्हें प्रतिशोध का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे लोग आर्मेनिया से बाहर जाने की तैयारी कर रहे हैं। आर्मेनिया की सरकार ने कहा कि सोमवार शाम तक 6,500 से अधिक नागोर्नो-काराबाख निवासी आर्मेनिया से पलायन कर चुके हैं। रूस ने कहा कि नागोर्नो-काराबाख में रूसी शांतिरक्षक पलायन में लोगों की मदद कर रहे हैं। सोमवार रात तक शांतिरक्षकों के शिविर में करीब 700 लोग थे। नागोर्नो-काराबाख 1994 में खत्म हुई अलगाववादी लड़ाई के बाद से ही जातीय आर्मेनियाई बलों के नियंत्रण में था जिसे आर्मेनियाई सेना का समर्थन प्राप्त था। अजरबैजान ने 2020 में पूर्व में आर्मेनिया के दावे वाले अपने आसपास के क्षेत्र को फिर से नियंत्रण में ले लिया था।

# भारत उत्तर-दक्षिण विभाजन, पूर्व-पश्चिम ध्रुवीकरण को पाटने में सक्षम : जयशंकर

**भाषा।** न्यूयॉर्क



**विदेश मंत्री** एस. जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि इस साल जी20 की अध्यक्षता के दौरान, भारत उत्तर-दक्षिण विभाजन और पूर्व-पश्चिम ध्रुवीकरण को पाटने में सफल रहा और दुनिया के सबसे शक्तिशाली देशों को मानवता के सामने आने वाली चुनौतियों का सामना करने तथा उनके हल के लिए प्रतिबद्ध होने को प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने नई दिल्ली के भारत मंडपम में यूनिवर्सिटी कनेक्ट कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए यह बात कही। जयशंकर 78वें संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र में भाग लेने के लिए अभी न्यूयॉर्क में हैं। जयशंकर ने कहा कि भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान शिखर सम्मेलन में कठिन मुद्दों पर बात हुई और सामूहिक कार्वाई पर जोर दिया गया। विदेश मंत्री ने जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के सफल परिणामों का जिक्र करते हुए कहा, जब हम कहते हैं, एक विश्व, एक कुटुम्ब, एक भविष्य, तो दुनिया हम पर विश्वास करती है। आज, भारत को एक समाधान प्रदाता के रूप में देखा जाता है, जो विभाजन की खाई को पाटता है। जयशंकर ने कहा, हम उत्तर-दक्षिण विभाजन और पूर्व-पश्चिम ध्रुवीकरण को पाटने और दुनिया के सबसे शक्तिशाली देशों को आज मानवता के सामने आने वाली चुनौतियों का सामना करने और उनका हल करने के लिए प्रोत्साहित करने में सफल रहे। उन्होंने कहा, यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि भारत की जी20 अध्यक्षता में कठिन मुद्दों पर बातचीत हुई और सामूहिक कार्वाई पर जोर दिया गया।

## क्विक न्यूज

### प्रचंड ने चीन यात्रा के दौरान शी चिनफिंग की सुरक्षा पहल का समर्थन करने से इनकार किया

**बीजिंग-काठमांडू।** इस समय चीन की यात्रा कर रहे नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड ने जाहिर तौर पर चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के सुरक्षा संबंधी मत का समर्थन करने से इनकार कर दिया है। हालांकि दोनों देशों ने अपनी सीमा का संयुक्त निरीक्षण करने की सहमति जताई है। प्रचंड की शी और चीन के प्रधानमंत्री ली क्विंग से वार्ता के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में शी द्वारा प्रस्तावित वैश्विक विकास पहल (जीडीआई) का ही उल्लेख किया गया है, लेकिन उनके दो अन्य सिद्धांतों- वैश्विक सुरक्षा पहल (जीएसआई) तथा वैश्विक संस्कृति पहल (जीसीआई) का कोई उल्लेख नही है। प्रचंड की ली से वार्ता के बाद जारी संयुक्त बयान मे कहा गया, नेपाली पक्ष चीन द्वारा प्रस्तावित जीडीआई का समर्थन करता है और जीडीआई के मित्र समूह मे शामिल होने पर विचार करेगा। आठ दिवसीय चीन यात्रा मे प्रचंड ने इससे पहले 23 सितंबर को हांगझोऊ मे एशियाई खेलो से इतर शी से मुलाकात की थी। अपनी चीन यात्रा से पहले प्रचंड ने कहा कि संयुक्त सुरक्षा की वकालत करने वाला जीएसआई भारत, चीन और अमेरिका के बीच रणनीतिक संतुलन बनाए रखने के लिहाज से नेपाल के हित मे नही है।

### बाइडन ने अमेरिका को साम्यवादी चीन पर बहुत अधिक निर्भर बना दिया: निक्की हेली

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव मे रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवार बनने की दावेदार निक्की हेली ने आरोप लगाया कि देश के राष्ट्रपति जो बाइडन ने अमेरिका को साम्यवादी चीन पर बहुत अधिक निर्भर बना दिया है। हेली ने सोमवार को ओक्लाहोमा सिटी मे हैम इंस्टीट्यूट फॉर अमेरिकन एनर्जी द्वारा आयोजित अमेरिकी ऊर्जा सुरक्षा शिखर सम्मेलन मे कहा, उन्होने (बाइडन ने) अमेरिका को साम्यवादी चीन पर बहुत अधिक निर्भर बना दिया है। महामारी ने साबित कर दिया कि हमें महत्वपूर्ण आपूर्ति के लिए दुश्मन देश पर कभी निर्भर नही रहना चाहिए। उन्होंने कहा, हम जो उन्नत प्रौद्योगिकी विकसित करना चाहते है, उसके लिए हमारे पास सभी संसाधन है और हमें पर्यावरण की रक्षा के लिए खुद को कमजोर बनाने की जरूरत नही है। हमारे देश को अधिक स्वच्छ, अधिक स्वस्थ और अधिक खुशहाल बनाने का सबसे अच्छा तरीका है कि हम अमेरिकी ऊर्जा का कम नही, अपितु अधिक उपयोग करें। हेली ने कहा, चीन एकमात्र ऐसा देश नही है जिसे मै जिम्मेदार ठहराऊंगी। मै हर उस शत्रु के खिलाफ खड़ी रहूंगी, जो अपनी ऊर्जा शक्ति का इस्तेमाल हमारे विरुद्ध करता है। रूस, ईरान और वेनेजुएला अपने तेल के जरिए अपनी बुरी मंशाओ को पूरा करने की कोशिश कर रहे है और जो बाइडन उन्हे ऐसा करने दे रहे है। मै ऐसा नही करूंगी। हेली ने न्यूयॉर्क पोस्ट में लिखा कि साम्यवादी चीन अमेरिका के अस्तित्व के लिए खतरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसने अमेरिकी नौकरियो को नष्ट कर दिया है और एक विशाल सेना बनाने के लिए अमेरिकी गुप्त सूचनाओ को चुराया है।

### न्युवोको को बेस्ट सीएसआर इम्पैक्ट अवॉर्ड

**नई दिल्ली।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह और पूर्वी भारत में अग्रणी सीमेंट कंपनी क्षमता के मामले में ने कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में एक और उपलब्धि हासिल की है। यूबीएस फोरम द्वारा आयोजित आठवाँ एडीशन कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी समिट एंड अवॉर्ड्स में प्रतिष्ठित बेस्ट सीएसआर इम्पैक्ट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह पुरूस्कार प्रोजेक्ट तारा-टेक्नोलॉजी एडेड रिर्सोसेज एट आंगनबाड़ी (आंगनबाड़ियों में प्रौद्योगिकी सहायता प्राप्त संसाधन के माध्यम से समाज में न्युवोको के उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया है जिसे स्वस्थ भारत- बेस्ट सीएसआर इम्पैक्ट श्रेणी में नामांकित किया गया था। इस परिवर्तनकारी पहल को आंगनबाड़ियों द्वारा दी जाने वाली स्वास्थ्य और बाल विकास सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने के लक्ष्य के साथ रूपांकित किया गया था जो ग्रामीण भारत में महत्वपूर्ण सामुदायिक केंद्र के रूप में काम करते हैं। प्रोजेक्ट तारा का उन समुदायों पर गहरा प्रभाव प?ा है इसके विभिन्न प्रयासों से 1200 से अधिक महिलाओं और 2000 किशोरियों को लाभ हुआ है। परियोजना की सफलता का श्रेय इसके बहुआयामी दृष्टिकोण को दिया जा सकता है, जिसमें एडवांस्ड टेक्नोलॉजिकल उन्नत तकनीकी संसाधनों का प्रावधान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण और सामुदायिक संपर्क कार्यक्रम शामिल हैं।

### अमेज़ॅन मिनीटीवी पर गाइनोकालिजिस्ट पर आएगा शो

**मुंबई।** अमेज़ॅन मिनीटीवी - अमेज़ॅन की मुफ्त वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा अपनी विविध सामग्री लाइब्रेरी में एक और शीर्षक जोड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार है। मिथक तोड़ने वालों के साथ हंसी की डोज़ पेश करते हुए, स्ट्रीमिंग सेवा ने आज एक हल्की-फुल्की वेब सीरीज - हूज़ योर गाइनैक? को निर्धारित किया है। यह शो एक नई प्रसूति एवं स्त्री रोग के पूरे सफर को विस्तार से बयां करेगा, जो पेशेवर और व्यक्तिगत दोनों में संतुलन स्थापित करने का प्रयास कर रही है। इसे द वायरल फीवर (टीवीएफ) द्वारा निर्मित किया गया और बनाया गया है, शो में सबा आजाद, करिश्मा सिंह और एरेन अर्जुन कौल को अहम भूमिका में देखा जाएगा। हू इज योर गाइनैक? 28 सितंबर को विशेष रूप से अमेज़ॅन शॉपिंग ऐप के अंदर अमेज़ॅन मिनी टीवी पर और फायर टीवी पर मुफ्त में स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी। आप अमेज़ॅन मिनीटीवी को प्लेस्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं, या अमेज़ॅन शॉपिंग ऐप या फायर टीवी पर भी देख सकते हैं। जबकि अमेज़ॅन मिनीटीवी आपको इस कॉमेडी ड्रामा को अपनी बिंगे लिस्ट में जोड़ने की सिफारिश करता है, यह आपको किसी भी चिकित्सीय सलाह के लिए एक योग्य पेशेवर स्त्री रोग विशेषज्ञ से परामर्श करने की भी सलाह देता है।

### मेरिका ने चीनी शोध पोत की प्रस्तावित यात्रा पर श्रीलंका से अपनी चिंता व्यक्त की: रिपोर्ट

**न्यूयॉर्क- कोलंबो।** एक चीनी शोध पोत की अगले महीने प्रस्तावित श्रीलंका यात्रा को लेकर अमेरिका ने अपनी चिंताओ से द्वीपीय देश को अवगत कराया है। मीडिया मे आई खबर मे यह जानकारी दी गई है। खबर के अनुसार इस पोत का दौरा भारत के लिए भी चिंता का सबब हो सकता है जिसने अतीत मे चीन के जासूसी पोत के श्रीलंका मे ठहरने पर सुरक्षा संबंधी मुद्दा उठाया था। डेली मिरर अखबार की सोमवार की खबर के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र के इतर न्यूयॉर्क मे श्रीलंकाई विदेश मंत्री अली साबरी से मुलाकात करने वाली अमेरिकी उप विदेश मंत्री विक्टोरिया नूलैंड ने चीनी अनुसंधान पोत शी यान 6 की आगामी यात्रा के बारे मे चिंता जताई। मंत्री साबरी ने उन्हे बताया कि एक तटस्थ देश के रूप मे श्रीलंका ने श्रीलंकाई क्षेत्र मे किसी भी गतिविधि को अंजाम देने मे विदेशी जहाजो और विमानो द्वारा अपनाई जाने वाली मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) पर काम किया है। मंत्री ने कथित तौर पर उन्हे बताया कि श्रीलंका ने सभी देशो के लिए इस दृष्टिकोण को समान रखा है और इसके परिणामस्वरूप चीन को इस प्रक्रिया से बाहर नही किया जा सकता है।इससे पहले राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने भी कहा था कि विदेशी जहाजो के लिए एसओपी पर काम किया गया है।

### पाकिस्तान ने ट्रांसजेंडर को पहचान पत्र जारी करना पुनः शुरू किया: अधिकारियों ने कहा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक शरिया अदालत के विवादास्पद फैसले और चार महीने के विराम के बाद पाकिस्तानी अधिकारियो ने ट्रांसजेंडर लोगो को पहचान पत्र जारी करना पुनः शुरू कर दिया है। अधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को यह जानकारी दी। शरिया अदालत के मई में आए फैसले के बाद राष्ट्रीय डेटाबेस और पंजीकरण प्राधिकरण (एनएडीआरए) ने ट्रांसजेंडर को पहचान पत्र जारी करना बंद कर दिया था। अदालत ने इस फैसले में कहा था कि ट्रांसजेंडर अपनी इच्छा से अपनी लैंगिक पहचान मे बदलाव नही कर सकते है और उन्हे समान अधिकार देना इस्लाम के खिलाफ है।अदालत ने कहा था कि अधिकारियो को तृतीय लिंग पहचान को दर्शाने वाले एक्स पदनाम वाले पहचान पत्र जारी करना बंद करना चाहिए।

### मेरिटोरियस स्कॉलरशिप प्रोग्राम को मिलेगा लाभ

**जयपुर।** हैंडमेड रग्स मैन्युफैक्चरिंग में मशहूर लीडर, जयपुर रग्स, 27 सितंबर से शुरू होगा। इस वर्ष, रंग उत्सव कस्टमर्स के लिए एक शानदार एक्सपीरियंस देने का वादा करता है, जिसमें रंग कैटेगरी पर स्पेशल डिस्काउंट, टैलेंटेड बुनकरों के साथ इंटरैक्टिव सेशन और जयपुर रग्स मेरिटोरियस स्कॉलरशिप प्रोग्राम के माध्यम से शिक्षा को सपोर्ट करने के लिए एक नेक पहल भी शामिल है। जयपुर रग्स के डायरेक्टर योगेश चौधरी ने कहा कि हमने हमेशा अपने बुनकरों के जीवन में रोशनी और खुशी लाने को प्राथमिकता दी है। इस साल हम रग उत्सव से प्राप्त आय का एक हिस्सा जेआर मेरिटोरियस स्कॉलरशिप प्रोग्राम में योगदान देकर अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ा रहे हैं। यह पहल उन योग्य मेरिटोरियस स्टूडेंट्स की एजुकेशन को स्पांसर करेगा जिन्होंने अपनी बोर्ड एग्जाम में 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करके उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि का प्रदर्शन किया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से, हम इन युवा प्रतिभाओं को उनके करियर को आगे बढ़ाने और उनकी पूरी क्षमता का एहसास करने के अवसर प्रदान करना चाहते हैं।

### विवादित क्षेत्र में चीनी तटरक्षकों ने जो अवरोधक लगाए थे उन्हें हटा दिया गया : फिलीपीन के तटरक्षक

**मनीला।** फिलीपीन के तटरक्षको ने कहा है कि चीनी तटरक्षको द्वारा समुद्र मे लगाए गए अवरोधको को उन्होने राष्ट्रपति के आदेश का अनुपालन करते हुए हटा दिया है। दक्षिण चीन सागर मे विवादित क्षेत्र में फिलीपीन की मछली पकड़ने की नौका को खाड़ी क्षेत्र में प्रवेश से रोकने के लिए चीनी तटरक्षकों ने समुद्र मे अवरोधक लगाए थे। फिलीपीन के अधिकारियो ने खाड़ी मे स्कारबोरॉ शोल के प्रवेश मार्ग पर करीब 300 मीटर लंबा अवरोधक लगाए जाने की निंदा की और इसे अंतरराष्ट्रीय कानून तथा दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र की संप्रभुता का उल्लंघन बताया। तटरक्षको की सोमवार की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने अवरोधको को हटा दिए और चीन की बढ़ती आक्रामक कार्वाइयो से मुकाबले के लिए विपरीत परिस्थितियो के बावजूद अपने प्रयासो को बढ़ाने पर जोर दिया है। पिछले सप्ताह क्षेत्र के निकट पहुंचे फिलीपीन सरकार के एक मत्स्यपालन जहाज और मछली पकड़ने की 50 से अधिक नौकाओं को रोकने के लिए चीनी तटरक्षको के जहाजो ने रस्सी और जाल के अवरोधक लगा रखे थे।

### मैक्सिको के जलिस्को राज्य में बाढ़ की चपेट में आने से सात लोगों की मौत

मैक्सिको सिटी। मैक्सिको के पश्चिमी राज्य जलिस्को मे आई बाढ़ मे कम से कम सात लोगो की मौत हो गई और नौ अन्य लापता हो गए। जलिस्को राज्य प्रशासन द्वारा एक्स (पूर्व मे ट्विटर) पर किए गए पोस्ट के अनुसार, जलोकोटे नदी मे जलस्तर बढ़ने के बाद पानी तटों से उफनकर आस पास के इलाको मे भर गया। उसने बताया कि आपात कर्मी सोमवार दोपहर को पहुंचे। क्षेत्र मे भारी बारिश के कारण आई बाढ़ से सड़कों और घरो को क्षति पहुंची।

### उत्तरी मैक्सिको में दो निजी विमानों की टक्कर के बाद पांच लोगों की मौत

मैक्सिको सिटी। मैक्सिको के उत्तरी राज्य डुरांगो मे दो निजी विमानो के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से एक बच्चे समेत पांच लोगो की मौत हो गई। राज्य प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। दुर्घटना सोमवार सुबह पश्चिमी डुरांगो के ला गैलानसिटा शहर में एक छोटी हवाई पट्टी पर हुई जहां गंदगी थी। राज्य के सुरक्षा सचिवालय ने द एसोसिएटेड प्रेस (एपी) को बताया कि दो विमान तब टकरा गए जब एक उड़ान भर रहा था और दूसरा उतर रहा था। दोनों हल्के विमान थे।

### सिएटल में टक्कर से मारी गई भारतीय छात्रा के लिए प्रार्थना सभा का आयोजन

**सिएटल।** अमेरिका के सिएटल मे सड़क पार करते वक्त पुलिस की तेज रफ्तार कार की टक्कर से जान गंवाने वाली 23-वर्षीया भारतीय छात्रा जाह्नवी कंदुला के लिए हिंदू समुदाय के सदस्यो ने प्रार्थना सभा का आयोजन किया।सिएटल टाइम्स की खबर के अनुसार, रविवार दोपहर डेनी पार्क मे लगभग 25 लोग शांति पूजा के लिए एकत्र हुए। यह एक हिंदू प्रार्थना कार्यक्रम है, जो दिवंगत आत्मा की शांति के लिए किया जाता है।दक्षिण एशियाई लोगों को स्थानीय समुदाय से जोड़ने के उद्देश्य से बनाए गए संगठन उत्सव के संस्थापक अरुण शर्मा ने कहा, आप विरोध के साथ एक संदेश देते है, लेकिन आप शांति के साथ और भी मजबूत संदेश दे सकते है।

### इथियोपिया के टिग्रे क्षेत्र में संघर्ष विराम के बाद भूख से हुई 1,329 लोगों की मौत

**नैरोबी।** शोधकर्ताओ ने इथियोपिया के टिग्रे क्षेत्र में संघर्ष विराम के बाद भूख से l,329 लोगो की मृत्यु की पुष्टि की है। संघर्ष विराम के साथ ही वहां नवंबर मे दो साल से जारी संघर्ष समाप्त हुआ था। क्षेत्रीय राजधानी मे स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियो और मेक्ले विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में पाया गया कि टिग्रे में मौत का मुख्य कारण अब भूख है। शोधकर्ताओ की जांच मे सामने आया है कि 68 प्रतिशत से अधिक लोगों की मृत्यु का कारण भूख है।

### अफगानिस्तान में आतंकवादी ठिकाने पर छापेमारी में तीन आतंकवादी ढेर


**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सुरक्षाबलों ने अफगानिस्तान के साथ लगने वाली सीमा के पास पूर्व पाकिस्तानी तालिबान के एक गढ़ में संदिग्ध आतंकी ठिकाने पर छापेमारी की और और इस दौरान हुई गोलीबारी मे तीन आतंकवादी मारे गए। पाकिस्तानी सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी।सेना के एक बयान के मुताबिक, खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के खैबर जिले मे सोमवार देर रात हुई गोलीबारी में मारे गए लोगों में एक आतंकी कमांडर भी शामिल था। मारे गए आतंकियो ने पूर्व मे पाकिस्तानी सैनिको पर हमला किया था। पाकिस्तानी सेना ने इसके अलावा कोई अन्य विवरण नही दिया।

# इमरान व कुरैशी की न्यायिक हिरासत 14 दिन बढ़ाई गई



**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान के** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी गोपनीय राजनयिक दस्तावेज कथित तौर पर लीक करने से जुड़े मामले में 10 अक्टूबर तक जेल में रहेंगे। एक विशेष अदालत ने इस मामले में उनकी न्यायिक हिरासत को मंगलवार को तीसरी बार बढ़ा दिया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के प्रमुख इमरान खान को पिछले महीने शासकीय गोपनीयता अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया था। खान और कुरैशी दोनों पर पिछले साल मार्च में अमेरिका में वाशिंगटन स्थित पाकिस्तानी दूतावास द्वारा भेजे गए एक राजनयिक दस्तावेज के गायब होने के संबंध में देश के गोपनीय कानून के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है।न्यायाधीश अबुल हसनत जुल्करनैन ने उच्च सुरक्षा वाली अटक जेल के अंदर सुनवाई की। खान को पांच अगस्त को तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में दोषसिद्धि के बाद से अटक जेल में रखा गया है। इस मामले पर इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने 29 अगस्त को उनकी सज़ा को निलंबित कर दिया था, लेकिन वह राजनयिक दस्तावेज मामले में जेल में बंद हैं। सुनवाई के बाद अदालत ने जांच पूरी करने के लिए उनकी न्यायिक हिरासत को 10 अक्टूबर तक बढ़ा दिया। यह तीसरी बार है जब खान की न्यायिक हिरासत को बढ़ाया गया है। उनकी न्यायिक हिरासत को 13 सितंबर को 26 सितंबर तक के लिए बढ़ा दिया गया था। उनकी पिछली 14 दिन की हिरासत की अवधि आज खत्म हो गई। कुरैशी को इस्लामाबाद में संघीय न्यायिक परिसर में विशेष अदालत के सामने पेश किया गया। दो बार के पूर्व विदेश मंत्री को जब अदालत लाया गया तब उनके हाथों में हथकड़ी लगी थी।अदालत के अधिकारियों ने बताया कि मामले में उनकी न्यायिक हिरासत भी 10 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है।



### पीएमएल-एन ने नवाज़ की गिरफ्तारी संबंधी टिप्पणी को लेकर गृह मंत्री को आड़े हाथों लिया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज़ (पीएमएल-एन) ने पूर्व प्रधानमंत्री नवाज़ शरीफ को वतन वापसी पर गिरफ्तार करने संबंधी बयान के लिए मुल्क के आंतरिक गृह मंत्री सरफराज बुगती पर मंगलवार को आड़े हाथों लिया। इसके बाद कार्यवाहक सरकार ने स्पष्टीकरण जारी किया है। पीएमएल-एन के 73 वर्षीय सुप्रीमो का चुनाव प्रचार अभियान की अगुवाई करने के लिए 21 अक्टूबर को लंदन से लौटने का कार्यक्रम है। नवाज़ शरीफ के खिलाफ भ्रष्टाचार के कई मामले दर्ज हैं। उन्हें भ्रष्टाचार के मामले में दोषी ठहराया गया था और जेल में बंद कर दिया गया था। उन्हें नवंबर 2019 में इलाज कराने के वास्ते आठ हफ्तों के लिए लंदन जाने की इजाजत दी गई थी। लेकिन वह तब से वापस नहीं आए। अदालत ने उन्हें भगौड़ा घोषित कर दिया है। एआरवाई न्यूज़ को सोमवार को दिए साक्षात्कार में गृह मंत्री बुगती ने कहा, हवाई अड्डा संवेदनशील इलाका है और भीड़ को वहां जाने की इजाजत नहीं होगी... अगर उन्होंने (नवाज़ शरीफ) ने अदालत से जमानत नहीं ली तो उन्हें हम गिरफ्तार कर लेंगे। वह इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि अगर शरीफ अदालत से जमानत लेने में विफल रहे तो क्या सरकार उन्हें गिरफ्तार करेगी ?पीएमएल-एन ने शरीफ के पहुंचने पर लाहौर में उनका भव्य स्वागत करने की घोषणा की है। पार्टी की पंजाब इकाई के प्रमुख राणा सनाउल्लाह ने बुगती को आड़े हाथों लेते हुए कहा, 21 अक्टूबर को नवाज शरीफ को हवाई अड्डे से कहां जाना है ए गृह मंत्रालय तय नहीं करेगा, बल्कि जनता तय करेगी। बुगती ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर बयान दिया है। सनाउल्लाह ने कहा कि शरीफ कानून के तहत जरूरी बातों को पूरा करेंगे।

# अभियोजन पक्ष ट्रंप को खामोश करना चाहता है : वकील

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वकीलों ने कहा है कि अभियोजन 2020 के चुनाव नतीजों को बाधित करने की कोशिश से जुड़े मामले में ट्रंप को अपना पक्ष रखने से रोकना चाहता है। अभियोजन ने अदालत से आग्रह किया है कि ट्रंप को मामले से जुड़े गवाहों और लोगों पर टिप्पणी करने से रोका जाए। वकीलों ने कहा है कि यह ट्रंप की राजनीतिक अभिव्यक्ति को असंवैधानिक तरीके से खामोश कराने का प्रयास है। सोमवार देर रात दायर दस्तावेज़ों में ट्रंप के वकीलों ने अमेरिकी जिला न्यायाधीश तान्या चटकान से आग्रह किया है कि वह रिपब्लिकन पार्टी के नेता को आपराधिक मामले से जुड़े गवाहों, वकीलों और अन्य लोगों के खिलाफ भड़काऊ और धमकी वाली टिप्पणी करने से प्रतिबंधित करने की गुजारिश को स्वीकार न करें। ट्रंप के वकीलों ने इस आग्रह को उनका मुंह बंद करने का आखिरी हथकंडा करार दिया जो उन्हें चुनाव प्रचार के दौरान इस मामले पर अपना पक्ष रखने से रोकेगा।

# सीपीईसी के तहत ऊर्जा, जल, जलवायु प्रबंधन में पाकिस्तान के साथ सहयोग और बढ़ाने से चीन का इनकार



**भाषा।** इस्लामाबाद

**चीन ने** अरबों डॉलर की लागत वाले चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के तहत ऊर्जा, जल प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन के क्षेत्रों में सहयोग का और विस्तार करने से इनकार कर दिया है। यह बात मंगलवार को सामने आई, जो दोनों देशों के बीच दोस्ती में तनाव का संकेत देती है। वहीं, नकदी के संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने बलूचिस्तान प्रांत के ग्वादर में एक नया आयातित कोयला आधारित बिजली संयंत्र स्थापित करने पर अपना विरोध छोड़ दिया और चीन की चिंताओं को दूर करने के लिए उसकी कई मांगों पर सहमति व्यक्त की। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार ने सीपीईसी की 11वीं संयुक्त सहयोग समिति (जेसीसी) की बैठक के विवरण के हवाले से यह खबर जारी की। जेसीसी, सीपीईसी की रणनीतिक निर्णायक इकाई है और इसकी 11वीं बैठक पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज)-नीत सरकार के जोर देने पर पिछले साल 27 अक्टूबर को वर्चुअल तरीके से हुई थी। हालांकि, बैठक के बिंदुबार विवरण पर करीब एक साल बाद 31 जुलाई को चीन के उपप्रधानमंत्री हे लिफेंग की यात्रा के दौरान हस्ताक्षर किए गए।

# ओडेसा में रूस के ड्रोन हमलों के बाद रोमानिया तक नौका सेवाएं ठप

**भाषा।** कीव



**रूस ने ओडेसा** के काला सागर क्षेत्र में ड्रोन हमला किया है, जिससे हुए विस्फोटों में एक गोदाम तबाह हो गया वहीं दर्जनों ट्रक जलकर खाक हो गए और दो ड्राइवर घायल हो गए। इसके बाद रोमानिया और यूक्रेन के बीच नौका सेवा निलंबित कर दी गई। अधिकारियों ने मंगलवार को यह दावा किया। इस बीच रूस के एक वरिष्ठ नौसैन्य अधिकारी को एक ऑनलाइन सम्मेलन में शामिल होते देखा गया जिनके एक मिसाइल हमले में मारे जाने का दावा यूक्रेन ने सोमवार को किया था। डेन्यूब नदी के रोमानियाई किनारे से शूट किए गए वीडियो में रात के आकाश में यूक्रेनी विमान भेदी गोलीबारी की रोशनी दिखाई दी, जिसके बाद बंदरगाह क्षेत्र के पास विस्फोट होते देखा गया। तस्वीरों में जले हुए ट्रक भी देखे जा सकते हैं। रोमानिया की बॉर्डर पुलिस ने कहा कि यूक्रेन पर हमलों के कारण इसाक्केया में डेन्यूब के रोमानियाई किनारों पर नौकाओं को खड़े देखा गया। यूक्रेन की वायु सेना ने कहा कि उसने रात में रूस द्वारा भेजे गए 38 में से 26 ड्रोन को मार गिराया। अधिकारियों ने बताया कि रूसी बलों ने ओडेसा क्षेत्र में इजमाइल इलाके पर निशाना साधा। वह यूक्रेन की खाद्यान्न निर्यात करने की क्षमता को लेकर उस पर लगातार निशाना साध रहा है।

# जलवायु परिवर्तन की वजह से अंटार्कटिक समुद्री बर्फ में गिरावट

● भविष्यवाणी करने के लिए अधिक माप और बेहतर मॉडल की जरूरत

**भाषा।** डुनेडिनाक्राइस्टचर्च



**रिकॉर्ड तोड़ने** वाले दो सीज़न के बाद, अंटार्कटिका की समुद्री बर्फ में नाटकीय रूप से गिरावट आ रही है, जो 1970 के दशक के अंत में उपग्रह निगरानी शुरू होने के बाद से देखे गए किसी भी सर्दियों के अधिकतम स्तर से काफी नीचे है। जमे हुए समुद्री जल की एक परत जो अंटार्कटिक महाद्वीप को घेरे हुए है, समुद्री बर्फ का चक्र सितंबर में अधिकतम कवरेज से फरवरी में न्यूनतम तक होता है। कुछ वैज्ञानिकों ने सुझाव दिया है कि यह वर्ष अंटार्कटिक समुद्री बर्फ के चक्र में बदलाव का प्रतीक हो सकता है। परिणाम पृथ्वी की जलवायु के लिए दूरगामी हो सकते हैं, क्योंकि समुद्री बर्फ सौर ऊर्जा को वापस वायुमंडल में परावर्तित करके और समुद्र को इन्सुलेट करके ग्रह को ठंडा रखती है। इसके निर्माण से ठंडे, खारे पानी का द्रव्यमान भी उत्पन्न होता है जो वैश्विक महासागरीय धाराओं को चलाता है।अंटार्कटिक समुद्री बर्फ का वार्षिक जमने-पिघलने का चक्र पृथ्वी के सबसे बड़े मौसमी परिवर्तनों में से एक है, लेकिन जलवायु मॉडल के लिए सटीक भविष्यवाणी करना एक बड़ी चुनौती है। 1970 के दशक से, उपग्रह समुद्री बर्फ सीमा पर नज़र रख रहे हैं, जो कुल सतह क्षेत्र है जहां कम से कम 15ञ समुद्री बर्फ से ढका हुआ है।इस सितंबर में, यह वर्ष के इस समय के लिए उपग्रह-युग के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। पिछले वर्ष, सभी सर्दियों में औसत से बहुत कम ट्रैकिंग के बाद, अंटार्कटिक समुद्री बर्फ की सीमा में देर से वृद्धि हुई और सितंबर 2022 तक इसकी अधिकतम सीमा एक करोड़ 83 लाख वर्ग किलोमीटर थी, जो 1981-2010 के औसत से लगभग 2 कम थी।हालाँकि 2ञ ज़्यादा नहीं लग सकता है, निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन जीवविज्ञानियों ने एम्परर पेंगुइन पर विनाशकारी प्रभावों की सूचना दी है। समुद्री बर्फ के नुकसान के एक क्षेत्र में पाँच प्रजनन स्थलों में से चार में कोई भी बच्चा जीवित नहीं बचा। 2023 में, अंटार्कटिक समुद्री बर्फ की मात्रा 2022 की तुलना में भी कम सर्दियों की शुरुआत हुई, और जुलाई के अंत तक वर्ष के उस समय के लिए 1981-2010 के औसत से लगभग 13ञ कम थी।

### पर्यावरण को बचाने पर जोर

**पुणे।** बिजली उत्पादन के उद्योग में अग्रणी किर्लोस्कर ऑयल इंजन्स केओईएल ने अपने सीपीसीबी आई वी प्लस कॉम?प्लाएंट जेनसेट्स की नई श्रृंखला को लॉन्च किया है। उच्च प्रदर्शन वाले, ईंधन के मामले में किफायती और पर्यावरण के लिये जिम्मेदार समाधानों की आपूर्ति पर केन्द्रित यह नये जेनसेट केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्धारित उत्सर्जन के सबसे नये नियमों को पूरा करते हैं। प्रबंध निदेशक गौरी किर्लोस्कर ने जोर देकर कहा कि किर्लोस्कर ऑयल इंजन्स अपनी शुरूआत से ही विद्युत उत्पत्ति के उद्योग में अग्रणी रही है। डीजल जनरेटिंग सेट्स में बाजार के अग्रणी के तौर पर हमारी अडिग स्थिति हमारी सफलता की यात्रा का प्रमाण है। आसानी से बदलाव के अनुकूल बनने और अभिनव समाधानों की आपूर्ति करने की हमारी योग्यता हमें भरोसेमंद और ईंधन के मामले में किफायती जेनसेट्स के संदर्भ में भारत के सर्वश्रेष्ठ उत्पादक के रूप में स्थापित कर चुकी है। हमारा मानना है कि हमारी नई पेशकश ऑप्टिप्राइम संस्करण बाजार में हमारी स्थिति को और भी मजबूत करेगा। अपने ग्राहकों के लिये लगातार प्रतिबद्ध रहना हमारे परिचालन के मूल में है।

# निज्जर मामले की जांच आगे बढ़ना, अपराधियों को न्याय के दायरे में लाना अहम है: अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कहा है कि सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले को लेकर कनाडा की जांच आगे बढ़नी चाहिए और अपराधियों को न्याय के दायरे में लाया जाना चाहिए। कनाडा ने आरोप लगाया है कि निज्जर की हत्या के पीछे भारतीय प्राधिकारियों का हाथ था। भारत ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताकर सिरे से खारिज कर दिया है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम (कनाडा के) प्रधानमंत्री (जस्टिन) ट्रूडो द्वारा लगाए गए आरोपों को लेकर बहुत चिंतित है। हम अपने कनाडाई साझेदारों के निकट संपर्क में हैं। मिलर ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा, मेरा मानना है कि कनाडा की जांच को आगे बढ़ाना और अपराधियों को न्याय के दायरे में लाया जाना अहम है। हमने भारत सरकार ने कनाडा की जांच में सहयोग करने की सार्वजनिक और निजी रूप से अपील की है।

# भारत की कूटनीति नई ऊंचाई पर पहुंची: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि पिछले 30 दिन में उन्होंने 85 देशों के नेताओं के साथ बैठकें कीं और इस दौरान भारत की कूटनीति एक नई उंचाई पर पहुंची है। प्रधानमंत्री मोदी भारत मंडपम में आयोजित जी20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट के एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मोदी ने कहा कि पिछले 30 दिन में समाज के विभिन्न वर्गों के सशक्तीकरण के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की शुरुआत की गई, एक लाख से ज्यादा नौजवानों को केंद्र सरकार में सरकारी नौकरी दी गई और इसी अवधि में नए संसद भवन में संसद का सत्र हुआ जिसमें महिला आरक्षण विधेयक पारित हुआ। पिछले 30 दिन में भारत की कूटनीति एक नई उंचाई पर पहुंची है। जी20 से पहले दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स सम्मेलन हुआ और भारत के प्रयास से ब्रिक्स समुदाय में छह नए देश शामिल किए गए। उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के बाद वह यूनान गए जो गत 40 साल



में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा थी।

प्रधानमंत्री ने बताया कि जी20 शिखर सम्मेलन से ठीक पहले उन्होंने इंडोनेशिया में भी विश्व के अनेक नेताओं के साथ बैठकें कीं। इसके बाद जी20 सम्मेलन के दौरान इसी भारत मंडपम में दुनिया के लिए बड़े-बड़े फैसले किए गए। आज के खंडित वैश्विक वातावरण में इतने सारे देशों को एक साथ एक मंच पर लाना छोटा काम नहीं है। उन्होंने छात्रों से कहा कि उन्हें एक पिकनिक का आयोजन भी करना होता है तो वे तय नहीं कर पाते कि कहां जाया जाए। मोदी ने कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन में नई दिल्ली घोषणापत्र पर 100 प्रतिशत सहमति दुनिया भर में सुर्खियां बनीं और इस दौरान भारत ने अनेक महत्वपूर्ण फैसलों का नेतृत्व किया। जी20 में कुछ फैसले ऐसे हुए जो 21वीं सदी की पूरी दिशा ही बदल देने की क्षमता रखते हैं। भारत की पहल पर अफ्रीकी संघ को जी20 का स्थाई सदस्य बनाया गया। ग्लोबल बायोफ्यूल अलांयस का नेतृत्व भी भारत ने किया।

प्रधानमंत्री ने कहा, जी20 सम्मेलन में ही हम सभी ने मिलकर भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा बनाने का फैसला किया। यह गलियारा कई महाद्वीपों को आपस में जोड़ेगा इससे आने वाली कई शताब्दियों तक व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलने वाला है। जी20 शिखर सम्मेलन की समाप्ति के तुरंत बाद सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान बिन अब्दुलअजीज अल सौद का भारत दौरा शुरु हुआ और भारत में सऊदी अरब 100 अरब डॉलर का निवेश करने जा रहा है। बीते 30 दिन में विश्व के 85 देशों के नेताओं के साथ मेरी बैठकें हुई हैं। यह करीब करीब आधी दुनिया है। इन बैठकों के फायदे गिनाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जब भारत के रिश्ते दूसरे देशों से अच्छे होते हैं, जब नए-नए देश भारत के साथ जुड़ते हैं तो भारत के लिए भी नए अवसर बनते हैं। हमें नया साथी मिलता है, नया बाजार मिलता है और इन सब का फायदा देश की युवा पीढ़ी को होता है।

विश्वकर्मा जयंती पर आरंभ किए गए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इससे अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के साथ अन्य पिछड़ा वर्ग के कारीगरों का सशक्तीकरण होगा। रोजगार मेला लगाकर बीते 30 दिन में एक लाख से ज्यादा नौजवानों को केंद्र सरकार में सरकारी नौकरी दी गई है। जब से यह कार्यक्रम शुरू किया गया है, तब से लेकर छह लाख से ज्यादा युवकों को सरकारी नौकरियों के लिए नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। इन्हीं 30 दिन में आपने देश के नए संसद भवन में पहले संसद सत्र को भी देखा है। देश के नए संसद भवन में पहला विधेयक महिला आरक्षण विधेयक पारित हुआ, जिसने पूरे देश को गर्व से भर दिया है।



भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के घर गणेश उत्सव के दौरान पूजा करने पहुचे।

## हिंद-प्रशांत के लिए भारत का दृष्टिकोण विवादों के समाधान पर जोर देता है : सेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने मंगलवार को कहा कि हिंद-प्रशांत के लिए भारत का दृष्टिकोण क्षेत्र में सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान पर, विवादों के शांतिपूर्ण समाधान पर और बलप्रयोग से बचने पर जोर देता है। भारत की मेजबानी में आयोजित 13वें हिंद-प्रशांत सैन्य प्रमुख सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में जनरल पांडे ने यह बात कही। उनके ए बयान हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य आक्रामकता और पूर्वी लद्दाख में जारी सीमा विवाद की पृष्ठभूमि में आए हैं। उन्होंने करीब 35 देशों की सेनाओं के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में कहा, हमारे सामने अहम चुनौतियां हैं, लेकिन उतना ही अहम हमारा सामूहिक विवेक और शक्ति है। खुले संवाद और विचारों के आदान-प्रदान के माध्यम से हम चुनौतियों के नवोन्मेषी समाधान तलाशेंगे।

जनरल पांडे ने कहा, हमें इस बात को मानना चाहिए कि हमारे उद्देश्यों की प्राप्ति की दिशा में हमारे तरीके और पद्धतियां अलग हो सकती हैं, लेकिन हमारा लक्ष्य एकसमान है और वह है खुला और स्वतंत्र हिंद-प्रशांत।

स्पष्ट है कि दुनिया की 65 प्रतिशत आबादी हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रहती है, वहीं दुनिया की 63 प्रतिशत जीडीपी इस क्षेत्र की है एवं विश्व का 50 प्रतिशत समुद्री व्यापार इस क्षेत्र में होता है। जनरल पांडे ने कहा, इसलिए, दुनिया के लिए क्षेत्र की भौगोलिक तथा आर्थिक अपरिहार्यता का प्रभाव स्वाभाविक रूप से इसे समकालीन भू-रणनीतिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण क्षेत्र की भूमिका देता है। उन्होंने कहा कि शांति, स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र में सभी पक्षों के साथ सकारात्मक बातचीत करने की भारत की प्रतिबद्धता अटूट और निरंतर स्थिर बनी रही है। हिंद-प्रशांत के महत्व पर जोर देते हुए जनरल पांडे ने कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र महज राष्ट्रों का समूह नहीं है, बल्कि यह एक-दूसरे पर परस्पर निर्भरता का उदाहरण है।

## विभिन्न सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहा हिंद-प्रशांत क्षेत्र : राजनाथ

**भाषा।** नई दिल्ली

**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र की जटिलताओं से निपटने और क्षेत्र में समृद्धि, सुरक्षा तथा समावेशी भविष्य सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार को सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया। 13वें हिंद-प्रशांत सेना प्रमुख सम्मेलन (आईपीएससी) में सिंह ने कहा कि राष्ट्रों को यह समझना चाहिए कि वैश्विक मुद्दों में कई हितधारक शामिल हैं और कोई भी देश अकेले इन चुनौतियों का समाधान नहीं कर सकता। उनकी यह टिप्पणी हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के आक्रामक सैन्य व्यवहार पर बढ़ती वैश्विक चिंताओं के बीच आई है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि वसुधैव कुटुंबकम (दुनिया एक परिवार है) के प्राचीन भारतीय लोकाचार के अनुरूप हासिल की जा सकती है। भारतीय सेना द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में 30 से





अधिक देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि हिंद-प्रशांत अब एक नौवहन रचना ही नहीं है, बल्कि एक पूर्ण भू-रणनीतिक रचना है, और यह क्षेत्र सीमा विवादों और समुद्री दस्यु सहित विभिन्न सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहा है।

रक्षा मंत्री ने अमेरिकी लेखक स्टीफेन आर कोवी के एक सैद्धांतिक मॉडल के माध्यम से क्षेत्र के लिए अपने दृष्टिकोण को समझाया, जो सर्कल ऑफ कन्सर्न और सर्कल ऑफ इन्फ्लुएंस पर आधारित है। उन्होंने कहा, ऐसे उदाहरण हो सकते हैं जब विभिन्न देशों के चिंता के चक्र यानी सर्कल ऑफ कन्सर्न एक-दूसरे पर हावी होते हैं। किसी भी देश के विशेष आर्थिक क्षेत्रों से परे, समुद्र से गुजरने वाले अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार मार्ग प्रासंगिक उदाहरण हैं। रक्षा मंत्री ने कहा, इसके फलस्वरूप या तो राष्ट्रों के बीच संघर्ष हो सकता है या वे पारस्परिक रूप से जुड़ाव के नियमों को तय करके सह-अस्तित्व का फैसला कर सकते हैं। इस तरह की अवधारणा रणनीतिक सोच और प्राथमिकता के महत्व को रेखांकित करती है।

सिंह ने कहा कि राष्ट्रों को यह समझना चाहिए कि वैश्विक मुद्दों में कई हितधारक शामिल हैं और कोई भी देश अकेले इन चुनौतियों का समाधान नहीं कर सकता। उन्होंने सर्कल ऑफ कन्सर्न में आम चिंताओं के समाधान के लिए व्यापक अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ बातचीत करने और कूटनीति, अंतरराष्ट्रीय संगठनों तथा संधियों के माध्यम से सहयोगात्मक रूप से काम करने की आवश्यकता पर बल दिया। रक्षा मंत्री ने यूनाइटेड नेशन्स कन्वेन्शन ऑन द लॉ ऑफ द सी (यूएनसीएलओएस), 1982 को ऐसे अंतरराष्ट्रीय समझौते का एक अच्छा उदाहरण बताया जो नौवहन गतिविधियों के लिए कानूनी ढांचा स्थापित करता है और विभिन्न देशों के सर्कल ऑफ कन्सर्न के एक दूसरे पर हावी होने से उठने वाले मुद्दों का समाधान करता है। सिंह के अनुसार, साथ ही वैश्विक मंच पर राष्ट्रीय हितों को बढ़ावा देने के लिए अपने प्रभाव चक्र यानी सर्कल ऑफ इन्फ्लुएंस की पहचान करनी चाहिए।

## 26-11 आतंकी हमले से कुछ दिन पहले मुंबई के होटल में ठहरा था तहव्वुर राणा: पुलिस

**मुंबई।** मुंबई में 26 नवंबर 2008 को हुए आतंकवादी हमले के मामले में पाकिस्तानी मूल के कनाडाई कारोबारी तहव्वुर राणा के खिलाफ दायर पूरक आरोप पत्र में पुलिस ने उल्लेख किया है कि वह हमले से ठीक पहले पवई उपनगर के एक होटल में दो दिन ठहरा था। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने गैर-कानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज मामलों की सुनवाई कर रही एक विशेष अदालत के समक्ष सोमवार को 400 से अधिक पृष्ठ का आरोप पत्र दायर किया। यह इस मामले में चौथा आरोप पत्र है।

फिलहाल राणा अमेरिका में हिरासत में है और उस पर मुंबई हमले को लेकर कई आरोप हैं। माना जाता है कि वह 26-11 हमले के मुख्य षडयंत्रकारियों में से एक पाकिस्तानी-अमेरिकी आतंकवादी डेविड कोलमैन हेडली से जुड़ा हुआ था। आरोपपत्र में उल्लेख किया गया है कि तहव्वुर हुसैन राणा 11 नवंबर, 2008 को भारत आया था और 21 नवंबर तक यहां रहा। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि उसने दो दिन पवई के रेनेसां होटल में बिताए। उन्होंने कहा, हमें राणा के खिलाफ दस्तावेजी साक्ष्य और कुछ बयान मिले हैं जिनमें साजिश में उसकी भूमिका का पता चलता है। दस्तावेजी साक्ष्य से पता चलता है कि राणा 26।11 हमले के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक पाकिस्तानी-अमेरिकी आतंकवादी डेविड कोलमैन हेडली के साथ साजिश में सक्रिय रूप से शामिल था। उसने (राणा ने) फर्जी दस्तावेजों के आधार पर हेडली को भारतीय पर्यटक वीजा दिलाने में मदद की थी। उन्होंने कहा कि राणा ने कथित तौर पर 26-11 के आतंकवादी हमले को अंजाम देने में लश्कर-ए-तैयबा की मदद की थी। अपराध शाखा को हेडली और राणा के बीच का ईमेल संवाद मिला है।

## अंतरराष्ट्रीय सीमा पर ड्रोन-रोधी प्रणाली तैनात की जाएगी : अमित शाह

**अमृतसर( भाषा )।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि सुरक्षा को और चाक-चौबंद करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सीमा पर ड्रोन-रोधी प्रणाली तैनात की जाएगी। शाह ने यहां उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की एक बैठक को संबोधित करते हुए परिषद के सदस्यों - पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, जम्मू कश्मीर, लद्दाख और चंडीगढ़- से जल बंटवारे से संबंधित विवादों को आपसी चर्चा के जरिए सुलझाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, मोदी सरकार सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। जल्द ही हमारे देश की सीमाओं पर ड्रोन-रोधी प्रणाली तैनात की जाएगी। अंतरराष्ट्रीय सीमा पार से पंजाब और जम्मू-कश्मीर तक हथियारों, गोला-बारूद और मादक पदार्थों की तस्करी सीमा सुरक्षा बलों के सामने एक बड़ी समस्या रही है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार मादक पदार्थों की तस्करी और आतंकवाद पर नकेल कसने में सफल रही है।

## न्यायालय ने आशीष मिश्रा की अंतरिम जमानत शर्त में ढील दी

**लखीमपुर खीरी हिंसा**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को लखीमपुर खीरी हिंसा मामले के मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा की जमानत शर्तों में ढील दी, ताकि वह अपनी बीमार मां की देखभाल और बेटी के उपचारके लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में जाकर रह सकें। मामला तीन अक्टूबर 2021 को हुई हिंसा की घटना से जुड़ा है, जिसमें उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले के तिकुनिया में चार किसानों समेत आठ लोगों की मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने 25 जनवरी को अदालत द्वारा मिश्रा पर लगाई गई अंतरिम जमानत की शर्तों में ढील दी। मिश्रा को इस अवधि के दौरान उत्तर प्रदेश या दिल्ली में नहीं रहने के लिए कहा गया था।

अदालत ने केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा द्वारा दायर एक संशोधन आवेदन पर आदेश पारित किया, जिसमें कहा गया था कि उनकी मां दिल्ली के राममनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल में भर्ती हैं। उन्होंने अपने आवेदन में आगे कहा है कि उनकी बेटी को पैरों में कुछ विकृति के लिए उपचार की जरूरत है।

मिश्रा की ओर से अदालत में पेश हुए वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ दवे ने कहा कि उनके मुवक्किल को अपनी बीमार मां की देखभाल की जरूरत है। पीठ ने मानवीय आधार पर आवेदन स्वीकार कर लिया, लेकिन कहा कि मिश्रा को दिल्ली में किसी भी सार्वजनिक समारोह में भाग नहीं लेना चाहिए और विचाराधीन मामले के संबंध में मीडिया को संबोधित नहीं करना चाहिए। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि मुकदमे में भाग लेने के अलावा उत्तर प्रदेश में प्रवेश पर प्रतिबंध की, 25 जनवरी के आदेश द्वारा लगाई गई शर्त लागू रहेगी।

## अन्नाद्रमुक को इंडिया गठबंधन में शामिल करने को लेकर पहले द्रमुक से बात की जाएगी: शरद पवार

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने मंगलवार को कहा कि अन्नाद्रमुक को विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल करने के किसी भी फैसले के लिए द्रमुक या उसके अध्यक्ष एम के स्टालिन से सलाह मशविरा किया जाएगा। अन्नाद्रमुक ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ अपने चार साल पुराने गठबंधन को तोड़ते हुए सोमवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) छोड़ने का ऐलान किया और कहा कि वह 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए एक अलग मोर्चे का नेतृत्व करेगी। पवार से जब पूछा गया कि क्या अन्नाद्रमुक को इंडिया में लाने के प्रयास किए जाएंगे तो उन्होंने कहा, द्रमुक इंडिया के घटक दलों की सहयोगी पार्टी है। इसलिए द्रमुक या स्टालिन से परामर्श किए बिना इस संबंध में कोई फैसला नहीं किया जाएगा।

## भ्रष्टाचार मामले में पंजाब के पूर्व वित्त मंत्री मनप्रीत बादल के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

**चंडीगढ़।** पंजाब में बठिंडा की एक अदालत ने संपत्ति की खरीद में कथित अनियमितताओं के मामले में पंजाब के पूर्व वित्त मंत्री मनप्रीत सिंह बादल के खिलाफ मंगलवार को गिरफ्तारी वारंट जारी किया। पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने बठिंडा में संपत्ति खरीद में अनियमितताओं के आरोप में बादल और पांच अन्य के खिलाफ आरोप दर्ज किया है। मामले में तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। यह गिरफ्तारी वारंट बठिंडा में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत द्वारा जारी किया गया। सोमवार को इस मामले में मनप्रीत बादल के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया गया था।

पंजाब सतर्कता ब्यूरो की टीम ने बादल के मुक्तसर स्थित आवास पर छापा मारा था जिसके बाद बादल को पकड़ने के लिए सोमवार को उनके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया। बादल जनवरी में कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए थे। बादल के वकील सुखदीप सिंह ने कहा कि बठिंडा की अदालत से अग्रिम जमानत याचिका वापस ले ली गई है और मामले में नई जमानत याचिका दायर की जाएगी। उन्होंने कहा कि सतर्कता ब्यूरो ने अदालत को बताया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

वकील ने कहा कि जब अग्रिम जमानत याचिका दायर की गई थी, तब तक बादल के खिलाफ कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई थी। बादल के अलावा बठिंडा विकास प्राधिकरण (बीडीए) के पूर्व मुख्य प्रशासक बिक्रमजीत शेरगिल, राजीव कुमार, अमनदीप सिंह, विकास अरोड़ा और पंकज के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। राजीव कुमार, अमनदीप सिंह और विकास अरोड़ा को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

सतर्कता ब्यूरो ने पूर्व विधायक सरूप चंद सिंगला की 2021 की शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू की थी, जिसमें बठिंडा में एक प्रमुख स्थान पर संपत्ति की खरीद में अनियमितता का आरोप लगाया गया था। पूर्व में शिरोमणि अकाली दल में रहे भाजपा नेता सिंगला ने आरोप लगाया था कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में मंत्री के रूप में बादल ने दो वाणिज्यिक भूखंडों को अपने नाम पर आवासीय भूखंड में बदलने के लिए अपने पद का दुरुपयोग किया था। इस संबंध में भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) और 468 (जालसाजी) सहित संबंधित धाराओं और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। सतर्कता ब्यूरो के अनुसार जांच के दौरान यह पाया गया कि बादल ने मॉडल टाउन चरण-। बठिंडा में ।,560 वर्ग गज के दो भूखंड खरीदने के लिए अपने पद का दुरुपयोग किया, जिससे राज्य के खजाने को लाखों रुपए की वित्तीय हानि हुई।

## अब्दुल्ला खान के दावे का निर्धारण करे मुरादाबाद जिला अदालत: न्यायालय

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को मुरादाबाद जिला अदालत से 2008 के एक आपराधिक मामले में समाजवादी पार्टी नेता आजम खान के पुत्र मोहम्मद अब्दुल्ला आजम खान के किशोर होने के दावे का निर्धारण करने को कहा। वर्ष 2008 के आपराधिक मामले में अब्दुल्ला आजम खान को दोषी ठहराया गया था और उसके बाद उन्हें विधायक पद के लिए अयोग्य ठहराया गया था। न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश की पीठ ने जिला न्यायाधीश को खान के दावे की जांच करने और किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल एवं संरक्षण) कानून के तहत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार निष्कर्ष देने का निर्देश दिया। उच्चतम न्यायालय जिला न्यायाधीश से रिपोर्ट मिलने के बाद मामले की सुनवाई करेगा। खान ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 13 अप्रैल के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था।

## खालिस्तानी गुटों की रंजिश में हुई निज्जर की हत्या

**राकेश कुमार सिंह।** नई दिल्ली

**कनाडा में** खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की जून में हुई हत्या के बाद नई दिल्ली और ओटावा के बीच राजनयिक विवाद बढ़ गया है। जबकि यह पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान द्वारा संरक्षित खालिस्तानी गुटों और पाकिस्तानी सेना व आईएसआई सिंडिकेट द्वारा समर्थित खालिस्तानी गुटों के बीच आंतरिक युद्ध का परिणाम था।

कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के कैबिनेट सहयोगी व विदेश मंत्री मेलानी जोली ने पाकिस्तानी सेना-आईएसआई गठबंधन और राजनीतिक नेताओं के साथ कई बार बातचीत की है। खालिस्तान समर्थक दृष्टिकोण और भारत विरोधी रुख को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जोली और ट्रूडो के बीच घनिष्ठ संबंध हैं। खालिस्तानी आंदोलन पर नजर रखने वाले विशेषज्ञों ने बताया कि इस साल अप्रैल में पीएम ट्रूडो पत्नी से तलाक लेने के बाद जोली पर अधिक भरोसा



हरदीप सिंह निज्जर की फाइल फोटो

करने लगे हैं, जिसके परिणाम स्वरूप निज्जर की हत्या पर उनका भारत के खिलाफ गुस्सा अधिक बढ़ गया। वर्ष 2018 में कनाडा की खुफिया एजेंसी ने एक रिपोर्ट में बढ़ते खालिस्तानी उग्रवाद को लेकर स्थानीय सरकार को चेतावनी दी थी।

हालांकि, सरकार ने वर्ष 2019 के बाद से खालिस्तानी आतंकी गतिविधियों की निगरानी बंद कर दी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी राजनीतिक उथल पुथल और सेना-आईएसआई के टकराव की पृष्ठभूमि में जोली मित्रता बढ़ती गई। आतंकवाद-विरोधी व भू-राजनीतिक विश्लेषक डॉ. ऋतुराज माटे ने पायनियर को बताया, इस अवधि के दौरान, पाकिस्तान की कुख्यात जासूसी एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) ने कनाडा में अपने खालिस्तानी एजेंडे को इस हद तक मजबूत किया कि सिख चरमपंथियों द्वारा गुरुद्वारा समिति की बैठकों में उसके कार्यकर्ताओं को खुले तौर पर आमंत्रित किया जाने लगा। इसके साथ ही, खालिस्तानियों के प्रति कनाडाई सरकार का दृष्टिकोण वर्ष 2019 के बाद से नरम होता गया। पाकिस्तान द्वारा समर्थित आतंकवादी समूहों को पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान के प्रति वफादारी के आधार पर इस्लामाबाद में तानाशाही शासन के दौरान भारत और अन्य जगहों पर सेना-आईएसआई सिंडिकेट से धन मिलता है। डॉ. माटे ने कहा, जब कोई राजनीतिक दल सत्ता में होता है, तो खालिस्तानी सहित आतंकवादी समूहों को सत्ताधारी पार्टी से धन समर्थन मिलता है।

## भाजपा सरकार ने अब तक नौ लाख से अधिक नौकरियां दी: जितेंद्र सिंह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को कहा कि 2014 के बाद से राजग की सरकार ने केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में नौ लाख से अधिक लोगों की भर्तियां की हैं, जबकि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की पूर्ववर्ती सरकार के पहले नौ वर्ष के दौरान छह लाख लोगों को रोजगार दिया गया था। सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में यहां आयोजित रोजगार मेले को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले नौ साल में न केवल नौकरियां पैदा हुई हैं बल्कि प्रधानमंत्री ने युवाओं में इस बात को लेकर जागरूकता भी पैदा की है कि रोजगार का मतलब केवल सरकारी नौकरियां नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि इसी लिए स्टार्ट-अप की संख्या लगभग 350-400 से बढ़कर 1.25 लाख हो गई है। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, आपने (प्रधानमंत्री ने) अंतरिक्ष क्षेत्र को भी खोल दिया है और (इस क्षेत्र में) स्टार्ट अप की संख्या चार से बढ़कर 150 हो गई है। विशेष रूप से, चंद्रयान -3 की सफलता के बाद अंतरिक्ष क्षेत्र में युवाओं के बीच जबरदस्त रुचि देखी गई है। सिंह ने कहा कि राजग के कार्यकाल में रोजगार और पदोन्नति में काफी बढ़ोतरी हुई है। मंत्री ने कहा, संप्रग की सरकार के पहले नौ वर्ष में मुश्किल से छह लाख सरकारी नौकरियां पैदा हुईं। आपके (प्रधानमंत्री मोदी के) कार्यकाल में नौ लाख से अधिक पदों पर भर्तियां की गई हैं। संप्रग के शासन में कुछ लोग उसी पद से सेवानिवृत्त हो जाते थे, जिस पद पर उनकी भर्ती हुई थी, जिससे वे हतोत्साहित थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने बड़े पैमाने पर पदोन्नति की। रोजगार मेला मंगलवार को देशभर में 46 स्थानों पर आयोजित किया गया और प्रधानमंत्री मोदी ने पूरे भारत में लगभग 51,000 नियुक्ति पत्र वितरित किए।

## न्यायालय ने केंद्र के पास कॉलेजियम की 70 सिफारिशों के लंबित होने का मुद्दा उठाया

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को न्यायाधीशों की नियुक्ति में देरी पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि कॉलेजियम की 70 सिफारिशें बीते नवंबर से अब तक सरकार के पास अटकी हुई हैं और अटॉर्नी जनरल से इस मुद्दे को हल करने के लिए उनके कार्यालय का उपयोग करने को कहा। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ द्वारा मामला उठाए जाने के बाद अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए लंबित सिफारिशों पर निर्देश लेने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति कौल ने वेंकटरमणी को बताया, आज मैं चुप हूं क्योंकि अटॉर्नी जनरल ने बहुत कम समय मांगा है, अगली बार मैं चुप नहीं रहूंगा। इन मुद्दों का समाधान देखने के लिए अपने कार्यालय का उपयोग करें।

वेंकटरमणी के निर्देश के लिए एक हफ्ते का समय मांगने पर न्यायमूर्ति कौल ने कहा, मैंने बहुत कुछ कहने के बारे में सोचा था, लेकिन अटॉर्नी जनरल क्योंकि केवल सात दिन का समय मांग रहे हैं, इसलिए मैं खुद को रोक रहा हूं न्यायमूर्ति कौल ने कहा कि न्यायपालिका सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को लाने की कोशिश करती है लेकिन लंबित मामलों के कारण जिन वकीलों के नाम न्यायाधीश बनाने के लिए अनुशंसित किए गए थे, उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से अच्छे उम्मीदवार न्यायाधीश बनने के लिए अपनी सहमति वापस लेते हैं वह वास्तव में चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत नियमित अंतराल पर नियुक्ति प्रक्रिया की निगरानी करेगी। कॉलेजियम प्रणाली के माध्यम से न्यायाधीशों की नियुक्ति अतीत में उच्चतम न्यायालय और केंद्र के बीच टकराव की प्रमुख वजह बन गई है और इस तंत्र की विभिन्न क्षेत्रों से आलोचना हो रही है। पीठ ने कहा, पिछले सप्ताह तक 80 सिफारिशें लंबित थीं, जब 10 नामों को मंजूरी दी गई। अब, यह आंकड़ा 70 है, जिनमें से 26 सिफारिशें न्यायाधीशों के स्थानांतरण की हैं, सात सिफारिशें दोहराई गई हैं, नौ कॉलेजियम को वापस किए बिना लंबित हैं और एक मामला संवेदनशील उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति का है। न्यायालय ने कहा कि ए सभी सिफारिशें पिछले साल नवंबर से लंबित हैं। न्यायमूर्ति कौल ने कहा कि लंबित सिफारिशों पर कोई ठोस कार्वाई सात महीनों से नहीं हुई है और मामूली प्रक्रियागत कदम उठाने से यह काम हो जाते हैं। न्यायमूर्ति कौल ने कहा, हमने चीजों को आगे बढ़ाने और बारीकी से निगरानी करने का प्रयास किया है। मैंने अटॉर्नी जनरल से कहा है कि हर 10-12 दिन में यह मामला उठाया जाएगा, ताकि मेरे पद छोड़ने (25 दिसंबर) से पहले पर्याप्त काम हो जाए।

# सोने के घोड़े पर चढ़कर आए भारतीय सवार



● **भारत की घुड़सवारी टीम ने पहली बार ड्रेसेज टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता**

**भाषा।** हांगझोउ

**भारत को** ड्रेसेज टीम ने मंगलवार को यहां एशियाई खेलों में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता जो घुड़सवारी के इतिहास में देश का सिर्फ दूसरा स्वर्ण पदक है। सुदीप्ति हजेला, दिव्यकृति सिंह, विपुल हृदय छेडा और अनुश अग्रवाला की टीम उम्मीदों पर खरी उतरी। यह चौकड़ी चयन ट्रायल के दौरान भी अच्छा प्रदर्शन कर रही थी और इनके स्कोर पिछले एशियाई खेलों के पदक विजेतों से बेहतर या बराबर थे। भारत ने कुल 209.205 प्रतिशत अंक के साथ चीन (204.882 प्रतिशत अंक) और हांगकांग (204.852 प्रतिशत अंक) को पछाड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। खेल के इतिहास में यह पहला मौका है जब भारत ने ड्रेसेज स्पर्धा में टीम स्वर्ण पदक जीता। भारत ने कांस्य पदक के रूप में ड्रेसेज में पिछला पदक 1986 में जीता था। भारत ने घुड़सवारी में पिछला स्वर्ण पदक नई दिल्ली में 1982 में हुए एशियाई खेलों में जीता था। तब भारत ने इवेनटिंग और टेंट पेगिंग स्पर्धाओं में तीन स्वर्ण पदक जीते थे। रघुबीर सिंह ने 1982 में व्यक्तिगत इवेनटिंग में स्वर्ण पदक जीतने के बाद गुलाम मोहम्मद खान, बिशाल सिंह और मिल्खा सिंह के साथ मिलकर टीम स्वर्ण पदक भी जीता था। रूपिंदर सिंह बरार ने व्यक्तिगत टेंट पेगिंग में भारत को तीसरा स्वर्ण पदक दिलाया था। ड्रेसेज स्पर्धा में घोड़े और राइडर के प्रदर्शन को कई मूवमेंट पर परखा जाता है। प्रत्एक मूवमेंट पर 10 में से अंक (शून्य से 10 तक) मिलते हैं। प्रत्एक राइडर का कुल स्कोर होता है और वहां से प्रतिशत निकाला जाता है। सबसे अधिक प्रतिशत वाला राइडर अपने वर्ग का विजेता होता है। टीम वर्ग में शीर्ष तीन राइडर के स्कोर को टीम के स्कोर में शामिल किया जाता है। भारतीय टीम के स्कोर में एड्रेनेलिन फिरफोड पर सवार दिव्यकृति, विपुल(चेमक्सप्रो एमरेल्ड) और अनुश (एट्रो) के स्कोर शामिल थे। भारतीय टीम की सबसे युवा सदस्य 21 साल की सुदीप्ति ने कहा, यहां स्वर्ण पदक जीतना अविश्वसनीय है। हमारे में से किसी के लिए भी सफर आसान नहीं रहा। हम सभी काफी कप उम्र में यूरोप चले गए थे। हमने अपने परिवारों से दूर वर्षों तक कड़ी मेहनत की। हमने काफी बलिदान दिए।

## नेहा ठाकुर ने पाल नौकायन में चांदी व अली ने कांसे का चप्पू चलाया

**निंगबो (चीन)।** सत्रह साल की भारतीय सेलर (पाल नाविक) नेहा ठाकुर ने एशियाई खेलो में रजत पदक हासिल किया जबकि इबाद अली ने कांस्य पदक जीता जिससे भारत ने मंगलवार को यहां सेलिंग (पाल नौकायन) में दो पदक हासिल किए। नेहा ने एशियाई खेलो के तीसरे दिन लड़कियो की डिंगी आईएलसीए-4 स्पर्धा में दूसरा स्थान हासिल किया। सेलिंग में पुरूषो के विंडसर्फर आरएस एक्स वर्ग में 52 के नेट स्कोर के साथ कांस्य पदक हासिल किया। इस स्पर्धा का स्वर्ण कोरिया के वोनवू चो जबकि रजत थाईलैंड के नत्थाफोंग फोनोफैराट ने रजत पदक हासिल किया। अली को 14 रेस की स्पर्धा के दूसरे और तीसरे रेस को पूरा नही करने का खामियाजा भुगतना पड़ा। इससे उनके कुल 59 अंक में से सात अंक घटा दिए गए। वह रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ी से 23 अंक पीछे रहे। इससे पहले नेशनल सेलिंग स्कूल भोपाल की एक उभरती हुई खिलाड़ी नेहा का अभियान कुल 32 अंक के साथ खत्म हुआ। उनका नेट स्कोर हालांकि 27 अंक रहा जिससे वह थाईलैंड की स्वर्ण पदक विजेता नोपासोर्न खुनबूनजान के बाद दूसरे स्थान पर रही। इस स्पर्धा का कांस्य सिंगापुर की कीरा मैरी कार्लाइल के नाम रहा, जिनका नेट स्कोर 28 था। पाल नौकायन (सेलिंग) में खिलाड़ियों के सबसे खराब स्कोर को पूरे रेस के स्कोर से घटाकर नेट स्कोर का आकलन किया जाता है। सबसे कम नेट स्कोर वाला खिलाड़ी विजेता बनता है। लड़कियो की डिंगी आईएलसीए-4 कुल 11 रेस की स्पर्धा थी। इसमें नेहा ने कुल 32 अंक हासिल किए। इस दौरान पांचवे रेस में उनका प्रदर्शन सबसे खराब रहा। इस रेस में नेहा को पांच अंक मिले थे। कुल 32 अंक में से इस पांच अंक को घटाकर उसका नेट स्कोर 27 अंक रहा।








### भारत की स्क्वाश टीम स्पर्धा में जीत से शुरुआत



**हांगझोउ।** भारत की पुरुष और महिला स्क्वाश टीमों ने मंगलवार को यहां टीम स्पर्धा में आसान जीत के साथ एशियाई खेलों में अपने अभियान का शानदार आगाज किया। अनुभवी जोशना चिनप्पा, 15 साल की अनाहत सिंह, और तन्वी खन्ना की तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय महिला टीम ने पूल बी के अपने शुरुआती मैच में पाकिस्तान को 3-0 से मात दी, जबकि पुरुष टीम ने सिंगापुर को समान 3-0 के अंतर से हराया। महिला वर्ग में एशियाई खेलों में पदार्पण कर रही अनाहत ने शुरुआती मुकाबले में सादिया गुल को 16 मिनट में 11-6, 11-6, 11-3 से शिकस्त दी। एशियाई खेलों के छठे सत्र में खेल रही अनुभवी जोशना को नूर उल हुदा सादिया को 11-2, 11-5, 11-7 से हराने में महज 13 मिनट का समय लगा। तन्वी ने इसके बाद नूर उल ऐन इजाज को 11-3, 11-6, 11-2 से हराकर भारतीय प्रभुत्व कायम किया। पूल ए और पूल बी से दो-दो शीर्ष टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। पूल बी में भारत और पाकिस्तान के अलावा मलेशिया, चीन और नेपाल की टीमें हैं। पुरुष वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत ने अपने पहले मैच में सिंगापुर को 3-0 से हराया। चोट से वापसी कर रहे हरिंदर को शुरुआती मैच में सिंगापुर के जेरोम क्लेमेंट ने कड़ी टक्कर दी लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने 39 मिनट तक चले मैच को 11-4, 13-11, 8-11, 11-7 से जीता। जोशना की तरह ही अपने छठे एशियाई खेलों में भाग ले रहे शीर्ष भारतीय खिलाड़ी सौरव घोषाल ने सैमुअल कांग को 11-9, 11-1, 11-4 से जबकि अभय सिंह ने मार्कस फुआ को सीधे गेमों में 11-7, 11-7, 11-7 से हराया।

### नागल, अंकिता क्वार्टर फाइनल में, रामकुमार, रुतुजा हारे



**हांगझोउ।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल को दमदार सर्विस लगाने वाले बीबिट जुकायेव की चुनौती से पार पाने के लिए पसीना बहाना पड़ा जबकि अंकिता रैना ने आसानी से आदित्या पी करुणारत्ने को मात देकर मंगलवार को यहां एशियाई खेलों के क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। ये दोनों खिलाड़ी अगर क्वार्टर फाइनल मुकाबला जीतने में सफल रहे तो उनका पदक पक्का हो जाएगा। टेनिस में सेमीफाइनल हारने वाले खिलाड़ियों को कांस्य पदक मिलता है। पुरुष और महिला एकल के अन्य मैचों में क्रमश: रामकुमार रामनाथन और रुतुजा भोसले को हार का सामना करना पड़ा। कजाखस्तान के जुकायेव ने अपनी सर्विस से नागल को परेशान किया लेकिन भारत के शीर्ष पुरुष एकल खिलाड़ी ने बेहतर नियंत्रण दिखाते हुए तीसरे दौर के मैच में 7-6, 6-4 से जीत दर्ज की। देश की शीर्ष महिला खिलाड़ी अंकिता ने हांगकांग की आदित्या को एकतरफा मुकाबले में 6-1 6-2 से शिकस्त दी। नागल ने कोर्ट में अपने खेल की गति से काफी प्रभावित किया। जुकायेव ने नागल के खिलाफ ड्रॉप शॉट खेलने की रणनीति अपनाई लेकिन नागल ने गेंद तक पहुंच बनाकर विनर्स लगाए।

### पदक से चूकी दिव्यांश और रमिता की जोड़ी



**हांगझोउ।** भारत के दिव्यांश पंवार और रमिता जिंदल की जोड़ी एशियाई खेलो की दस मीटर एयर राइफल मिश्रित स्पर्धा में मामूली अंतर से कांस्य पदक से चूक गई। दक्षिण कोरिया ने कड़े मुकाबले के बाद कांस्य पदक जीता। पार्क हाजुन और ली यूंसियो की कोरियाई जोड़ी ने 20 . 18 से जीत दर्ज की। दस मीटर एयर राइफल टीम में रजत और व्यक्तिगत वर्ग मे कांस्य जीतने वाली रमिता ने बेहतर प्रदर्शन किया और चार बार 10 . 8 स्कोर किया। दिव्यांश एक ही बार 10 . 8 स्कोर कर सके और दो बार 9.9 तथा 9.8 स्कोर किया। दिव्यांश क्वालीफिकेशन दौर में छठे और रमिता आखिरी स्थान पर रही थी। दस मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत स्पर्धा मे आठ निशानेबाज फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हे लेकिन मिश्रित टीम में छह जोड़ियों ने क्वालीफाई किया। शीर्ष दो टीमों ने स्वर्ण पदक के लिए मुकाबला किया जबकि बाकी चार टीमों ने दो दो के समूह में दो कांस्य पदकों के लिए खेला। कोरिया ने एक कांस्य जीता ओर दूसरा कजाखस्तान की टीम को मिला जिसने ईरानी जोड़ी को हराया। दस मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा का स्वर्ण जीतने वाली पुरूष टीम के सदस्य रहे पंवार ने 314 . 3 स्कोर किया जबकि रमिता का स्कोर 313 . 9 रहा। भारतीय जोड़ी का कुल स्कोर 628 . 2 था। भारत और कोरिया का मुकाबला कांटे का रहा। एक समय भारतीय जोड़ी 9 . 3 से आगे थी लेकिन कोरिया ने शानदार वापसी करके जीत दर्ज की।

### विदित वेई से हारने के बावजूद संयुक्त दूसरे स्थान पर

**हांगझोउ।** भारत के तीसरी वरीयता प्राप्त ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती मंगलवार को यहां 19वें एशियाई खेलो में पुरुषो की व्यक्तिगत शतरंज स्पर्धा के सातवें दौर में चीन के शीर्ष वरीय वेई ई से हार गए। इस हार के बावजूद यह 28 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी सात दौर के बाद पांच अंक लेकर संयुक्त दूसरे स्थान पर है। वह वेई ई से आधा अंक पीछे हैं। गुजराती उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर है। एक अन्य भारतीय खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी ने सातवें दौर में इंडोनेशिया के नोवेंद्र प्रियास्मोरो को हराया। उनके 4.5 अंक हैं और वह तीन अन्य खिलाड़ियों के साथ तीसरे स्थान पर है। गुजराती ने इससे पहले पांचवें दौर में ईरान के परहम माघसौदलू को और छठे दौर में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव को हराया था। महिला वर्ग में कोनेरू हम्पी और डी हरिका ने सोमवार को प्रतियोगिता के दूसरे दिन खराब प्रदर्शन के बाद पांचवें दौर में जीत दर्ज की।

### एशियाई खेलों पदक तालिका

| देश- | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 53 | 29 | 13 | 95 |
| द.कोरिया | 14 | 16 | 19 | 49 |
| जापान | 8 | 20 | 19 | 47 |
| उज्बेकिस्तान | 5 | 6 | 11 | 22 |
| हांगकांग | 5 | 4 | 10 | 19 |
| भारत | 3 | 3 | 6 | 12 |
| इंडोनेशिया | 3 | 1 | 5 | 9 |

### 41 साल बाद स्वर्ण जीतने के इरादे से उतरेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

**हांगझोउ।** 41 साल से एशियाई खेलो मे स्वर्ण पदक के इंतजार को खत्म करने के इरादे से उतरी शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय महिला टीम बुधवार को सिंगापुर के खिलाफ अपने पहले मैच में शानदार जीत के साथ आगाज करना चाहेगी। विश्व रैंकिंग मे सातवे स्थान पर काबिज भारत एशियाई खेलो मे सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम है। गत चैम्पियन जापान की रैंकिंग दसवी है। भारत ने एशियाई खेलो मे 1982 मे महिला हॉकी शामिल किए जाने पर पहला स्वर्ण जीता था लेकिन उसके बाद से पीला तमगा नही जीत सकी है।

### भारतीय गोल्फ टीम की नजरें पदकों पर

**हांगझो।** भारत की सात सदस्यीय गोल्फ टीम बृहस्पतिवार से यहां एशियाई खेलो की गोल्फ स्पर्धा मे उतरेगी तो उसका इरादा हाल ही के अपने अच्छे प्रदर्शन को दोहराकर पदक जीतने का होगा। भारतीय टीम मे अनिर्बान लाहिड़ी, ओलंपियन अदिति अशोक, शुभंकर शर्मा, खालिन जोशी , एसएसपी चौरसिया, प्रणवी उर्स और अवनि प्रशांत जैसे अनुभवी खिलाड़ी है। लाहिड़ी और शर्मा को पुरूष वर्ग मे स्वतः प्रवेश मिला है जबकि अदिति ने महिला टीम मे सीधे जगह बनाई है।

### वुशु : सूर्य और सूरज क्वार्टर फाइनल में हारे

**हांगझोउ।** भारतीय वुशु खिलाड़ी सूर्य भानु प्रताप और सूरज यादव मंगलवार को यहां क्रमशः 60 किग्रा और 70 किग्रा के क्वार्टर फाइनल मे हारकर एशियाई खेलो से बाहर हो गए।सूर्य ने 2018 मे जकार्ता मे कांस्य पदक जीता था लेकिन कोरिया के किम मिनसू से 0-2 से हारने के कारण उनका एक और पदक जीतने का सपना पूरा नही हो पाया। इस भारतीय खिलाड़ी ने इससे पहले उज्बेकिस्तान के खायदारोव इस्लामबेक को 2-। से हराया था।

## भारतीय हॉकी टीम ने सिंगापुर को 16-1 से हराया



● **हरमनप्रीत सिंह और मनदीप सिंह की हैट्रिक**

**हांगझोउ।** कप्तान हरमनप्रीत सिंह और मनदीप सिंह की हैट्रिक के दम पर खिताब की प्रबल दावेदार भारतीय टीम ने एशियाई खेलों की पुरूष हॉकी स्पर्धा में मंगलवार को सिंगापुर को 16-1 से हराया। टूर्नामेंट के पहले मैच में भारत ने उजबेकिस्तान को 16-0 से मात दी थी। तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता दुनिया की तीसरे नंबर की टीम भारत के लिए यह एक बार फिर बेमेल मुकाबला था क्योंकि सिंगापुर विश्व रैंकिंग में 49वें स्थान पर है। भारत को अब पूल ए के अगले लीग मैच में 28 सितंबर को गत चैम्पियन जापान से खेलना है। भारत के लिए हरमनप्रीत ने चार (24वां, 39वां, 40वां, 42वां मिनट) , मनदीप ने तीन (12वां, 30वां और 51वां) , वरूण कुमार ने दो (55वें मिनट में), अभिषेक ने दो (51वां और 52वां) वी एस प्रसाद (23वां), गुरजंत सिंह (22वां) , ललित उपाध्याय (16वां), शमशेर सिंह (38वां) और मनप्रीत सिंह (37वां) ने गोल दागे। सिंगापुर के लिए एकमात्र गोल मोहम्मद जकी बिन जुल्करनैन ने 53वें मिनट में दागा। भारत ने धीमी शुरूआत की लेकिन गेंद पर नियंत्रण में बाजी मारी। पूरा खेल सिंगापुर के सर्कल में हुआ और भारतीय गोलकीपर एक बार फिर मूक दर्शक बने रहे। भारत को छठे मिनट में गोल करने का मौका मिला लेकिन सुखजीत सिंह के शॉट को सिंगापुर के गोलकीपर सैंद्रान गुगान ने बचा लिया। भारत को अगले ही मिनट पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन कप्तान हरमनप्रीत सिंह की फ्लिक बेकार गई। दो मिनट बाद मनदीप ने दूसरा पेनल्टी कॉर्नर बनाया लेकिन सिंगापुर के गोलकीपर ने शानदार बचाव किया। आखिरकार 12वे मिनट में गुरजंत के पास पर मनदीप ने गोल करके खाता खोला। पहले क्वार्टर के आखिरी दो मिनट में भारत को मिले दो पेनल्टी कॉर्नर बेकार गए। पहले क्वार्टर में भारत को पांच पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन एक पर भी गोल नहीं हो सका। भारत ने दूसरे क्वार्टर में बेहतर खेलते हुए दनादन पांच गोल मारे। दूसरे क्वार्टर की शुरूआत में ललित ने भारत की बढत दुगुनी कर दी। वहीं 21वें मिनट में गुरजंत ने तीसरा गोल किया जिन्हें मनदीप ने पास दिया था।

### तलवारबाजी : शानदार शुरूआत के बाद क्वार्टर फाइनल में हारी भवानी



**हांगझोउ।** भारत की स्टार तलवारबाज भवानी देवी ने एशियाई खेलो मे महिलाओ की साबरे स्पर्धा मे शानदार शुरूआत की लेकिन क्वार्टर फाइनल मे चीन की याकी शाओ से 7 . 15 से हार गई। एशियाई खेलो मे पहले पदक से एक जीत दूर रही ओलंपियन भवानी देवी ने क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में अच्छी शुरूआत की। उनकी चीनी प्रतिद्वंद्वी ने हालांकि तीन के मुकाबले सात टच के जरिए 8 . 3 की बढत बना ली। दूसरे चरण मे भवानी ने चार बार और उसे छुआ लेकिन वह नाकाफी था। नॉकआउट और मे 15 टच तक पहले पहुंचने वाला विजई होता है और शाओ ने दूसरे चरण मे आसानी से इस आंकड़े को छुआ। तलवारबाजी में सेमीफाइनल मे पहुंचने पर कांस्य पक्का हो जाता है लेकिन भवानी देवी की किस्मत खराब थी कि उनका सामना क्वार्टर फाइनल मे ही 2018 एशियाई खेलो की रजत पदक विजेता से हो गया। इससे पहले वह अपने पूल में शीर्ष पर रहकर प्री क्वार्टर फाइनल मे पहुंची थी। भवानी देवी ने अपने पांचों प्रतिद्वंद्वियों को मात देकर पूल में पहला स्थान हासिल किया।

### अयान और मयंक ई स्पोटर्स नॉकआउट में हारकर बाहर

**हांगझोउ।** भारत के ईस्पोटर्स खिलाड़ी अयान बिस्वास और मयंक प्रजापति एशियाई खेलो मे सोमवार को स्ट्रीट फाइटर नॉकआउट दौर मे हारकर बाहर हो गए। अयान को अंतिम 16 मे हांगकांग के एह मान हो ने हराया जबकि प्रजापति अंतिम 32 मे हार गए। अयान ने वियतनाम के एंगुएन कान हुंग चाउ को 2-0 से हराकर जीत के साथ आगाज किया लेकिन विनर्स (जीतने वालो के) ब्रेकेट के पहले दोर मे सउदी अरब के अलरेफल अब्दुलरहमान सलीम ए से।-2 से हार गए। इसके बाद उन्होंने लूजर्स (हारने वालो के) ब्रेकेट दूसरे दौर मे वियतनाम के एंगुएन को फिर 2 -0 से मात दी।

### जूडोः तुलिका मान कांस्य पदक के मुकाबले में हारी

**हांगझोउ।** भारत की तुलिका मान मंगलवार को यहां एशियाई खेलो की जूडो प्रतियोगिता के महिलाओ के 78 किग्रा से अधिक वर्ग के कांस्य पदक के प्ले ऑफ में मंगोलिया की अमाराइखान अदियासुरेन के खिलाफ हार के साथ पदक जीतने से चूक गईं। राष्ट्रमंडल खेल 2022 की रजत पदक विजेता दिल्ली की 25 साल की तुलिका को यहां शियाओशैन लिन्पु जिम्नेजियम में अदियासुरेन के खिलाफ इप्पोन से 0-10 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले तुलिका ने मकाऊ की किंग लैम लेई को इप्पोन से सिर्फ 15 सेकेंड में 10-0 से हराया था। क्वार्टर फाइनल में हालांकि भारतीय खिलाड़ी को जापान की वकाबा तोमिता के खिलाफ इप्पोन से 0-10 से शिकस्त झेलनी पड़ी।रेपेचेज दौर मे हालांकि चीनी ताइपे की जिया वेन साइ को

## भारत की चार गुणा 100 मीटर मेडले टीम फाइनल में पांचवें स्थान पर, रिकॉर्ड बनाया



**हांगझोउ।** भारत की चार गुणा 100 मीटर पुरुष मेडले रिले टीम ने दिन में दूसरी बार राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा लेकिन इसके बावजूद मंगलवार को यहां एशियाई खेलों में पांचवें स्थान पर रही। श्रीहरि नटराज, लिखित सेल्वराज, साजन प्रकाश और तनीश जॉर्ज मैथ्यू की चौकड़ी ने फाइनल में तीन मिनट 40.20 सेकेंड के समय के साथ सुबह के सत्र में शुरुआती दौर की हीट एक में बनाए तीन मिनट 40.84 सेकेंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया।चीन ने तीन मिनट 27.01 सेकेंड के एशियाई रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। कोरिया (तीन मिनट 32.05 सेकेंड) को रजत जबकि जापान (तीन मिनट 32.52 सेकेंड) को कांस्य पदक मिला।सुबह के सत्र में भारतीय चौकड़ी हीट एक में जापान के बाद दूसरे स्थान पर रही। उन्होंने नटराज, संदीप सेजवाल, प्रकाश और आरोन डिसूजा का तीन मिनट 44 . 94 सेकेंड का रिकॉर्ड तोड़ा जो उन्होंने जकार्ता में 2018 एशियाई खेलों में बनाया था। भारतीय टीम ने कुल चौथे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। भारत की शिवांगी शर्मा महिलाओं के 100 मीटर फ्रीस्टाइल वर्ग में 17वें स्थान पर रही और फाइनल में नहीं पहुंच सकी।

## भारत की नजरें आस्ट्रेलिया के खिलाफ क्लीन स्वीप करने पर

● **आखिरी वनडे आज**

**भाषा।** राजकोट

**कप्तान रोहित** शर्मा की नजरें यहां बुधवार को होने वाले तीसरे और आखिरी एक दिवसीय क्रिकेट मैच में जीत के साथ आस्ट्रेलिया का सूपड़ा साफ करके विश्व कप की तैयारियों को अंतिम रूप देने पर लगी होंगी।

भारत ने वनडे प्रारूप में कभी आस्ट्रेलिया का सफाया नहीं किया है। दोनों में से कोई भी टीम अपनी धरती पर या दूसरे की मेजबानी में यह श्रेय हासिल नहीं कर सकी है। शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय टीम ने कई प्रमुख खिलाड़ियों के बिना भी पिछले दोनों मैच जीते। टीम संयोजन में बदलाव करके यह सुनिश्चित किया गया कि सभी को मौका मिले। विश्व कप से पहले अब टीम लगातार चौथी वनडे जीत की दहलीज पर है। यह श्रृंखला 3-0 से जीतने पर उसे पांच बार की विश्व चैम्पियन आस्ट्रेलिया पर मनोवैज्ञानिक बढत मिल जाएगी। दोनों टीमें विश्व कप में अपने अभियान का आगाज आठ अक्टूबर को चेन्नई में एक दूसरे के खिलाफ ही करेंगी। दोनों टीमों ने पहले दो मैचों में टीम में काफी बदलाव किया लेकिन भारत का पलड़ा भारी रहा। आखिरी वनडे में भारत ने शुभमन गिल को आराम दिया है जिसने पहले दो मैचों में 74 और 104 रन बनाए। गिल ने इस साल वनडे प्रारूप में 72 . 35 की औसत से 1230 रन बनाए हैं। कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली की वापसी अपेक्षित है जबकि फॉर्म में चल रहे कुलदीप यादव और हार्दिक पंड्या भी पहले दो मैचों में विश्राम के बाद लौटेंगे। कुछ सप्ताह पहले टीम जब एशिया कप खेलने गई थी तब किसी ने सोचा भी नहीं था कि उसके सामने इस तरह से चयन की दुविधा होगी। ईशान किशन, सूर्यकुमार , शमी और मोहम्मद सिराज सभी मैच विनर साबित हुए हैं।







### गिल को विश्राम, पंड्या, शमी व ठाकुर घर लौटेः रोहित

**राजकोट।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मंगलवार को कहा कि बेहतरीन फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल सहित पांच खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय क्रिकेट मैच के लिए उपलब्ध नही रहेंगे, क्योंकि कुछ खिलाड़ी वायरल से पीड़ित है जबकि कुछ खिलाड़ियों ने घर लौटने का विकल्प चुना है। तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से आगे चल रहे भारत को इस तरह से अंतिम वनडे के लिए 13 खिलाड़ियों में से टीम का चयन करना होगा। गिल को जहां विश्राम दिया गया है वही एशिया कप के दौरान चोटिल होने वाले अक्षर पटेल राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में उपचार करा रहे है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो वनडे मे खेलने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और शार्दुल ठाकुर तथा श्रृंखला मे एक भी मैच नही खेलने वाले हार्दिक पंड्या अपने घर लौट गए है।

## मुक्केबाज सचिन और नरेंदर आगे बढ़े



**हांगझोउ।** भारतीय मुक्केबाज सचिन सिवाच (57 किग्रा) और नरेंदर बेरवाल (92 किग्रा से अधिक) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को यहां एशियाई खेलों में क्रमशः प्री क्वार्टर फाइनल और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।सचिन ने इंडोनेशिया के असरी उदिन पर 5-0 से जीत दर्ज की, जबकि नरेंदर ने किर्गिस्तान के एलचोरो उलू ओमाटबेक को पहले राउंड में ही नॉकआउट कर दिया।सचिन ने मुकाबले में शुरू से ही दबदबा बनाए रखा और अपने अच्छे फुटवर्क से इंडोनेशिया के खिलाड़ी के आक्रमण को नाकाम किया। मुकाबला आगे बढ़ने के साथ 2021 के विश्व युवा चैंपियन सचिन ने बेहतर खेल दिखाया और अपने प्रतिद्वंदी को आसानी से पराजित किया।अब उनका सामना कुवैत के तुर्की अबुकुतेलाह से होगा। नरेंदर ने अपने प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में एलचोरो पर शानदार जीत दर्ज की। उनका अगला मुकाबला ईरान के रमज़ानपुर डेलावर से होगा।

### वॉलीबॉलः पाक से 0-3 से हारा भारत, छठे स्थान पर रहा

**हांगझोउ।** भारतीय पुरूष वॉलीबॉल टीम मंगलवार को यहां चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ 0-3 की शिकस्त के साथ एशियाई खेलो में छठे स्थान पर रही। पाकिस्तान की टीम ने तीनों सेट मे दबदबा बनाया और भारत को सिर्फ एक घंटे 14 मिनट मे 25-21 25-20 25-23 से शिकस्त दी। भारतीय पुरूष टीम इससे पहले कंबोडिया को 3-0 और 2018 के रजत पदक विजेता दक्षिण कोरिया को 3-2 से हराकर अपने पूल में शीर्ष पर रही थी। भारत ने शीर्ष 12 के मुकाबले में 2018 के कांस्य पदक विजेता चीनी ताइपे को भी 3-0 से हराया था।

### बाबर ने भारत के पहले दौर से पूर्व कहा, हमने अच्छी तैयारी की है

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के अधिकतर सदस्य इससे पहले भारत में नहीं खेले हैं लेकिन कप्तान बाबर आजम ने मंगलवार को भरोसा जताते हुए कहा कि उनकी टीम ने पांच अक्टूबर से शुरू हो रहे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप के लिए अच्छी तैयारी की है। पाकिस्तान टीम के वीजा को सोमवार रात स्वीकृति मिल गई और टीम बुधवार को दुबई होते हुए हैदराबाद पहुंचेगी। इससे पहले सिर्फ मोहम्मद नवाज और आगा सलमान ही भारत में खेले हैं। बाबर चोट के कारण 2016 में टी20 विश्व कप के लिए भारत नहीं आ पाए थे। बाबर ने रवानगी से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, हालांकि हम इससे पहले भारत में नहीं खेले हैं, हम अधिक दबाव नहीं ले रहे।

### भारत की विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में विजई शुरुआत

**नई दिल्ली।** भारत ने अमेरिका के स्पोकेन में चल रही विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप की मिश्रित टीम स्पर्धा में कुक आईलैंड्स को 5-0 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। सात्विक और वैष्णवी खडकेकर की मिश्रित युगल जोड़ी ने कैयिन और तेरेपी को 21-6, 21-8 से हराकर भारत को शुरूआती बढ़त दिलाई। आयुष शेट्टी ने लड़कों के एकल मैच में डेनियल पर 21-6, 21-3 से प्रभावशाली जीत दर्ज की।

## शिव कुमार व अखिलेश अव्वल

**लखनऊ।** शिव कुमार ने लखनऊ जिला अंडर23 पुरुष व महिला, अंडर-16 एवं अंडर14 बालक व बालिका सलेक्शन ट्रायल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन के साथ 100 मीण्दौड़ में पहला स्थान हासिल किया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित चैंपियनशिप में पुरुष अंडर.23 वर्ग में अखिलेश सिंह 5000 मी दौड़ में अव्वल रहे। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित चैंपियनशिप में अंडर-16 आयु वर्ग में अभिराज सिंह व अग्रिमा भटनागर ने 100 मी. दौड़ में क्रमश बालक व बालिका वर्ग में अव्वल रहते हुए फर्राटा चैंपियन होने का गौरव हासिल किया।

### निशित एशियाई खेलों के जज बने



**लखनऊ।** राजा जय प्रताप सिंह पूर्व राज्य मंत्री एवं अध्यक्ष उप्र स्विमिंग एसोसिएशन ने बताया कि लखनऊ के एनआईएस और निवास निशित दीक्षित को चीन में आयोजित होने जा रहे 19वें एशियाई खेलों 2023 में डाइविंग जज के रूप में भाग लेने के लिए नामांकित किया गया है। निशित दीक्षित को 30 सितंबर से 4 अक्टूबर 2023 तक चीन में आयोजित होने वाले 19वें एशियाई खेलों में डाइविंग के तकनीकी अधिकारी के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है। निशित दीक्षित एनआईएस कोच और लखनऊ जिले के गोताखोरी के योग्य तकनीकी अधिकारी हैं। वह खेल विभाग उप्र का कर्मचारी है। और लखनऊ में तैनात हैं। रविन कपूर सचिव स्विमिंग एसोसिएशन ने यूपी को धन्यवाद दिया है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ ( फोन: 0522-4036600 ) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादकः शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।